CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 10°C

देहरादून, बुधवार 12 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 95 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**महाभारत सर्किट के विकास के लिए दो करोड़ का बजट स्वीकृत**
पेज 2




**सम्राट राणा ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक**
खेल टाइम्स



**बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट**
सम्पादकीय



**इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लास्ट में 12 की मौत, 36 लोग घायल**
पेज 12

# डा.उमर का दोस्त डा. सज्जाद गिरफ्तार

## करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंपी जांच, मृतक संख्या बढ़कर 12 हुई, दो महिलाएं भी शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार ब्लास्ट की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 12 हो गई। इनमें 2 महिलाएं हैं। 20 घायलों का इलाज जारी है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई-20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया।

पुलिस के मुताबिक कार में बैठे शख्स का नाम डा. मोहम्मद उमर नबी है। वह पुलवामा का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया था। उसके डीएनए टेस्ट के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसके माता-पिता और दो भाइयों को हिरासत में लिया है। पुलवामा से ही उमर के दोस्त डा. सज्जाद को भी हिरासत में लिया गया। उसकी एक दिन पहले ही शादी हुई है। इधर हरियाणा के फरीदाबाद से एक महिला डा. शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग जमात-उल-मोमीनात की हेड थी। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसकी चीफ है। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीमों ने ब्लास्ट वाली जगह से सबूत जुटाए हैं। यहां से कई सैंपल लिए गए हैं। ब्लास्ट के वाहनों के हिस्से कई मीटर दूर जाकर गिरे थे। ब्लास्ट की तीव्रता इतनी तेज थी कि धमाके वाली जगह से काफी दूर खड़ी एक कार के दोनों एयर बैग ऑटोमैटिक खुल गए थे।

### दिल्ली ब्लास्ट: डीएनए टेस्ट के लिए भाई और मां-बाप हिरासत में, फरीदाबाद से डा. शाहीन जैश महिला विंग की हेड गिरफ्तार



### सीसीटीवी में पुलवामा का डाक्टर कार चलाते दिखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार शाम लालकिला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास सफेद रंग की जिस हुंडई आई-20 कार में धमाका हुआ, उसका एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में काले रंग का मास्क पहने एक शख्स पार्किंग एरिया से कार लेकर निकलता दिखाई दिया।

### दिल्ली धमाके में यूपी के पांच लोगों की मौत

**लखनऊ।** बीते सोमवार का दिन दिल्ली के लिए एक काले दिन के रूप में याद किया जाएगा। लाल किला मेट्रो स्टेशन के नजदीक कार में हुए धमाके में 12 लोगों की मौत हुई, जिसमें से पांच लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इन पांच लोगों में दो अमरोहा जिले के अशोक, लोकेश, मेरठ के मोहसिन, श्रावस्ती के दिनेश और शामली के नोमान हैं। शामली के झिंझाना निवासी 22 वर्षीय नोमान अंसारी कस्बे में कास्मेटिक की दुकान करता था। सोमवार शाम वह अमन के साथ सामान खरीदने दिल्ली गया था। पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के बाद वहां से निकल रहे थे कि इस दौरान तेज धमाका हुआ, जिसमें नोमान की मौत हो गई, जबकि उसका भाई अमन गंभीर घायल हो गया।

## दिल्ली धमाके के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी



**थिम्फू।** भूटान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में हुई कार विस्फोट की घटना पर दुख व्यक्त किया और साथ ही ये भी कहा कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने दिल्ली विस्फोट की घटना को साजिश करार दिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे बीती रात जांच एजेंसियों के संपर्क में रहे और धमाके से जुड़ी जानकारी लेते रहे। सोमवार शाम दिल्ली में बम धमाका हुआ और पीएम मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार, मंगलवार सुबह भूटान पहुंचे। यहीं उन्होंने दिल्ली विस्फोट की घटना पर बयान दिया। पीएम मोदी ने थिम्फू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज मैं यहां बहुत भारी मन से आया हूं।

# 16 एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए सरकार

पटना/नई दिल्ली, वार्ता



- 154 सीटों के साथ एनडीए को बहुमत, महागठबंधन 83 सीटों पर सिमट रहा, पीके की जन सुराज बेअसर
- पिछले दो चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल, बिहार में एग्जिट पोल पूरी तरह भरोसेमंद नहीं रहे

**बिहार चुनाव** के एग्जिट पोल में एनडीए की बड़ी बढ़त के संकेत मिले हैं। 16 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन 83 सीटों पर सिमटता दिख रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं। पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है।

पिछले चुनाव में एनडीए को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार एनडीए को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 28 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है। राज्य में 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हुआ। पहले फेज में 121 सीटों पर 65 फीसदी वोटिंग हुई है। वहीं दूसरी फेज में रिकॉर्ड 68.5 फीसदी मतदान हुआ है। रिजल्ट 14 नवम्बर को आएगा। पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट -शेष पृष्ठ दो पर

### आजादी के बाद पहली बार 68.55% मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर बंपर वोटिंग हुई है। शाम पांच बजे तक ही मतदाताओं ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। मतदान खत्म होने के बाद 68.55 फीसदी वोटिंग हुई। आजादी के बाद पहली बार इतना मतदान हुआ है। गया के नक्सल प्रभावित इलाके में भी सफल मतदान संपन्न हुआ। एक समय यहां नक्सल दस्ते की सक्रियता इतनी थी कि वर्ष 2016 में डुमरी नाला ब्लास्ट में 10 कोबरा जवान शहीद हुए थे। लेकिन अब यह इलाका नक्सल मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर उल्लेखनीय मतदान हुआ।




To book online visit auto.mahindra.com.

**DEHRADUN PREMIER MOTORS**
DEHRADUN 9711614830 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

**DOON MIGHTY AUTOWHEELS PVT. LTD.**
DEHRADUN 9719355666

**MIGHTY MOTORS**
HARIDWAR 9711615062 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062

## संक्षिप्त समाचार

### महाभारत सर्किट के विकास को दो करोड़ का बजट स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने महाभारत सर्किट के अंतर्गत मेरठ जिला स्थित परीक्षितगढ़ के श्रृंगी ऋषि आश्रम के समेकित पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस परियोजना के लिए दो करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। श्रृंगी ऋषि आश्रम के संबंध में यह मान्यता है कि यहीं से कलियुग की शुरुआत हुई थी। महाभारत काल की कई प्रमुख घटनाएं इसी क्षेत्र से जुड़ी मानी जाती हैं। यह स्थल ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेरठ के इस प्राचीन स्थल पर ऋषि श्रृंगी और ऋषि शमीक की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो पर्यटकों में विशेष आकर्षण का केंद्र हैं।

### चीनी उत्पादन में दर्ज हो सकती है दो प्रतिशत की बढ़ोतरी

**लखनऊ।** गन्ने के रकबे में मामूली गिरावट के बावजूद उत्तर प्रदेश में चीनी उत्पादन लगभग स्थिर रहने की संभावना है। भारतीय चीनी मिल संघ के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 2025-26 में राज्य में चीनी उत्पादन में करीब दो प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक हालांकि यह वृद्धि यूपी को देश का शीर्ष उत्पादक राज्य बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं होगी, क्योंकि महाराष्ट्र में उत्पादन में भारी उछाल का अनुमान लगाया गया है। आईएसएमए ने देशभर में चीनी उत्पादन में 18-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 39 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जो पिछले साल की तुलना में जयादा है।

# लेसा में 5600 पद खत्म योगी से हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर समाप्त कर दिए पद

**लखनऊ।** लखनऊ की बिजली व्यवस्था को बचाने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी के केंद्रीय पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है।

समिति ने आरोप लगाया है कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर लेसा (लखनऊ इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई एडमिनिस्ट्रेशन) में 5606 पद समाप्त कर दिए गए हैं, जिससे सभी वर्गों के बिजली कर्मियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, लेसा में कुल 5606 पद खत्म किए गए हैं, जिनमें 3305 संविदा कर्मियों और 2301 नियमित कर्मचारियों के पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर यह कदम निजीकरण की तैयारी जैसा है, जो राजधानी की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह पटरी से उतार देगा। उन्होंने कहा कि इस आदेश का सबसे बड़ा असर संविदा कर्मियों पर पड़ा है। 15 मई 2017 के शासनादेश के अनुसार शहरी क्षेत्र के प्रत्येक विद्युत उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी होने चाहिए, जबकि लखनऊ में 154 उपकेंद्र हैं। इस आधार पर 5544 संविदा कर्मियों की आवश्यकता है, लेकिन नई व्यवस्था में यह संख्या घटाकर केवल 2239 कर दी गई है।

## शाह इस्तीफा देकर घर चले जाएं: राय

**लखनऊ।** दिल्ली के लाल किले के सामने हुए धमाके के बाद यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि वो तो कहते हैं कि कोई घुसपैठिया नहीं घुस रहा, तो ये घटनाएं कैसे हो रही हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में हमारे बच्चों की हत्या कर दी गई। वो देख रहे हैं कि क्या हो रहा है, फिर भी कहते रहते हैं कि वो सब ठीक कर देंगे। इससे पहले 2019 के चुनावों से ठीक पहले पुलवामा में घटना हुई थी, इस हमले की भी कोई जांच नहीं हुई। पूरा देश तनाव में है, कई निर्दोष लोग मारे गए हैं। अब इस घटना की जिम्मेदारी कौन लेगा? इसके लिए सीधे तौर पर अमित शाह जिम्मेदार हैं, उन्हें तुरंत इस्तीफा देकर घर जाना चाहिए। ये सीधे तौर पर सरकार की विफलता है।

# दिल्ली धमाकाः सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न

## लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना अति-दुखद : मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट की घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया है।

उन्होंने कहा कि यह घटना देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। मायावती ने इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार से घायलों के समुचित इलाज और पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद की मांग की है। मंगलवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मायावती ने पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर पार्टी के जनाधार के विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मायावती ने कहा कि इन राज्यों में गरीब, किसान और आम जनता की स्थिति चिताजनक है। भाजपा शासित प्रदेशों में लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जिससे साबित होता है कि सरकारें बदलने से भी जनता की स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीएसपी अपने सिद्धांतों और डा. भीमराव अंबेडकर के मिशन पर अडिग है और समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों और किसानों की आवाज उठाती रहेगी। मायावती ने बताया कि आगामी छह दिसम्बर को पार्टी डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। जो देशभर में समान रूप से मनाया जाएगा, ताकि समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को सशक्त किया जा सके। मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दें और संविधान की भावना के अनुरूप देश सेवा में समर्पित रहें।

### बम धमाके की घटना दुखदः फारूक

**श्रीनगर।** मीरवाइज उमर फारूक ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार बम विस्फोट पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मीरवाइज ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में हुए कार बम विस्फोट से दुखी हूं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।' शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। ईश्वर इस त्रासदी के सभी पीड़ितों को धैर्य प्रदान करें।

## बाराबंकी में परियोजनाओं के शिलान्यास पर बोले योगी

# वंदे मातरम के विरोधियों को पहचानें

**बाराबंकी, वार्ता**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाराबंकी के फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसापुरवा गांव पहुंचे। यहां सीएम योगी ने 1734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी।

सीएम ने कहा कि आज भी कुछ लोग हैं, जो रहेंगे हिंदुस्तान में, खाएंगे हिंदुस्तान में, लेकिन वंदे मातरमनहीं गाएंगे, हम उनकी मंशा को समझें। जो लोग वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से



पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, फिर जनसभा स्थल पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार काशी विश्वनाथ की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर बनाने का कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि जो लोग वंदे मातरम का विरोध करते हैं, वे भारत माता का विरोध कर रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए इस देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए. जो योजनाओं के लाभ लेने के लिए पहली लाइन में खड़े होते हैं, वही वंदे मातरम गाने से इन्कार करते हैं। हमें ऐसे चेहरों को पहचानने की जरूरत है। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सभी धर्मस्थलों के विकास के लिए कार्य कर रही है।

### पटेल ने रियासतों को एकसूत्र में बांधा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक ओर भारत की अखंडता के शिल्पकार सरदार पटेल की जयंती के 150 वर्ष पूरे हुए हैं, वहीं वंदे मातरम गीत की रचना के भी 150 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की एकता को अंग्रेजों ने तोड़ने की साजिश रची थी, लेकिन सरदार पटेल की सूझबूझ से देश की रियासतें एक धागे में बंध सकीं।

### राष्ट्रीय एकता के लिए एकजुट हों

सीएम ने कहा कि बाराबंकी के प्रगतिशील किसान इतिहास रच रहे हैं, औद्योगिक विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने केडी सिंह बाबू की हवेली को म्यूजियम के रूप में विकसित करने की जानकारी दी। सीएम योगी ने आगे कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए सबको अपने मनमुटाव छोड़कर एकजुट होना होगा, जब देश एक होगा, तभी विकास की गति और तीव्र होगी।

### जल पुरस्कार घोषित, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय में राष्ट्रीय जल पुरस्कार तथा जल संचयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2024 के पुरस्कारों की घोषणा की है। जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील ने इन पुरस्कारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में विजेताओं को एक समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगी। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि इस वर्ष, राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के साथ-साथ, जल संचय जन भागीदारी के विज. `ताओं को भी पुरस्कार प्रदान करेंगी। जल संचय के क्षेत्र में पुरस्कारों का पहला संस्करण है। मंत्रालय का मानना है कि पुरस्कार विजेताओं के प्रयास नागरिकों को जल संरक्षण और प्रबंधन में योगदान देने के लिए और प्रोत्साहित करेंगे।

# बिहार चुनाव में भाजपा हार की ओर : अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ दिल्ली धमाके की जांच सामने आनी चाहिए

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों से बात. चीत में अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है। उन्होंने बताया कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें। दिल्ली विस्फोट पर प्रतिक्रिया देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए।



**सेंसेक्स** 83535.35
**निफ्टी** 25574.35



**सोना रु.** 122494
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 150660
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ व्यापार समझौता जल्द होने के बयान से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में गिरावट में रहने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 335.97 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत उछलकर 25,694.95 अंक पर पहुंच गया। आईटी और ऑटो सेक्टरों में सबसे अधिक लिवाली देखी गई। धातु, एफएमसीजी और निजी बैंकों के समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। वित्तीय सेवाओं, सार्वजनिक बैंकों और रियलिटी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत और



अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद है। इससे शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई। हालांकि छोटी कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.58 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.21 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,203 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही उनमें 1,562 में गिरावट और 1,561 में तेजी रही। वहीं, 80 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयरों में तेजी और शेष छह में गिरावट रही। बीईएल का शेयर सबसे अधिक 2.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.40 फीसदी, अडानी पोर्ट्स का 2.11 प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.89 प्रतिशत चढ़ा।

इटरनल का शेयर 1.44 फीसदी, इंफोसिस का 1.06, भारती एयरटेल का 1.06 और सनफार्मा का 1.01 प्रतिशत मजबूत हुआ। एलएंडटी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, अल्ट्राटेक सीमेंट ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियाई बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.39 प्रतिशत टूट गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 0.18 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ।

यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.11 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.83 प्रतिशत की बढ़त में था।

### सोना 1.24 लाख प्रति 10 ग्राम , चांदी भी महंगी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त देखी गई । इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,688 रुपए बढ़कर 1,24,129 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी 3,117 रुपए बढ़कर 1,54,760 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है।

इस साल अब तक सोने की कीमत 47,967 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,24,129 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 68,743 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,54,760 रुपए प्रति किलो हो गई है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोने के दामों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। हालांकि शादियों का सीजन चालू हो चुका है इससे सोने को सपोर्ट मिलेगा। इससे आने वाले दिनों में इसकी कीमत फिर एक बार 1.25 लाख रुपए तक जा सकती है। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# अमेरिका में 15 प्रतिशत घटी भारतीय कपड़ों की मांग

■ भारत टेक्स ट्रेड के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर अगस्त में दो बार में उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के कारण जुलाई-सितम्बर की तिमाही में कपड़ों के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि पिछली तिमाही जुलाई-सितम्बर में अमेरिका को किया जाने वाला कपड़ा निर्यात 15 प्रतिशत घटा है। अक्टूबर-दिसम्बर तिमाही में इसमें और गिरावट की आशंका है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनवरी तक अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा और भारत की बाजार हिस्सेदारी पहले की तरह कायम रहेगी। यूरोपीय बाजार के बारे में श्री डोढ़िया ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता द्धएफटीएऋ पर बात चल रही है। यह समझौता होने के बाद भारतीय उत्पाद बांग्लादेश के उत्पादों से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इसके साथ ही बांग्लादेश में जारी राजनीतिक अशांति का लाभ भी भारत को मिलेगा और कुल मिलाकर 20 से 25 प्रतिशत मांग बांग्लादेश से भारत की तरफ स्थानांतरित होने की उम्मीद है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कपड़ों पर करों में कमी के बारे में उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग के लिए जीएसटी के दो पहलू हैं - एक है कपास और दूसरा मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ)।

### भारत मंडपम में होगा भारत टेक्स 2026 का आयोजन

**नई दिल्ली।** वैश्विक टेक्सटाइल प्रदर्शनी 'भारत टेक्स 2026' का आयोजन अगले साल जुलाई में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा। प्रदर्शनी के आयोजक भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन के को-चेयरमैन भद्रेश डोढ़िया ने बताया कि 'भारत टेक्स 2026 का आयोजन 14 से 17 जुलाई तक होगा। यह इसका तीसरा संस्करण होगा। उन्होने बताया कि इस आयोजन का सबसे बड़ा कार्यक्रम वैश्विक टेक्सटाइल परिचर्चा 2026 जिसमें अन्य लोगों के साथ उद्योग के शीर्ष अधिकारी, नीति निर्माता और सतत विकास के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**16 एग्जिट...**

पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एनडीए यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (राजद-जेडीयू-कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई। यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए। सर्वे में एनडीए को 145-160 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, महागठबंधन को 73-91 और अन्य को 5-10 सीटें मिलने का अनुमान है। इस पोल के मुताबिक, बीजेपी को 72-82 सीटें, जेडीयू को 59-68 सीटें, एलजेपी को 4-5 सीटें और हम 5-5 सीटें मिल सकती हैं। महागठबंधन में आरजेडी को 51-63, कांग्रेस को 12-15, सीपीआईएमएल को 6-9, वीआईपी को 0, सीपीआई को 2, सीपीएम को 1, आईआईपी को 0-1 सीटें मिलने का अनुमान है। चाणक्य के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए को 130-138 सीटें दी गई हैं। महागठबंधन को 100 से 108 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। अन्य को 3 से 5 सीटें मिल सकती हैं। पीपुल पल्स के एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए की सरकार बनती नजर आ रही है। यहां इसे 133 से 159 सीटें मिलती दिख रही हैं। महागठबंधन 75-101 सीटों पर सिमटता नजर आ रहा है। अन्य को 2 से 13 सीटें मिल सकती हैं। बिहार में एग्जिट-पोल्स पूरी तरह भरोसेमंद कभी नहीं रहे। सीटों को लेकर हर बार इनका गणित बिगड़ा है। हालांकि कुछ एग्जिट पोल में वोट प्रतिशत अनुमान करीब रहा है, लेकिन कितनी सीटें किस गठबंधन को मिलेंगी, ये बताने में नाकाम रहे। बिहार से बाहर काम करने वाले लाखों प्रवासी वोट देने के बाद लौटने की जल्दबाजी में होते हैं। ऐसे में उन्हें एग्जिट पोल सैंपल में शामिल करना मुश्किल होता है। बिहार में जातीय समीकरण जटिल है और एग्जिट पोल्र्स अक्सर छोटे सैंपल साइज के कारण निचली जातियों के शिफ्ट को मिस कर देते हैं।

### पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने को जानवरों से भूटान की यात्रा की थी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भूटान दौरे से प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 1958 की वह ऐतिहासिक यात्रा फिर केन्द्र बिन्दु में आ गई है जब पंडित नेहरू ने दोस्ती मजबूत करने के लिए जानवरों से भूटान की यात्रा की थी ।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 67 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की भूटान यात्रा की याद दिलाते हुए कहा कि उनकी पांच दिन तक चली 50 किलोमीटर की भूटान यात्रा अत्यंत चुनौतीपूर्ण थी। यही यात्रा भारत और भूटान के बीच विशेष राजनयिक संबंधों की आधारशिला बनी।

# यूपी एससीआर में बनेगा नैमिष धाम विशेष कॉरिडोर

■ सड़क व जलमार्ग से जुड़ेगा चंद्रिका देवी मंदिर

**लखनऊ।** यूपी की राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना के तहत एक बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। अब नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक विशेष कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर दोनों प्रमुख तीर्थ स्थलों को सड़क और जलमार्ग से जोड़ेगा।

इससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में आसानी होगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से दी गई है। गौरतलब है कि नैमिष धाम सीतापुर जिले में स्थित है। यह हिंदू धर्म में बहुत पवित्र स्थान माना जाता है। यहां भगवान विष्णु का प्राचीन मंदिर है और वेदों की रचना यहीं हुई थी। हर साल लाखों यात्री यहां आते हैं। दूसरी ओर चंद्रिका देवी मंदिर लखनऊ शहर में है। यह मां दुर्गा का प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। दोनों जगहों की दूरी करीब 100 किलोमीटर है। अभी तक नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक सड़क से जाना पड़ता है। ट्रैफिक और खराब रास्ते की वजह से मुश्किल होता है। इस कॉरिडोर की योजना बनाने के लिए सरकार ने एक कंसल्टेंट नियुक्त किया था। कंसल्टेंट ने विस्तृत प्लान तैयार किया, जिसमें सड़क और जलमार्ग दोनों को शामिल किया गया। सड़क मार्ग को चौड़ा और मजबूत बनाया जाएगा, हाईवे की तरह सुविधाएं होंगी, जैसे टोल फ्री रोड, सर्विस सेंटर और सुरक्षा व्यवस्था। जलमार्ग के लिए गोमती नदी का उपयोग होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राज्य राजधानी क्षेत्र को लेकर अलग-अलग प्रस्ताव कंसलटेंट दे रहे हैं, जिसमें यह भी एक बड़ा प्रस्ताव है। अब जल्द ही नैमिष धाम से चंद्रिका देवी मंदिर तक एक कॉरिडोर बनाने का काम शुरू हो जाएगा। यह कॉरिडोर लखनऊ को आसपास के जिलों से जोड़ेगा। इससे न सिर्फ धार्मिक महत्व बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक विकास भी होगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। पर्यटक ज्यादा आएंगे, तो व्यापार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरानअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK



# हड़ताल पर उपनल कर्मी, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के उपनल कर्मचारियों ने मंगलवार को भी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। परेड ग्राउंड में जमे हड़ताली कर्मियों ने देर रात तक धरना दिया और सड़क पर ही रात गुजारी। कर्मचारी सरकार से 'समान कार्य के लिए समान वेतन' और 'नियमितीकरण की चरणबद्ध योजना' लागू करने की मांग कर रहे हैं।

उपनल कर्मचारियों का कहना है कि इस बार आश्वासन नहीं, निर्णय चाहिए। उत्तराखंड उपनल महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप चौहान ने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सात साल बीत गए लेकिन सरकार ने अब तक अदालत के आदेशों का सम्मान नहीं किया। उन्होने कहा, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों ने स्पष्ट कहा है कि समान काम के लिए समान वेतन मिलना चाहिए, मगर सरकार अपनी हठधर्मिता से पीछे नहीं हट रही। अबकी बार यह लड़ाई निर्णायक होगी। कहा कि उपनल कर्मचारी अपने हकों की लडाई के लिए सडकों पर उतरे है।



### अस्पतालों में टूटी व्यवस्थाएं, मरीज बेहाल

उपनल कर्मचारियों की हड़ताल से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। दून अस्पताल में सोमवार को ओपीडी और इमरजेंसी दोनों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सोमवार को 1776 लोगों ने ओपीडी में पंजीकरण कराया, लेकिन बिलिंग व कार्ड बनाने की प्रक्रिया धीमी होने से लंबी-लंबी लाइनें लग गईं। अस्पताल उपनल कर्मियों के कंधों पर टिका है और आज सभी कर्मचारी हड़ताल पर हैं, जिससे व्यवस्थाएं बिगड़ गई हैं। दून अस्पताल में 110 सफाई कर्मी उपनल से लगे हैं, सब हड़ताल पर हैं।

### राज्य रजत जयंती मना रही सरकार, कर्मचारी सड़कों पर

उत्तराखंड उपनल महासंघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप चौहान ने कहा कि यह राज्य के लिए शर्मनाक स्थिति है कि सरकार रजत जयंती मना रही है और वहीं राज्य को चलाने वाले उपनल कर्मचारी सड़कों पर हैं। उन्होंने बताया कि हर विभाग में 20 से 30 प्रतिशत कर्मचारी उपनल से हैं, कुछ जगहों पर तो सरकारी कर्मचारियों से भी ज्यादा उपनल कर्मी हैं।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने अब भी आंखें नहीं खोलीं, तो यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है।

### रातभर सड़कों पर, हाथों में तख्तियां, दिलों में रोष

धरना स्थल पर कर्मचारी समान कार्य-समान वेतन और नियमितीकरण हमारा अधिकार जैसे नारे लगाते रहे। सर्द हवा और रात की ठंडक के बीच भी उनका जोश कम नहीं हुआ। कई कर्मचारियों ने सड़क पर ही चादर ओढ़कर रात बिताई। धरना स्थल पर भावुक माहौल देखने को मिला, कई कर्मचारियों ने कहा कि उन्होंने दो दशक राज्य को दिए हैं, लेकिन आज भी अस्थाई और असमान वेतन पर काम करने को मजबूर हैं।

■ दूसरे दिन भी परेड ग्राउंड में डेरा डाले रहे हड़ताली कर्मी, रातभर धरने पर डटे रहे कर्मचारी, सड़क पर किया भोजन

### उपनल कर्मचारियों के धरने में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धस्माना

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने धरना स्थल पहुंच कर कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए राज्य की भाजपा सरकार को चाहिए कि वो सबसे पहले उपनल कर्मचारियों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन का शासनादेश जारी करे और साथ ही कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए एक चरणबद्ध योजना की घोषणा, जिसमें वरिष्ठता के आधार पर कर्मचारियों को नियमित किया जाए।

धस्माना ने कहा कि राज्य सरकार के मुखिया धामी ने अनेकों बार उपनल कर्मचारियों की मांगें को मानने का आश्वासन सार्वजनिक रूप से दिया, मगर आज तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई और अब पानी सर से ऊपर गुजर रहा ऐसे में उपनल कर्मचारियों की हड़ताल को कांग्रेस पार्टी पूर्ण समर्थन देगी और जो भी रणनीति उपनल संगठन तय करेगा कांग्रेस पार्टी कंधे से कंधा मिला कर कर्मचारियों का साथ देगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन धस्माना ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार उपनल कर्मचारियों की मांगें पर अमल नहीं करती तो कांग्रेस पार्टी सरकार आने पर कोर्ट के आदेशों का पालन करेगी।

इस अवसर पर कांग्रेस की राष्ट्रित प्रवक्ता सुजाता पॉल, प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष मदन लाल, कांग्रेस नेता रघुबीर सिंह बिष्ट ने भी उपनल कर्मचारियों को समर्थन व्यक्त किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर में खुला गुब्बारा क्लीनिक



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्से**

**देहरादून।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर में मंगलवार को टाईप 1 डायबिटीज क्लीनिक अथवा गुबारा क्लीनिक का शुभारम्भ चिकित्सा अधीक्षक डॉ पीएस रावत ने किया। गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित इस क्लीनिक के माध्यम से डायबिटीज टाईप 1 से ग्रसित बच्चों को स्क्रीनिंग एवं उपचार सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

गुबारा क्लीनिक का उद्देश्य टाईप 1 डायबिटीज से ग्रसित बच्चों को उपचार के साथ-साथ हर शुक्रवार को मधुमेह की नियमित जांच के साथ-साथ उन्हें एक माह के लिए घर में उपयोग के लिए ग्लूकोमीटर, ग्लूकोस्ट्रिप व लेंसेट, इंसुलीन की किट एवं लॉगबुक उपलब्ध करायी जाती है।

इस दौरान डॉ पीएस रावत ने टाइप 1 डायबिटीज के मरीजों की जांच की। साथ ही उचित देखभाल के साथ-साथ इंसुलिन आधारित उपचार, स्वयं ग्लूकोज को मापने के बारे में जानकारी, निगरानी, जोखिमों तथा खान-पान से संबंधित जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायपुर में प्रत्येक मंगलवार को टाइप 1 डायबिटीज से संबंधित जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला सलाहकार अर्चना उनियाल, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक उमेश सिरसवाल, नर्सिंग स्टाफ शिप्रा एवं चंद्रकला आदि उपस्थित रहे।

■ डायबिटीज टाइप 1 से ग्रसित बच्चों को स्क्रीनिंग एवं उपचार सेवाएं मिलेंगी

# परिसंपत्तियों के क्रय- विक्रय का वर्चुअल रजिस्ट्रेशन होने से व्यवस्था मेंआएगी पारदर्शिता : सीएस

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में परिसंपत्तियों यथा भूमि के क्रय - विक्रय का वर्चुअल रजिस्ट्रेशन करने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

■ कहा - समय की बचत होगी और परिसंपत्ति के क्रय-विक्रय से जुड़े विवाद थमेंगे



मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों से वर्चुअल रजिस्ट्रेशन के कार्यों की प्रगति का स्टेटस लेते हुए निर्धारित टाइमलाइन में इसका क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि भूमि के क्रय - विक्रय का वर्चुअल रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों से समन्वय स्थापित किया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित एप्लीकेशन /पोर्टल में इस तरह का प्रावधान किया जाए कि भूमि के क्रय - विक्रय से संबंधित जितने भी दस्तावेज विभिन्न हित धारकों, विभागों, निकायों और एजेंसियों के बीच शेयर करने होते हैं वे सभी दस्तावेज ऑटो मोड पर और पेपरलेस प्रक्रिया से त्वरित गति से शेयर हो जाए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तैयार होने से भूमि के क्रय-विक्रय में पारदर्शिता आएगी, विभिन्न विभागों, निकायों, एजेंसियों और हितधारकों के मध्य भूमि का एक जैसा और सही रिकॉर्ड साझा हो सकेगा तथा इससे भूमि के क्रय-विक्रय से जुड़े विवादों में भी कमी आएगी। इस दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि संबंधित एप्लीकेशन बन चुकी है तथा इस संबंध में आज प्राप्त हुए मार्गदर्शन के अनुसार इसका थोड़ा मॉडिफिकेशन किया जाएगा। उसके बाद इसके इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए टेंडरिंग प्रोसेस प्रारंभ की जाएगी। अवगत कराया कि इस एप्लीकेशन /पोर्टल में भूमि के क्रय - विक्रय के संबंध में तीन तरह के विकल्प उपलब्ध रहेंगे।

पहले विकल्प के तहत भौतिक रूप से दस्तावेज सहित रजिस्ट्रेशन के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना होगा। दूसरे विकल्प के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कार्यालय में बिना किसी दस्तावेज के (पेपरलेस) उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। तीसरे विकल्प के अंतर्गत बिना किसी मीडिएटर के वर्चुअल (ऑनलाइन) माध्यम से भूमि की रजिस्ट्री की जा सकेगी। कहा कि इस परियोजना को 1 अप्रैल 2026 से पूरे राज्य में लागू करने के प्रयास किए जाएंगे।

इस दौरान बैठक में सचिव दिलीप जावलकर, अपर सचिव सोनिका व आलोक कुमार पांडेय, सहायक महानिरीक्षक निबंधक अतुल शर्मा, उपसचिव सुनील सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम से माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले 16 वर्षीय सचिन कुमार ने की मुलाकात

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में मंगलवार को मई 2025 में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले 16 वर्षीय बालक सचिन कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सचिन कुमार को उनके इस अद्भुत और साहसिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इतनी कम उम्र में एवरेस्ट जैसी विश्व की सबसे ऊँची चोटी को फतह करना साहस, दृढ़ निश्चय और परिश्रम का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सचिन कुमार ने न केवल अपने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा स्थापित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भूमि वीरता और पराक्रम की भूमि है, और प्रदेश के युवा लगातार विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम ऊँचा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेल, साहसिक गतिविधियों और पर्वतारोहण के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएँ चला रही है।

# जनता मिलन कार्यक्रम : सीएम ने सुनी जनसमस्याएं

■ अधिकारियों को फीडबैक व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश, राज्य रजत जयंती वर्ष उत्सव के बाद मुख्यमंत्री ने तेज किया जनसंवाद



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य रजत जयंती वर्ष उत्सव आयोजन के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसंवाद तेज कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही नियमित फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस अवसर को हमें प्रशासन को जनता के और करीब ले जाने के रूप में इस्तेमाल करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जन समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण करना है। इसके लिए प्रत्येक विभाग को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए जन अपेक्षाओं के अनुरूप सक्रिय और संवेदनशील व्यवहार अपनाना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए और शिकायत निवारण की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी व तकनीकी माध्यमों से सुलभ बनाया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की रजत जयंती वर्ष जनभागीदारी और संवाद का अवसर है। इस दौरान जनता से प्राप्त सुझावों और मांगों को नीति निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि राज्य के हर नागरिक को विकास योजनाओं का सीधा लाभ जनता को जल्दी मिले। उन्होंने जनता से भी राज्यहित में रचनात्मक सुझाव देने और जनसेवा के प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्रत्येक नीति और निर्णय का मूल उद्देश्य जनता का हित और प्रदेश का समग्र विकास है।

## ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियन रही रक्षते मार्शल आर्ट अकादमी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** इंडियन गोजू रयु स्पॉर्ट्स कराटे डू एसोसिएशन की और से संपन्न हुई नेशनल चौंपियनशिप 2025 में रक्षते मार्शल आर्ट अकादमी विकासनगर ने काटा कुमिते में भाग लिया और स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक अपने नाम किए।

चौंपियनशिप में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यो से देश के 200 से अधिक कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। रक्षते मार्शल आर्ट अकादमी के कराटे खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य पदक जीतते हुए कुल 22 पदक के साथ चौंपियनशिप अपने नाम की।

जितने वाले खिलाड़ियों में काता और कुमिते बालक/बालिका वर्ग में आरित सिंग रजत और कांस्य, दिव्यांश पुंडीर कांस्य और स्वर्ण, अंशुमन कांस्य और स्वर्ण, लक्ष्य कश्यप स्वर्ण और स्वर्ण, कान्हा कश्यप कांस्य और रजत, रोहित कश्यप स्वर्ण और रजत, मनस्यु थापा स्वर्ण और रजत, प्रत्यूष गुप्ता रजत और स्वर्ण, कनिष्क चौहान कांस्य और रजत, वैभवी चौहान रजत और रजत, प्रियल थापा स्वर्ण और स्वर्ण शामिल थे।

# सेब काश्तकारों के लंबित भुगतान करें शीघ्र: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को गढ़ी कैंट स्थित सर्किट हाउस के औद्यानिक परिषद सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कृषि एवं उद्यान विभाग के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।



बैठक में मंत्री जोशी ने कहा कि मिशन एप्पल और सेब की अति सघन बागवानी योजना के अंतर्गत किसानों के लंबित भुगतान शीघ्र किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित किसानों का दो दिन के भीतर भौतिक सत्यापन कर लंबित भुगतान की कार्यवाही पूरी की जाए। साथ ही उन्होंने आपदा प्रभावित जनपद उत्तरकाशी के ए ग्रेड और बी ग्रेड के सेब काश्तकारों का भुगतान भी शीघ्र करने को कहा।

मंत्री जोशी ने पॉलीहाउस निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में इस विषय पर भी चर्चा हुई कि पॉलीहाउस निर्माण का कार्य एजेंसी की बजाय किसानों द्वारा स्वयं कराए जाने और सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी दिए जाने की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने राज्य के सभी जिलों में स्थित राजकीय उद्यानों और पौधशालाओं में 415 माली के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही जायका परियोजना के कार्यों में भी तेजी लाने को कहा। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को ड्रैगन फ्रूट नीति, कीवी और मिलेट नीति का ब्लॉक स्तर तक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि चौबटिया गार्डन सहित प्रदेश के 93 राजकीय उद्यानों को रिवाइब किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हॉर्टी टूरिज्म और फ्लोरीकल्चर की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के भी सख्त निर्देश दिए।

■ कृषि मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ कृषि एवं उद्यान विभाग के लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में की बैठक

बैठक में महानिदेशक कृषि वंदना सिंह, अपर सचिव कृषि आनंद श्रीवास्तव, निदेशक कृषि परमाराम, संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार, अपर निदेशक उद्यान रतन कुमार, बागवानी मिशन के निदेशक महेन्द्र पाल सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की चार जिलों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने मंगलवार को सचिवालय में वीडियो कॉफ्रेंस में माध्यम से देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों, बीएलए की नियुक्ति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों को एसआईआर की तैयारियों के दृष्टिगत 2003 की वोटर लिस्ट में शामिल मतदाताओं का वर्तमान मतदाता सूची में शत प्रतिशत मिलान हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो मतदाता वर्तमान में दूसरे स्थानों पर शिफ्ट हो गए हैं उनसे बीएलओ व्यग्तिगत रुप से संपर्क कर उनकी निर्धारित कैटेगरी में मैपिंग करें। उन्होंने कहा कि इस पूरी तैयारी का उद्देश्य यह है कि मतदाताओं को एसआईआर के समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स की शत प्रतिशत नियुक्ति हेतु राजनैतिक दलों से पुन: बैठक कर दी जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मताताओं की सुविधा हेतु ईसीआई-नेट ऐप पर "बुक अ कॉल बिद बीएलओ" की सुविधा दी गई है,जिसके जरिए मतदाता अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक कर सकते हैं।

# बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पहली सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में पहली बार बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक अध्ययन किया गया है। राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, बाल एवं किशोर मनोरोग विभाग तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य, रोग-गणना विज्ञान विभाग, निमहांस (राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान), बेंगलुरु के सहयोग से गवर्नमेंट डून मेडिकल कॉलेज, देहरादून द्वारा यह सर्वेक्षण पूरा किया गया। इस रिपोर्ट का विमोचन 11 नवम्बर को चिकित्सा स्वास्थ्य निदेशालय, देहरादून में किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तथा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में राज्य सरकार मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर. राजेश कुमार के निर्देशन में राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण, उत्तराखंड द्वारा बच्चों और किशोरों में मानसिक विकारों की वास्तविक स्थिति का सर्वेक्षण करवाया गया। इस अध्ययन का उद्देश्य राज्य में बच्चों की मानसिक स्थिति की सटीक जानकारी प्राप्त कर भविष्य की नीति निर्धारण में सहयोग देना था। विमोचन कार्यक्रम में निमहांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति मुख्य अतिथि रहीं। उनके साथ निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. शिखा जंगपांगी, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. रश्मि पंत, सलाहकार एसएचएसआरसी डॉ. तृप्ति बहुगुणा, निमहांस के विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप और डॉ. के. जॉन विजय सागर, तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ. मनोज शर्मा, मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के सदस्य ललित जोशी मौजूद रहे।

सभी विशेषज्ञों ने इस अध्ययन को राज्य की मानसिक स्वास्थ्य नीतियों के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया।

■ ऑटिज्म, बौद्धिक विकलांगता और मानसिक विकारों की स्थिति पर मिला ठोस प्रमाण, हर बच्चे को देखभाल, सहयोग और अवसर

### मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में कदम

निमहांस और उत्तराखंड सरकार पहले से ही "टेली-मानस" और "नमन" जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहे हैं। यह रिपोर्ट भविष्य में बनने वाली राज्य स्तरीय कार्ययोजना के लिए एक ठोस आधार बनेगी, ताकि प्रत्येक बच्चे को समय पर पहचान, परामर्श और उपचार मिल सके। निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. रश्मि पंत का मानना है कि यदि इस रिपोर्ट की अनुशंसाओं को नीति स्तर पर लागू किया गया, तो उत्तराखंड बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य बन सकता है। यह पहल राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है जिसके तहत "हर बच्चे को देखभाल, सहयोग और अवसर" सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

### देश का पहला सामुदायिक आधारित मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण

यह रिपोर्ट न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश में अपनी तरह का पहला सामुदायिक आधारित सर्वेक्षण है। इसमें 0 से 17 वर्ष के आयु वर्ग के 802 बच्चों और किशोरों को शामिल किया गया। अध्ययन देहरादून, पौड़ी, अल्मोड़ा और नैनीताल जिलों में किया गया, जिससे पहाड़ी और मैदानी दोनों भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व हुआ। रिपोर्ट में पाया गया कि बच्चों और किशोरों में ऑटिज्म, बौद्धिक विकलांगता और सामान्य मानसिक विकारों के मामलों में समय पर पहचान और उपचार की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। अध्ययन में यह भी सुझाव दिया गया कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों और विद्यालय स्वास्थ्य अभियानों में मानसिक स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग को शामिल किया जाए। साथ ही शिक्षकों और स्वास्थ्यकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य की पहचान और सहायता हेतु विशेष प्रशिक्षण देने की भी अनुशंसा की गई है।

# महिला विश्व कप विजेता क्रिकेटर स्नेह राणा ने की सीएम धामी से शिष्टाचार मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में महिला क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम की सदस्य एवं उत्तराखंड की गौरव, क्रिकेटर स्नेह राणा ने शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री धामी ने स्नेह राणा को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे देश और उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि स्नेह राणा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और संघर्षशीलता से देश और प्रदेश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्नेह राणा जैसी खिलाड़ी उत्तराखंड की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

■ मुख्यमंत्री ने स्नेह राणा को दी बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल नीति के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, नौकरी और आर्थिक सहायता जैसी सभी सुविधाएं दी जा रही हैं।स्नेह राणा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को जो सहयोग मिल रहा है, उससे राज्य में खेलों का वातावरण और अधिक सशक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी।मुख्यमंत्री धामी ने स्नेह राणा को आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी यह उपलब्धि उत्तराखंड की खेल प्रतिभाओं के लिए एक नया प्रेरक अध्याय है।

CMYK

# भोजन की तलाश में आबादी में आ रहे भालू

**■ जंगलों से सटे इलाकों में बढ़ रहा जोखिम, वन विभाग ने की भालू-मानव संघर्ष को देखते हुए सतर्क रहने की अपील**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** हाल ही में रुद्रप्रयाग नगर क्षेत्र एवं इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में भालू की गति. विधियों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रुद्रप्रयाग वन प्रभाग ने भालू-मानव संघर्ष की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लोगों को सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील जारी की है। वन विभाग की ओर से बताया गया कि भोजन की तलाश में भालू आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे जंगलों से सटे इलाकों में जोखिम बढ़ रहा है। वन प्रभाग रुद्रप्रयाग के एसडीओ देवेन्द्र पुण्डीर ने ग्रामीणों और नगर वासियों से अपील की कि वे घरों के बाहर खाद्य सामग्री, कचरा, फल सब्जियां खुले में न रखें, जिससे भालू आकर्षित न हों। रात के समय अकेले न निकलने, बाहर रोशनी की समुचित व्यवस्था बनाए रखने और बच्चों को अकेले न भेजने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने और घर की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में भालू को उकसाने, उस पर पत्थर या हमला करने जैसे कार्य न करें, इससे स्थिति गंभीर हो सकती है। जंगल में आग लगाने, भालू को भगाने के लिए पटाखे चलाने या पकड़ने की कोशिश करने को कानूनन अपराध बताया गया है। स्थानीय नागरिकों को वन विभाग के निर्देशों का पालन करने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1926 या 8126559099 पर सूचना देने को कहा गया है।

## आपात स्थिति में ऐसे करें बचाव

रुद्रप्रयाग। यदि भालू सामने आ जाए तो घबराएं नहीं, शांत रहें और उसे अपनी पीठ दिखाकर भागने की कोशिश न करें। सुरक्षित स्थान पर जाएं, आँखें न मिलाएं और मौके से धीरे धीरे दूरी बनाएं। एसडीओ देवेन्द्र पुण्डीर वन विभाग ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास ही मानव वन्यजीव संघर्ष को कम कर सकते हैं और वन्यजीव संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# सेम मुखैम मेले की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने मंगलवार को प्रतापनगर क्षेत्र के सेम मुखैम पहुंचकर 25 नवंबर से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं विकास मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मेले की संपूर्ण व्यवस्थाओं का गहराई से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण की शुरुआत पर्यटन विभाग के गेस्ट हाउस से की और वहां से उत्तर द्वारिका के प्रसिद्ध पांचवें धाम, सेम नागराजा मंदिर तक स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने मार्ग और परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वन विभाग को भागी सौड़ मेला मैदान से सेम मुखैम मंदिर तक जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों की कटाई करने के निर्देश दिए। साथ ही एएमए जिला पंचायत को संपूर्ण क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित करने, ग्रामीण निर्माण विभाग को धर्मशाला निर्माण और सुरक्षात्मक दीवार के अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को सड़कों की मरम्मत और पार्किंग स्थल के सुचारू प्रबंधन हेतु कार्यवाही करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनकी सुविधाओं की जानकारी ली और उनके सुझाव भी सुने। मेला समिति के प्रबंधक विजय पोखरियाल ने जिलाधिकारी को सेम नागराजा मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक महिमा के साथ-साथ मेले की परंपरा से अवगत कराया।

# भगवान मद्महेश्वर मंदिर के कपाट 18 नवंबर को होंगे बंद

**■ उत्सव डोली 21 नवंबर को पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर में करेगी प्रवेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भगवान मद्महेश्वर मंदिर के कपाट शीतकाल को लेकर आगामी 18 नवंबर को बंद हो जाएंगे। इससे पूर्व मद्महेश्वर की चल विग्रह डोली का ओंकारेश्वर मंदिर तक आगमन के लिए कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है।बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शीतकाल के लिए भगवान मद्महेश्वर मंदिर के कपाट मंगलवार 18 नवंबर की प्रात: पूर्व परम्परा के अनुसार बंद किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 18 नवंबर को मद्महेश्वर की उत्सव डोली मंदिर से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम को लेकर अपने प्रथम पड़ाव ग्राम गौंडार पहुंचेगी। 19 नवंबर को प्रात: गौंडार से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए द्वितीय पड़ाव रांसी गांव में स्थित राकेश्वरी मंदिर, 20 नवंबर को प्रात: रांसी से प्रस्थान कर रात्रि विश्राम के लिए तृतीय पड़ाव गिरीया गांव तथा 21 नवंबर को गिरीया गांव से प्रात: प्रस्थान करते हुए अपराह्न 2 बजे पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में प्रवेश करेगी। बताया कि इस अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं द्वारा भगवान मद्महेश्वर के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया जाता है।

# पटेल की150वी जयंती पर पदयात्रा आयोजित

**■ जिला मुख्यालय में आयोजित पदयात्रा में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व स्कूली बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी, डाइजर से बौराड़ी स्टेडियम तक निकली पदयात्रा, एकता और सेवा का दिया संदेश**

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**नई टिहरी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित "सरदार /150" कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिला मुख्यालय नई टिहरी में एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चारों ओर देशभक्ति और एकता का जोश देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी टिहरी गढ़वाल वरुणा अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया, जिसके साथ ही पदयात्रा डाइजर से बौराड़ी स्टेडियम तक रवाना हुई।

पदयात्रा का आयोजन जिला प्रशासन, माय भारत संस्था तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और आम



नागरिकों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" और "सरदार पटेल अमर रहें" लगाते हुए देश की एकता और अखंडता का संदेश दे रहे थे।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नई टिहरी मोहन सिंह रावत, एडीएम अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम संदीप कुमार, भाजपा के जिला महामंत्री बलवंत रावत सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पदयात्रा के दौरान लोगों में सरदार पटेल के योगदान को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन, उनके लौह पुरुष के रूप में योगदान और भारत के एकीकरण में निभाई उनकी ऐतिहा. सिक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर देश की एकता और प्रगति में योगदान दें।

बौराड़ी स्टेडियम पहुंचने पर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ किया गया। पूरी यात्रा के दौरान माहौल उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के रंग में रंगा रहा।

## एक नजर .......

### दिल्ली धमाके के मद्देनजर अंतर्राज्यीय व अंतर्जनपदीय सीमाओं पर सघन चेकिंग जारी

**कोटद्वार।** दिल्ली में लालकिले के समीप एक कार में हुए जोरदार धमाके की घटना के बाद, जनपद पौड़ी पुलिस को उच्च सतर्कता स्तर पर रखा गया है। उक्त घटना के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी के दिशा-निर्देशन में जनपद के समस्त थाना एवं चौकियों पर सुरक्षा और गश्त व्यवस्थाओं को और अधिक रूप से सक्रिय किए जाने के निर्देश किए गए है। सुरक्षा की दृष्टि से अंतरराज्यीय एवं अंतर्जनपदीय सीमाओं पर गहन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। सभी वाहनों, यात्रियों एवं मालवाहक वाहनों की सघन तलाशी एवं सत्यापन कार्यवाही की जा रही है। साथ ही बस अड्डों, धार्मिक स्थलों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में भी पुलिस बल की गस्त और निगरानी बढ़ा दी गई है। जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी सहित समस्त पुलिस बल पुलिस नियंत्रण कक्ष के सतत संपर्क में रहते हुए अपनी-अपनी ड्यूटी पर पूर्ण मुस्तैदी और तत्परता से कार्य कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की सूचना मिलते ही तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति जताई संवेदनाएं

**कोटद्वार।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के समीप हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही विस्फोट करने में शामिल षडयंत्रकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबध में मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित शोक सभा में अध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि विस्फोट उस समय हुआ जब वहां से बड़ी संख्या में लोग आवागमन कर रहे थे। कहा कि विस्फोट में कई लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हुए। मौके पर वक्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि मंत्री तो कड़े सुरक्षा घेरे में चलते हैं, वहीं आम जन की जान की सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। मौके पर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और विस्फोट में शामिल षडयंत्रकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई। शोक व्यक्त करने वालों में गोपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, रंजना रावत, लक्ष्मी चौहान, प्रेम सिंह पयाल और रमेश खंतवाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### संगठन ने वर्षगांठ पर चलाया स्वच्छता अभियान

**कोटद्वार।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे ग्रीन आर्मी देवभूमि संगठन की ओर से संगठन की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को स्वच्छता ही सेवा मूलमंत्र के साथ सिद्धबली मंदिर पार्क में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष शिवम नेगी ने कहा कि संगठन भविष्य में भी इस प्रकार के पर्यावरणीय दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उत्तराखंड देश के स्वच्छ और हरित राज्यों में अपनी पहचान बनाए रखें। कहा कि वर्तमान में लोग धार्मिक स्थलों पर आते हैं, लेकिन अपने साथ लाए हुए प्लास्टिक के सामान को धार्मिक स्थलों के आसपास ही छोड़ जाते हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक होता है। उन्होंने लोगों से ऐसा न करने की अपील की। मौके पर संगठन के स्वयंसेवकों ने पार्क से गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक अपशिष्ट और अन्य कूड़ा-करकट एकत्रित कर निस्तारित किया। इस दौरान संगठन उपाध्यक्ष शालिनी नेगी, कोषाध्यक्ष सौरभ धूलिया, सहसचिव शालिनी कुलाश्री, कार्यकारणी सदस्य अभय जुयाल व सुशांत कोहली सहित दीपक मैंदोला, संदीप रावत, कुलवीर नेगी, सुमित नेगी और सतेंद्र गुसाईं आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अग्निवीर आयु भर्ती के संबंध में दी जानकारी

**कोटद्वार।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को द्वितीय वायुसैनिक चयन केंद्र, वायुसेना मुख्यालय, दिल्ली द्वारा अग्निवीर वायु भर्ती के संदर्भ में एक दिवसीय भर्ती प्रक्रिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी ने बताया कि वायुसेना मुख्यालय दिल्ली से आए सार्जेंट बी एम उपाध्याय और सार्जेंट राकेश कुमार सारण ने विद्यार्थियों को भारतीय वायुसेना में चयन प्रक्रिया के संबंध में अवगत कराते हुए अग्निवीर वायु भर्ती के लिए आवश्यक मानकों जैसे कि शारीरिक मापदंड और शैक्षणिक योग्यता के बारे में बताया। साथ ही भर्ती के बाद मिलने वाले लाभ और 4 साल के बाद अन्य विभाग में मिलने वाले आरक्षण के बारे में भी बताया। उन्होंने छात्रों से अग्निवीर के रुप में सेना में भर्ती होकर देशसेवा में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यशाला में विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, भूपेंद्र सिंह और रोहित बलोदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सुग्स लॉयड ने वयना इलेक्ट्रिक किया लॉन्च

**देहरादून।** सुग्स लॉयड ने मंगलवार को अपने नए उपभोक्ता ब्रांड वयना इलेक्ट्रिक की घोषणा की है। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स में सफल यात्रा के आधार पर अब समूह अपनी विशेषज्ञताओं को एक आधुनिक श्रेणी की लाइटिंग, स्विचगियर और मॉड्यूलर इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशन्स के माध्यम से भारतीय घरों और कारोबारों तक विस्तारित कर रहा है।वयना इलेक्ट्रिक वास्तव में इस बदलाव का प्रतीक है, जहाँ सुरक्षा, विश्वसनीयता और बुद्धिमत्तापूर्ण डिजाइन एक साथ आते हैं, तो कैसे इलेक्ट्रिकल उत्पाद अब सिर्फ जरूरत नहीं बल्कि अनुभव बन जाते हैं। आरम्भ में यह ब्रांड दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और राजस्थान में उपलब्ध रहेगा। इसे डिस्ट्रिब्यूशन रिटेल शोरूम, डीलर नेटवर्क और इलेक्ट्रीशियन एंगेजमेंट प्रोग्राम्स के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

### पहाड़ी दिवाली पर सरकारी अवकाश की मांग

**चकराता।** जौनसार-बावर और रवांई घाटी क्षेत्र में पारंपरिक रूप से मनाई जाने वाली 'बुड़ी' या पहाड़ी दीवाली के अवसर पर सरकारी अवकाश घोषित किए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में एकता फिल्म डायरेक्टर बाबू राम शर्मा ने जिला अधिकारी देहरादून को एक प्रार्थना पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि पहाड़ी दीवाली हमारे समाज की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जो दीपावली के लगभग एक माह बाद मनाई जाती है। यह पर्व स्थानीय परंपराओं, लोकगीतों और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों व कार्यालयों में अवकाश न होने के कारण अनेक लोग, विशेषकर विद्यार्थी, इस पारंपरिक त्योहार में शामिल नहीं हो पाते।

# सांस्कृतिक विकास समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**■ डामटा को खेल मैदान विस्तारित करने के लिए पांच लाख रुपये की घोषणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांव** (उत्तरकाशी) : डामटा में आयोजित चार दिवसीय यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह का में रंगारंग कार्यक्रम संपन्न हो रहें हैं ।

कार्यक्रम के तीसरे दिवस बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया है।

इस दौरान राज्य सभा सांसद श्री भट्ट ने क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समिति डामटा को खेल मैदान विस्तारित करने के लिए पाँच लाख रुपए की घोषणा की है । कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध



उनियाल , खजान दास , प्रदेश मीडिया प्रभारी बीजेपी मनवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे है।इस दौरान कबड्डी समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिता चल रही है।मंगलवार को डामटा में आयोजित कार्यक्रम राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी खेल प्रतिभागियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। बता दें कि डामटा में बीते 33 वर्षों से संचा. लित डामटा का राज्य स्तरीय समारोह में स्थानीय संस्कृति एवं खेल प्रतिभागियों को मंच दिया जा रहा है।इस दौरान श्री महेन्द्र भट्ट ने कहा कि रवांई, जौनपुर और जौनसार की संस्कृति को आपस में जोड़ने के लिए डामटा का यह समारोह त्रिवेणी का कार्य कर रहा है। , समिति के अध्यक्ष बचन सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, शूरवीर चौहान, अर्जुन पंवार, चमन चौहान, पूरण सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# विस्थापन और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर की चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के समाज. कार्य विभाग के शोधार्थी अतुल सती ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के सदस्य दिनेश असवाल से शिष्टाचार भेंट कर आपदा प्रभावितों के विस्थापन और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान शाधार्थी अतुल सती ने कहा कि आपदा के बाद राहत और इन्फ्रास्ट्रक्चर रीडिवेलपमेंट की जिम्मेदारी सरकार और उससे जुड़े संस्थान निभाते हैं, लेकिन इसमें सामा. जीकरण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े हुए पहलू पीछे छूट जाते हैं। जिसके दुष्परिणाम में बहुत सारी दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। कहा कि हाल ही में धराली आपदा प्रभावित युवक की आत्महत्या जैसी घटना हुई जोकि दुखद है, ऐसे में समाजकार्य जैसे विषय से प्रशिक्षितों को आपदा के बाद लोगों के पुनर्वास के सामाजिक पहलुओं और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर लोगों की मदद के लिए राहत को और भी प्रभावी बनाने के लिए मददगार बनाया जा सकता है। वहीं दिनेश असवाल ने कहा कि विकसित भारत/2047 के सपने को पाने के लिए विश्विद्यालयों को अपने शोध में भी इस तरह के विषयों को तरहीज देनी पड़ेगी।

# हैप्रेक और हिमालया वेलनेस बेंगलुरु के बीच एमओयू साइन

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) और हिमालया वेलनेस कंपनी बेंगलुरु के बीच औषधीय एवं सुगंधित पौधों की व्यावसायिक खेती और अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमओयू साइन हुआ है। हस्ताक्षर हुए समझौते के अंतर्गत हैप्रेक अपनी नर्सरी में दारूहल्दी की औषधीय पौधों को विकसित करने का कार्य करेंगा। हैप्रेक संस्थान के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित ने बताया कि यह समझौता न केवल पर्यावरण संरक्षण और औषधीय वनस्पतियों के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह स्थानीय समुदायों के आजीविका सृजन में भी अहम भूमिका निभाएगा। बताया कि औषधीय पौधों की संगठित खेती से जंगली प्रजातियों पर दबाव कम होगा और पहाड़ी किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा तथा उन्हें वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। डॉ. पुरोहित ने बताया कि यह साझेदारी हैप्रेक संस्थान से स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं के लिए भी नई संभावनाएँ लेकर आई है। इस एमओयू के अंतर्गत हिमालया कंपनी छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और शोध परियोजनाओं के अवसर उपलब्ध कराएगी। जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास का लाभ मिलेगा। हैप्रेक के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुदीप सेमवाल ने बताया कि यह समझौता हिमालया जैसे अग्रणी ओद्योगीक कंपनी के साथ मिलकर पहाड़ी क्षेत्रों में औषधीय पौधों के संरक्षण, अनुसंधान और व्यावसायिक उपयोग को नई दिशा देगा। बताया कि हिमालया वेलनेस कंपनी के हेड-बॉटेनिकल एक्सट्रैक्शन यूनिट डॉ. अतुल एन. जाधव ने इस पहल को एक विन-विन मॉडल बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के साथ-साथ युवाओं में हरित उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। कहा कि यह तीन-वर्षीय परियोजना उत्तराखंड राज्य में पर्यावरणीय स्थिरता, जैव विविधता संरक्षण और हरित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# वल्ला के लोग मूलभूत सुविधा से वंचित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** प्रखंड के डुंडा ग्राम पंचायत अंतर्गत ओल्या के वल्ला गांव आज भी मुलभमूत सुविधा से वंचित हैं। यह गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। इस गांव के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क, शुद्ध पेयजल , संचार व्यवस्थाओं जैसे मुलभुत सुविधा से वंचित है। वहीं गांव के सामाजिक कार्यकर्ता हीरामणि भट्ट ने बताया कि हमारी सबसे बड़ी समस्या सड़क और संचार की है।

वर्षों से अधिकारियों और जनप्रति. निधियों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन हर बार हमें सिर्फ आश्वासन दिया जाता हैं। बारिश के समय गांव का संपर्क पूरी तरह से टूट जाता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के दूरस्थ इलाकों में बसे गाँवों की वास्तविक स्थिति आज भी चिंताजनक है।

एक ओर हम देश में डिजिटल इंडिया की बात कर रहे है, वहीं उत्तरकाशी क्षेत्र का ओल्या गांव का वल्ला नामे तोक आज भी तक सड़क मार्ग से नहीं जुड़ पाया है। यह गाँव विकास योजनाओं के कागजों में तो दर्ज है, लेकिन जमीनी हकीकष्त इससे बिल्कुल अलग है।

बरसात के मौसम में इस गाँव तक पहुँचना किसी चुनौती से कम नहीं। कीचड़ भरे संकरे रास्ते, फिसलन और दुर्गम पहाड़ी मार्ग लोगों की दैनिक दिनचर्या को कठिन बना देते हैं। बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के लिए करीब पांच किलोमीटर कंधों पर ढोकर ले जाते हैं। बच्चे शिक्षा के लिए रोजाना कठिन सफर तय करते हैं। इस असुविधा के कारण यहाँ के युवा बेहतर अवसरों की तलाश में पलायन को मजबूर हैं। सरकार की विभिन्न सड़क योजनाएँ कागजों पर सक्रिय दिखाई देती हैं, लेकिन ओल्या वल्ला जैसे गाँव अब भी विकास से कोसों दूर हैं। स्थानीय जनता वर्षों से सड़क निर्माण की माँग करती आ रही है, परंतु उन्हें केवल आश्वासन ही मिलते रहे हैं।

समय आ गया है कि सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर इस उपेक्षित गाँव की आवाज सुनें। सड़क सिर्फ एक मार्ग नहीं, बल्कि गाँव के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की जीवनरेखा है।

# ग्रामीण नाराज, अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** जौनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत तेवा में मंगलवार को आयोजित खुली ग्राम सभा बैठक में ग्रामीणों ने गांव के विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मुरारी लाल ने की। इस अवसर पर ग्राम्य विकास विभाग से ग्राम विकास अधिकारी अवनेंद्र बछेती ने उपस्थित ग्रामीणों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मिलने वाले लाभों और उसके प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा राज्य वित्त, 15वें वित्त आयोग एवं



मनरेगा कार्य योजना वर्ष 2026-27 का चयन किया गया। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा कर प्राथमिकता के आधार पर चयन किया गया। हालांकि बैठक के दौरान कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग से किसी भी अधिकारी की अनुपस्थिति पर ग्रामीणों ने तीखा रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सभा गांव के विकास का मूल मंच है, और विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति ग्राम हितों के साथ खिलवाड़ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि अगली ग्राम सभा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित नहीं हुए, तो गांववाले बैठक का बहिष्कार करेंगे। बैठक में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मुकुल कुमार, सहकारिता समिति से सचिव रमेश वैध, कुलदीप परमार, मुकेश रावत, जगमोहन रावत, चौन सिंह, वीरेंद्र परमार, उपेंद्र रावत, गुडन लाल, दर्शन लाल, कुशाल परमार रणवीर नेगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बैकुण्ठ मेले में डाक विभाग की योजनाओं का लाभ उठा रही जनता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** बैकुंठ चतुर्दशी एवं विकास प्रदर्शनी मेले में जनता भारतीय डाक विभाग द्वारा आधार एवं डाक सेवाओं का लाभ ले रहें है। नगर निगम श्रीनगर की मेयर आरती भंडारी की पहल पर आम नागरिकों के लिए बैकुंठ चतुर्दशी मेले में एक ही स्थान पर कई सरक. ारी सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मेयर आरती भंडारी के द्वारा भेजे गए पत्र पर कार्यवाही करते हुए डाक अधीक्षक पौड़ी दीपक शर्मा ने बैकुंठ चतुर्दशी मेले के अवसर पर आवास विकास मैदान क्षेत्र में विशेष डाक सेवा एवं आधार सुविधा स्टॉल स्थापित कराया है। इस स्टॉल पर नागरिकों को आधार पंजीकरण और अपडेट, पेंशनधारियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खोलने की सुविधा, डाक जीवन बीमा पॉलिसी तथा अन्य डाक योजनाओं की जानकारी और सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। भारतीय डाक विभाग पौड़ी प्रधान कार्यालय से आए कर्मचारी जीवन प्रकाश चमोली ने बताया कि इस कार्य के लिए एक समर्पित टीम गठित की गई है।

# बंद मकान में लाखों की चोरी, पुलिस ने दो चोर बनाए बंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** करीब दो सप्ताह पूर्व विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गए एक परिवार के मकान के ताले तोड़कर चोरों ने वहां से लाखें रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। मामले की जानकारी मिलने के बाद रायवाला कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

रायवाला भटटा डेयरी निवासी सतेश्वरी रावत पत्नी स्व. प्रेम सिंह विगत 1 नवंबर को अपने परिजनों के साथ रिश्तेदारी में विवाह समारोह में समिलत होने के लिए मकान में ताले लगाकर गई थी। काफी समय पश्चात जब महिला अपने परिजनो के साथ वापस अपने मकान पर पहुंची तो मकान के ताले टूटे देखकर उसके होश फाख्ता हो गए।

मकान के अंदर जाकर देखा तो वहां पर सारा सामान बिखरा देखकर उसने अपने परिजनों की मदद से मकान के ताले तोड़कर चोरी हो जाने की जानकारी रायवाला कोतवाली पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज आर्य पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे और वहां पर फोरेंसिक टीम को बुलवाकर फिंगर प्रिंट लिए। उधर मकान में चोरी हो जाने की खबर के बाद पुलिस अधीक्षक देहात द्वितीय पंकज गैरोला ने कोतवाली पुलिस को बंद मकान में चोरी हो जाने का अतिशीध्र खुलासा करने के निर्देश दिए।

वहीं क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को देख गैरोला ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और रात्रि में क्षेत्र में गश्त लगाने के निर्देश दिए। उधर रायवाला कोतवाली पुलिस ने मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए चोरों का पता लगाने का प्रयास किया।

पुलिस ने इस दौरान हरिद्वार के सर्वानंद घाट से दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली लाकर पकड़े गए चोरों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपने नाम आशीष पुत्र राजवीर सिंह और आकाश पुत्र राधेश्याम उर्फ तेलू बताया।

पुलिस ने पकड़े गए दोनों चोरों की निशानदेही पर चोरी किए जेवरात बरामद कर लिये। दोनों चोरों को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे चौ दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



**चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और रात्रि में क्षेत्र में गश्त लगाने के निर्देश**

## थार में चापड़ लेकर चलने वाले को भेजा जेल

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** गढ़ी कैंट कोतवाली क्षेत्र में चौपहियां वाहन में सवार होकर हवा में चापड़ फैलाकर क्षेत्र में दहशत व्याप्त करने वाले एक व्यक्ति को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से चापड़ बरामद कर उसे जेल भेज दिया। अपर पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारी नगर मिश्रा ने बताया कि गढ़ी कैंट कोतवाली पुलिस को क्षेत्र के लोगों ने जानकारी दी थी कि एक व्यक्ति थार गाड़ी में सवार होकर उसके अंदर से हवा में चापड़ लहराते हुए क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त कर रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कैलाश पंवार को उक्त गाड़ी सवार को पकड़ने के निर्देश दिए। दहशत फैलाने वाले चौपहियां वाहन सवार को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजने के लिए पुलिसकर्मियों ने उसके संबंध में जानकारी की तो जानकारी मिली की उसका नाम अक्षांस सकलानी पुत्र स्व. अजय मोहन सकलानी निवासी बाल शिक्षा निकेतन कोलागढ़ थाना गढ़ी कैंट है। पुलिस ने अक्षांस सकलानी को गिरफ्तर कर उसके पास से चापड़ व थार गाड़ी बरामद कर उसे सीज कर दिया। पुलिस ने आरोपी को संबंधित न्यायालय में पेश किया जहा से उसे सुद्धोवाला जेल भेज दिया गया।

## बुजुर्ग महिला के गले से चेन लूटने वाला गिरफ्तार, बाइक बरामद

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूटकर फरार हो जाने वाले शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटी गई चेन और लूट में इस्तेमाल की गई बाईक को बरामद कर लिया। मनेंद्र सिंह गुंसाई पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम मोलधार, अठूरवाला ने बताया कि बिना नंबर की बाईक पर सवार व्यक्ति द्वारा उसकी बुजुर्ग मॉ के गले से सोने की चेन दिन दहाड़े लूट ली गई। क्षेत्राधिकारी डोईवाला विवेक ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने धारा 304 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर लुटेरे की तलाश प्रारंभ कर दी थी। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उधर पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान जौलीग्रांट से बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन लूटने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनीष पंवार पुत्र पुरण सिंह निवासी सांकरी कान्हर वाला भानियावाला बताया। आरोपी की निशानदेही पर लूटी गई चेन व बिना नंबर की बाईक को बरामद कर लिया है। लुटेरे को संबंधित न्यायालय में पेश किया जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# महिलाओं के आभूषणों व शराब पर लगी पाबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के ग्राम पंचायत खारसी, मानुवा गेहरी में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने एक महत्वपूर्ण सामाजिक निर्णय लेते हुए महिलाओं द्वारा आभूषणों के उपयोग और शराब सेवन पर नई सीमाएं तय की हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब से महिलाएं केवल कानों में तुंगल, मुर्की, झुमकी या बाली, नाक में फूली, हाथ में अंगूठी और गले में मंगलसूत्र या पेंडेंट पहन सकेंगी। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य आभूषण पहनने पर रोक लगाई गई है। इसी के साथ गांव समाज में पक्की शराब (दारू) पीना और पिलाना पूर्णत प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह निर्णय सामाजिक समानता, सादगी और महंगाई को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। यह प्रस्ताव ग्राम खारसी, मानुवा गेहरी के ग्रामीणों की सर्वसम्मति से पारित किया गया।



प्रतिकातम फोटो

बैठक की अध्यक्षता शूरवीर सिंह पंवार (सदर स्याणा ग्राम खारसी) ने की। निर्णय पर दिनेश पंवार, खजान सिंह राणा, ज्ञान सिंह, अजब सिंह, रतन सिंह, रणवीर सिंह, अमर सिंह पंवार, मुन्ना सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह, सरदार सिंह, अतर सिंह और चतर सिंह सहित कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मिले महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/नई दिल्ली।** उत्तराखण्ड के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनसे साइबर क्राइम और साइबर कानून पर चर्चा की।

महाराज ने मंगलवार को केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से उनके नई दिल्ली आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनसे साइबर क्राइम और साइबर कानून पर चर्चा की।

**साइबर क्राइम और साइबर कानून पर हुई चर्चा, डिजिटल युग में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती**



उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से हुई चर्चा के दौरान कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती बन गया है। साइबर अपराधियों के द्वारा कंप्यूटर, नेटवर्क और इंटरनेट के माध्यम से हैकिंग, फिशिंग, मैलवेयर, साइबर स्टॉकिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराध निरन्तर बढ़ते जा रहे हैं।

महाराज ने केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री से कहा कि साइबर अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रावधान होना चाहिए। इनकी रोकथाम के लिए अभियान चलाने चाहिएं, लोग साइबर अपराधों से बचाव के तरीके सीख सकें। साइबर अपराधों के लिए विशेष अदालतें स्थापित करनी चाहिए ताकि मामलों का तेजी से निपटारा हो सके।

# वक्फ की जमीन कब्जाने वाले भू-माफियाओं पर कार्रवाई की मांग

- सीएम पोर्टल पर भी की गई शिकायत, मुतवल्ली ने डीएम को भी लिखा पत्र
- कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मसूरी में वक्फ संपत्ति को खुर्दबुर्द करने का मामला सामने आया है। वक्फ शफीउन्निशा मसूरी देहरादून उत्तराखंड के मुतवल्ली हाजी सलीम ने कुछ भू-माफियाओं पर वक्फ की जमीन पर कब्जा करने और उसे अवैध रूप से बेचने का आरोप लगाया है।

उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी सविन बंसल को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



मुतवल्ली का कहना है कि मसूरी में वक्फ की कई बीघा जमीन खाली पड़ी थी, जिसे अब कुछ लोग कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने अपने पत्र में पांच लोगों के नामों का भी उल्लेख किया है, जो कथित रूप से इस जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। अभी जांच शुरू नही हुई है।

## धार्मिक संपत्तियों की सुरक्षा पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है। उनका कहना है कि मसूरी और देहरादून क्षेत्र में कई वक्फ संपत्तियाँ वर्षों से विवादों में घिरी हुई हैं और कुछ जगहों पर अतिक्रमण या अवैध निर्माण तेजी से बढ़ रहे हैं। धार्मिक संस्थानों से जुड़े लोगों का कहना है कि वक्फ संपत्तियाँ समाज की धरोहर हैं, जिनका संरक्षण प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। मुतवल्ली ने स्पष्ट किया कि अगर आगामी दिनों में कब्जा हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वक्फ बोर्ड और स्थानीय समाज के लोग मसूरी में आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक जमीन का मामला नहीं, बल्कि धार्मिक संपत्ति की गरिमा और सामाजिक न्याय से जुड़ा प्रश्न है।

## प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

मुतवल्ली हाजी सलीम ने आरोप लगाया कि शिकायतें दिए जाने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मुतवल्ली ने डीएम को लिखे पत्र में अनील खन्ना, सन्दीप गर्ग, जितराम असवाल, राजेश सक्सेना के खिलाफ शिकायत दी है। उन्होंने कहा "हमने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी, इसके बावजूद मौके पर न तो सर्वे कराया गया और न ही अतिक्रमण हटाया गया। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने बताया कि वक्फ संपत्ति की सुरक्षा के लिए इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज कराई गई है, ताकि शासन स्तर पर जांच शुरू हो और जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब किया जा सके।

# उपनल कर्मियों की हड़ताल ने खोली सरकार की पोल: डॉ प्रतिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादन।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रवक्ता डॉ प्रतिमा सिंह ने कहा कि उपनल कर्मियों की हड़ताल से प्रदेश सरकार की पोल खुल कर सामने आ गई है। दून से लेकर हल्द्वानी के अस्पतालों में व्यवस्था पटरी से उतर गई है।

उपनल कर्मी अपने नियमितीकरण को लेकर लगातार सड़कों पर आवाज उठाते रहे हैं इस संबंध में हाई कोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट की एकल बेंच से भी केस जीत चुके हैं। इसके चलते सभी उपनल कर्मचारी अब सरकार से अपने नियमितीकरण की मांग के साथ नियमितीकरण के दायरे से बाहर रहने वाले कर्मचारियों के लिए समान वेतन की मांग पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

उपनल में तीन ग्रेड होती है जिसके आधार पर वेतन तय किया जाता है, अकुशल श्रेणी को बिना 16000 के करीब का भुगतान किया जाता है। बड़े दुख की बात है कि 2018 में नैनीताल हाईकोर्ट ने कुंदन सिंह मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को चरणबद्ध तरीके से उपनल कर्मचारियों को नियमित करने को कहा था। छह महीने के भीतर महंगाई भत्ते के साथ न्यूनतम वेतन देने के निर्देश भी दिए थे।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद में रखे जाने वाले विषयों का एजेंडा करें तैयार : बर्धन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आगामी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राज्य की ओर से प्रस्तुत किए जाने वाले बिंदुओं का एजेंडा तैयार करने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



मुख्य सचिव ने ऐसे सभी विभागों जिनका अभी तक मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थाई समिति में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रकरणों का एजेंडा अप्राप्त हैं को निर्देशित किया कि राज्य की ओर से विभागों द्वारा मध्य क्षेत्रीय परिषद समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले एजेंडे को तत्काल तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि एजेंडे में उन सभी पक्षों का स्पष्ट और संक्षिप्त विवरण हो जिसमें भारत सरकार से जिस स्तर का सहयोग अथवा संशोधन अपेक्षित हो।

मुख्य सचिव ने समाज कल्याण विभाग को जौनसारी/ जेनसारी शब्द विषयक प्रकरण के संबंध में निर्देश दिए कि उक्त प्रकरण को अनुसूचित जनजाति मंत्रालय को उनके पोर्टल में शब्द की स्पेलिंग को संशोधन करने का अनुरोध तैयार करें। यदि विधायिका स्तर का संशोधन भी अपेक्षित हो तो उसका भी लीगल मार्गदर्शन प्राप्त कर लें। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि भोटिया और राजी जनजाति के लिये पिथौरागढ़ में एक एकलव्य आदर्श विद्यालय की स्थापना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी से संबंधित विषय का एजेंडा भी तैयार करें।

उन्होंने आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, पेयजल और सिंचाई विभाग को आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के मानक में संशोधन करते हुए धनरा.शि में बढ़ोतरी विषयक एजेंडा तैयार करने, परिवहन विभाग को मोदीनगर, मेरठ से हरिद्वार तक विस्तारीकरण किए जाने को अनुरोध तैयार करने व टनकपुर-बागेश्वर एवं ऋषिकेश- उत्तरक.ाशी रेल परियोजना में सड़क निर्माण के प्रावधान का भी उल्लेख का एजेंडा तैयार करने के निर्देश दिए।

मंडी शुल्क से संबंधित प्रकरण का एजेंडा भी तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सचिव सचिन कुर्वे, विनोद कुमार सुमन, वी वी आर पुरुषोत्तम, बृजेश संत आदि मौजूद थे।

# सीएम धामी ने दो बार बढ़ाई आंदोलनकारियों पेंशन : बड़थ्वाल



- राज्य आंदोलनकारियों एवं भाजपा ने रिकॉर्ड कल्याणकारी घोषणाओं के लिए सीएम का जताया आभार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य निर्माण आंदोलनकारियों एवं भाजपा ने आंदोलनकारियों के लिए की गई रिकॉर्ड ऐतिहासिक घोषणाओं पर मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया है। परिषद उपाध्यक्ष सुभाष बड़थ्वाल ने सीएम की संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि धामी एकमात्र मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपने कार्यकाल में दो बार पेंशन राशि बढ़ाते हुए आंदोलनकारियों सर्वाधिक घोषणा करने वाले सीएम बने हैं। वहीं विश्वास दिलाया कि रजत जयंती पर प्राप्त सम्मान के बाद आंदोलनकारी, राज्य निर्माण की तरह विकसित उत्तराखंड लक्ष्य प्राप्ति में भी दुगुने जोश से सहभागी बनेंगे। पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए बड़थ्वाल ने सबसे पहले राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों के कल्याणार्थ की गई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री जी ने जिस प्रकार दिल खोलकर आंदोलनकारियों के कल्याण के लिए घोषणाओं की बौछार की वह उनकी उदारता और संवेदनशीलता का परिचायक है। इन घोषणाओं के बाद वे आंदोलनकारियों के लिए सबसे अधिक कार्य करने वाले मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित हो हुए हैं। राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों की भावनाओं का सम्मान और उनके योगदान को याद करने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया सह संयोजक राजेंद्र सिंह नेगी, वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी सरिता गौड़, राजीव तलवार, विपिन चौहान राजेंद्र सिंह रावत, प्रताप सिंह चौहान, प्रमोद रावत, सुरेंद्र सिंह चौहान, जयवीर सिंह, बच्चन सिंह पवार, जगमोहन रावत व शैलेंद्र आदि उपस्थित थे।

## बजाज ने बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ फंड लॉन्च किया

**देहरादून।** बजाज फिन्सर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना, बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड, की शुरुआत की घोषणा की है। यह ऑफर 10 से 24 नवंबर तक खुलेगा। इस फंड को निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज टीआरआई के समकक्ष बेंचमार्क किया गया है। भारत का बैंकिंग और वित्तीय सेवा (बीएफएसआई) क्षेत्र अभूतपूर्व गति से बदल रहा है और पारंपरिक बैंकिंग के साथ साथ अब इस क्षेत्र में एनबीएफसी, बीमा कंपनियाँ, एएमसी शामिल होने लगी हैं।

# कांग्रेसियों ने दिल्ली बम विस्फोट में दिवंगत हुई आत्माओं को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली के लालकिला परिसर में हुए आतंकी बम विस्फोट में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाकर्मियों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर देहरादून के महापौर प्रत्याशी रहे वीरेंद्र पोखरियाल ने कहा कि देश की



राजधानी के हृदयस्थल लालकिले जैसे उच्च-सुरक्षा क्षेत्र में बम धमाका होना, केंद्र सरकार की गंभीर सुरक्षा विफलता को उजागर करता है।

पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इस घटना की जवाबदेही तय करनी चाहिए। कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने मांग उठाई कि राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र की समग्र समीक्षा की जाए, खुफिया तंत्र की कमियों को उजागर करने वाली स्वतंत्र जांच समिति गठित हो और पीड़ित परिवारों को तत्काल सहायता व न्याय सुनिश्चित किया जाए।

मौन धारण करने वालों में देवेंद्र सिंह, संजय कनौजिया, महिपाल शाह, ओम प्रकाश सती, शीशपाल बिष्ट, महेश जोशी, सुलेमान अली, मोहन कुमार काला, कैलाश वाल्मीकि, दीपक पंवार, संजय बिड़ला, ललित बद्री, वीरेन्द्र पंवार, शरीफ अहमद वेग, मौनी मेहता, सूरज क्षेत्री, अनिल बागड़ी, संजय थापा, शुभम चंद, हर्ष बागड़ी वैभव सोनकर, हरजिंदर सिंह लक्की, प्रवीन नौटियाल, विकास शर्मा, मनमोहन शामिल रहे।

# यूपीईएस एनर्जी समिट में ऊर्जा सुरक्षा की दिशा तय

- ऊर्जा उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग जैसे विषयों पर लगभग 200 शोध-पत्र प्रस्तुत किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस देहरादून कैंपस में यूपीईएस एनर्जी समिट के चौथे संस्करण की शुरुआत हुई। दो-दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित इस समिट में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल एंड अफोर्डेबल एनर्जी (आईसीएसएई 2025) हाइब्रिड मोड में हो रही है, जिसे अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) का समर्थन प्राप्त है।



उद्घाटन सत्रों में विश्वसनीयता, वहनीयता और कार्बन-मुक्ति पर साक्ष्य-आधारित कार्रवाई का एजेंडा तय किया गया। कॉन्फ्रेंस में ऊर्जा उत्पादन, भंडारण, परिवहन और उपयोग जैसे विषयों पर लगभग 200 शोध-पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय ने इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी, अबू धाबी, यूएई की डिप्टी डायरेक्टर-जनरल गौरी सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया। उनके साथ कई प्रमुख कीनोट स्पीकर्स ने वैश्विक ऊर्जा ट्रांजिशन के अहम मोड़ों पर विचार साझा किए।

डॉ. राम शर्मा, कुलपति, यूपीईएस ने कहा, इस निर्णायक दशक में ऊर्जा सुरक्षा भारत की प्रगति का एक अहम स्तंभ होगी। यूपीईएस में हम शोध, नीति और उद्योग को एक ही मंच पर ला रहे हैं, ताकि युवा सीधे वास्तविक दुनिया में काम करने वाले विशेषज्ञों से सीखें और भविष्य की दिशा तय कर सकें। आईसीएसएई 2025 और एनर्जी समिट के साथ हमारा लक्ष्य सरल हैख्रविज्ञान को व्यवहार में बदलकर ऐसे समाधान देना, जो भरोसेमंद, किफायती और स्वच्छ हों।

## शैक्षणिक अनुभव व वैज्ञानिक दृष्टि का संगमः डॉ. एस. फारूक

**देहरादून।** महात्मा गांधी आयुर्वेद कॉलेज, अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर, वर्धा (महाराष्ट्र) के बी ए एम एस द्वितीय वर्ष के 65 छात्र, 4 फैकल्टी सदस्यों के साथ हिमालया वेलनेस कंपनी, देहरादून के औद्योगिक भ्रमण पर पहुँचे। डॉ. एस. फारूक ने युवा भविष्य के डॉक्टरों को संबोधित करते हुए एक ज्ञानवर्धक सत्र लिया, जिसमें उन्होंने पद अपअव और पद अपजतव अनुसंधान पद्धतियों के मूल सिद्धांतों से परिचित कराया। उन्होंने इन दोनों तरीकों के महत्व को आधुनिक औषधि विकास तथा आयुर्वेदिक शोध में उनकी प्रासंगिकता के संदर्भ में समझाया। कहा कि डॉ. फारूक वैज्ञानिक सिद्धांतों को आगे बढ़ा रहे हैं।

# पछवादून क्षेत्र में यातायात नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां

- उपखनिज से भरे ट्रैक्टर ट्रॉलियां व डंपर नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रहे सड़कों पर
- व्यवसायिक कार्य में इस्तेमाल अधिकांश ट्रैक्टर कृषि उपयोग के नंबर पर चल रहे हैं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछवादून क्षेत्र में यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खासतौर पर उपखनिज सामग्री ढुलान में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और डंपर नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन पर रोक लगाने वाला कोई नजर नहीं आ रहा।



विकासनगर तहसील क्षेत्र के ढकरानी, कैंचीवाला समेत आसपास के इलाकों में संचालित खनन पट्टों और क्रेशर प्लांटों से उपखनिज सामग्री का ढुलान निरंतर जारी है। इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में न केवल ओवरलोडिंग की जा रही है बल्कि कई वाहनों में नंबर प्लेट तक नहीं लगी है। अधिकांश ट्रैक्टर निजी (कृषि उपयोग के) नंबर पर चल रहे हैं, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन ओवरलोड वाहनों से न सिर्फ सड़कें खराब हो रही हैं बल्कि आए दिन हादसों का भी खतरा बना रहता है। वहीं संबंधित विभाग इस गंभीर लापरवाही पर आंख मूंदे बैठा है। इस संबंध में एआरटीओ अनिल नेगी ने बताया कि विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है और जहां भी इस तरह की शिकायतें मिलती हैं, वहां मौके पर टीम भेजकर कार्रवाई की जाती है।

# सूझबूझ से संपर्क संभव हुआ परिजनों ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने त्वरित संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक नाबालिग बालिका को उसके परिजनों के समक्ष सुपुर्द किया। परिजनों ने पुलिस का हृदय से आभार प्रकट किया। गौरतलब है कि सोमवार को ज्वालापुर क्षेत्र में एक नाबालिग मूक-बधिर बालिका घूमती हुई मिली स्थानीय लोगों ने नाबालिग बालिका की सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए बालिका को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस के हवाले कर दिया। चूँकि बालिका बोलने में असमर्थ थी और मानसिक रूप से भी कमजोर थी इसलिए उसके परिजनों से संपर्क करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया था। कोतवाली ज्वालापुर कार्यालय में तैनात महिला हेड कांस्टेबल कमला चौहान ने अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल किया। उन्होंने धैर्य और लगन से काम करते हुए आखिरकार बालिका के परिजनों का पता लगा लिया। सूचना मिलने पर बालिका के पिता योगेन्द्र और माता सुमित्रा देवी, निवासी हरिपुर कला, थाना रायावाला, देहरादून, कोतवाली ज्वालापुर पहुँचे। उन्होंने अपनी बेटी की पहचान की और पुष्टि की कि वह बोलने में असमर्थ और दिमागी रूप से कमजोर है। जाँच पड़ताल पूरी होने के बाद, पुलिस ने बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालिका को सकुशल पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने इस संवेदनशील कार्य के लिए ज्वालापुर पुलिस टीम और विशेष रूप से हेड कांस्टेबल कमला चौहान और ज्वालापुर पुलिस का हृदय से आभार प्रकट किया।

# छात्रा प्रभावी अध्ययन की रणनीति अपनाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला, हरिद्वार के करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के अंतर्गत मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में परीक्षा की तैयारीविषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. संजीव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शकुंज राजपूत द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. सचिन अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा के तनाव को नियंत्रित करने, प्रभावी अध्ययन की रणनीति अपनाने तथा समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को परीक्षा में सफलता के लिए आत्मविश्वास विकसित करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. संजीव ने छात्र-छात्राओं को अपने शुभकामनाएँ दी एवं लगन तथा एकाग्रता के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। अंत में डॉ. संजय प्रसाद भट्ट द्वारा सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और उपस्थित छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# चुनाव आयोग की कार्यशैली पर कांग्रेस का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महानगर कांग्रेस ने हरिद्वार के भाजपा कार्यकर्ता पर बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय ने बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार 11 नवम्बर को गोबिंदपुर विधानसभा सीट पर मतदान किया है। प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने वोट चोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पर अलग-अलग चुनावों में मतदान करने का मामला उठाया। अमन गर्ग ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता ने न केवल हरिद्वारलोकसभा क्षेत्र में मतदान किया बल्कि नगर निकाय चुनाव में भी अपना वोट डाला और बिहार के नवादा संसदीय क्षेत्र की गोबिंदपुर विधानसभा सीट पर भी मतदान किया है। कांग्रेस ने इस प्रकरण की जांच और एफ.आई.आर दर्ज करने की मांग भी की है। प्रेसवार्ता के दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा नेता के हरिद्वार और बिहार में मतदाता सूची में नाम दर्ज होने के दस्तावेजी प्रमाण और मतदान के बाद फेसबुक पर जारी की गयी सेल्फी का स्क्रीनशॉट भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए बेहद चिंताजनक है कि एक ही व्यक्ति अलग-अलग राज्यों में मतदान कर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और एफ.आई.आर दर्ज करने की मांग की है। अमन गर्ग ने कहा कि इस मामले को जिला निर्वाचन अधिकारी और राज्य निर्वाचन आयोग के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रेसवार्ता में मौजूद कांग्रेस नेता मनोज सैनी और महेश प्रताप राणा ने आरोप लगाया कि भाजपा और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर वोट चोरी की जा रही है। यह भी आरोप लगाया कि हरिद्वार से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को बिहार ले जाया गया है। नगर निकाय चुनाव में मतदाता सूचियों में भी भारी गड़बड़ी की गयी थी। वरूण बालियान ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार वोट चोरी के मुद्दे को उठा रहे हैं। हरिद्वार के वोटर ने बिहार चुनाव मे मतदान कर इसे साबित कर दिया है। चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेकर निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वरुण बालियान, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, महेश प्रताप राणा, मनोज सैनी, पार्षद विवेक भूषण, विक्की, पार्षद हिमांशु गुप्ता, पार्षद सोहित सेठी, पूर्व पार्षद राजीव भार्गव और विकास चंद्रा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# सीवर लाइन निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डी.एम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मंगलवार को दूधाधारी चौक भूपतवाला में बिछाई जा रही सीवर लाइन निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विशेष रूप से जोर दिया कि सीवर लाइन निर्माण कार्य स्थायित्व को ध्यान में रखकर किया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की क्षति, रिसाव या पुन: खुदाई की स्थिति न उत्पन्न हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय जनता की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए तथा स्थानीय निवासियों की दैनिक गतिविधियों में कम से कम बाधा उत्पन्न हो तथा निर्देशित करते हुए कहा कि अपर रोड एवं हरकी पौड़ी क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाने से पहले व्यापार मंडल श्री गंगा सभा पुलिस प्रशासन के साथ बैठक करते हुए सभी को कार्य योजना की पूर्ण जानकारी देने के बाद ही कार्य शुरू किए जाएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए सॉलिड मास्टर प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा प्रगति की भी नियमित समीक्षा की जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर पेयजल निगम (गंगा) मीनाक्षी मित्तल, एन.एच.ए.आई प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप सिंह, पीएमसी हेड मिस्टर केन, केआईपीएल कलस्टर हेड रजत शर्मा, के.आई.पी.एल प्रोजेक्ट मैनेजर मलिका अर्जुन, लोनिवि ईई दीपक कुमार, पीएमसी आर.ई अखिलेश यादव, जल संस्थान अधिशासी अभियंता विपिन चौहान आदि उपस्थित थे।



# दहेज व हत्या मामले में पफरार आरोपी महिला गिरफ्रतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 24 अगस्त 2025 को वादी शुभम कुमार पुत्र धर्मसिंह निवासी कटारपुर की लिखित तहरीर के बाबत सागर पुत्र मांगेराम, पत्नी मांगेराम और पुत्री मांगे राम निवासी गांजा मजरा थाना बुग्गावाला द्वारा वादी की बहन को दहेज के लिये प्रताड़ित कर मृत्यु कारित करने के सम्बन्ध में थाना बुग्गावाला में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी भगवानपुर द्वारा संम्पादित की जा रही है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए कप्तान द्वारा आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था आदेश के अनुपालन में थानास्तर पर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा मुखवीर तन्त्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम को दिनांक 11 नवंबर 2025 को महिला आरोपी निवासी गांजा मजरा थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार को बन्धन बैंक बीहारीगढ से गिरफ्तार करने में सफलता मिली अन्य पुलिस आपराधिक इतिहास की भी जानकारी कर रही है। पुलिस टीम की ओर से वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनील रमोला और कांस्टेबल नीलम चौहान ने विधिक करवाई की।




# वाणिज्यिक मात्राा में नशीले इंजेक्शन बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नशीले इंजेक्शन का अवैध रूप से व्यापार करने वाले संदिग्धों के विरुद्ध उत्तराखंड सरकार द्वारा चल रहे नशा मुक्त अभियान के तहत एक हिस्ट्रीशीटर सिन्टू पुत्र ऋषिपाल निवासी बहादराबाद से सौ नशीले इंजेक्शन छ.क.चै ।बज के अंतर्गत वाणिज्यिक मात्रा में बरामद हुए अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया तत्पश्चात हिस्ट्रीशीटर सिन्टू के विरूद्ध थाना बहादराबाद में छ.क.चै. ।बज के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई हिस्ट्रीशीटर से पूछताछ में तथ्य सामने आए कि बरामद नशीले इंजेक्शन पूर्व में थाना बहादराबाद से एन.डी.पी.एस एक्ट मामले में जेल गये अभियुक्त संजीत निवासी फेरूपुर से दो-तीन माह पूर्व सस्ते दामों में खरीदकर उन्हे रूडकी-हरिद्वार क्षेत्र में मंहगें दामो पर बेचता था। बहादराबाद थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सिंटू एक हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ थाना बहादराबाद में 12 से अधिक संगीन मुकदमे जैसे आर्म्स एक्ट, लूट, हत्या के प्रयास, चोरी आदि के पहले से ही दर्ज चले आते हैं। पुलिस ने आरोपी के रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया न्यायालय ने रिमांड स्वीकृत के पश्चात आरोपी को जेल भेज दिया पुलिस टीम की ओर से थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन बिष्ट, उप निरीक्षक अमित नौटियाल, कांस्टेबल वीरेन्द्र चौहान, कांस्टेबल जयपाल और कांस्टेबल मुकेश नेगी ने कानूनी करवाई की।




# पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस की कारवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता निवासी वत्सना शिवगंगा कॉलोनी महादेवपुरम ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि एक युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर धमकाया था। सिडकुल थानाध्यक्ष ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के पश्चात आरोपी की तलाश शुरू कर दी सोमवार को आरोपी को उसके निवास पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोनू चौहान उम्र 25 वर्ष पुत्र सुंदर निवासी ग्राम फूलगढ़, थाना पथरी बताया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने अपनी टीम के साथ आरोपी पर विधिक करवाई की। उप निरीक्षक ने कहा जल्द ही विवेचना कर रिपोर्ट न्यायालय में दाखिल की जाएगी।



# अवैध शराब के व्यापार में कोई गिरावट नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब की बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक आरोपी को 84 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि सोमवार की देर रात अवैध शराब की रोकथाम के लिए अभियान चलाया गया। ज्वालापुर चेतक पुलिसकर्मियों द्वारा मौहल्ला कड़च्छ क्षेत्र में छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को अवैध देशी शराब की साथ गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से कुल 84 पव्वे देशी शराब माल्टा मार्का बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सचिन पुत्र सोमपाल निवासी अंबेडकर नगर बताया।



# पोक्सो अपराध में थाना श्यामपुर की त्वरित कारवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वादिनी निवासी ग्राम लाहड़पुर थाना श्यामपुर ने दिनांक 10 नवंबर को पुलिस को सूचना दी कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिक पुत्री को जबरदस्ती जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया है। उक्त सूचना पर तत्काल संज्ञान लेकर एस.एस.पी हरिद्वार के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष श्यामपुर पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना के सम्बन्ध में वादिनी की शिकायत पर नियमानुसार पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें गठित की गई। ठोस जानकारी एवं सर्विलांस के माध्यम से मुकदमें में नामजद आरोपी राजीव पुत्र रामौतार निवासी ग्राम लाहड़पुर थाना श्यामपुर को लाहड़पुर के पास से अपराध की सूचना प्राप्ति के चंदघण्टो बाद ही पकड़ कर हिरासत में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। पुलिस टीम की ओर से वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज रावत, अनीता शर्मा, हेड कांस्टेबल दरम्यान सिंह, कांस्टेबल मोहन सिंह रावत, होम गार्ड की रणनीति एवं विधिपूर्ण करवाई के कारण अभियुक्त दबोचा गया, कप्तान ने पुलिस टीम की त्वरित करवाई की सराहना की।



# ट्रेनिंग सेंटर ुलने से युवक एवं युवती को होगा लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हालोनिक्स टेक्नॉलॉजी कंपनी ने सामाजिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए ट्रैनिंग सेंटर खोला जिसका उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी ने किया पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ट्रेनिंग सेंटर के खुलने से जनपद हरिद्वार में ही नहीं आस पास के राज्यों में भी रोजगार के नये अवसर बनेंगे, जिससे युवक व युवतियां आत्मनिर्भर बन सकेंगे और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हों सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह परियोजना हरिद्वार के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि हालोनिक्स की यह बहुत अच्छी शुरुआत है जिसमें निशुल्क ब्यूटी एंड वेलनेस पार्लर और होम अप्लायंसेस से संबंधित सारे कार्य सिखाए जा रहे हैं लड़कियां ब्यूटी पार्लर का काम सीख कर आत्मनिर्भर बनेगी और मजबूती से अपने परिवार का पालन पोषण भी करेंगी अगर उनको किसी प्रकार की लोन की जरूरत होती है तो प्रशासन द्वारा उनकी मदद भी की जाएगी तथा लोन मिलने पर और अच्छा कार्य कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि होम अप्लायंस के ट्रेनिंग सेंटर में युवकों अगर ट्रेनिंग लेकर जाता है तो स्वयं प्रतिदिन एक हजार रुपए से दो हजार रुपए तक कमा सकता है जो कि उसके एवं उसके परिवार के लिए बहुत उपयोगी होगा और अधिक युवकों को रोजगार देने के अवसर बनेंगे तथा बेरोजगारी पर भी लगाम लगेगी। इसके साथ ही उन्होंने युवतियों को क्लाउड किचन के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे घर बैठे छोटे से निवेश से रोजगार किया जा सकता है।क्लाउड किचन के लिए भी महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे कि वो आत्मनिर्भर बन सके तथा अपने परिवार का लालन पालन सही ढंग से कर पाए ओर आस पड़ोस की महिलाएं भी क्लाउड किचन से जुड़े जिससे कि उन्हें भी रोजगार के अवसर मिल सके।

इस दौरान ओम आरोग्यम योग मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक योगी रजनीश, मुख्य संरक्षक सिडकुल जगदीश लाल पाहवा, प्लांट हेड, हालोनिक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड प्रभा कांत शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी अविनाश सिंह भदौरिया, जी.एम क्वालिटी, हालोनिक्स टेक्नोलॉजीज, अंकित शर्मा, संस्थापक, एम.टी.पी चौरिटेबल सोसाइटी विनय गर्ग सहित ट्रेनिंग लेने आए युवक युवतियां सहित संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।




# नगरपालिका वार्ड 6 की गलियों में सड़क निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** टिहरी विस्थापित कॉलोनी के वार्ड संख्या 6 में नो महीने से रुके विकास कार्य का शुभ मुहर्रत आखिरकार निकल ही गया नगरपालिका परिषद अध्यक्ष ने वार्ड संख्या 6 के सभासद बृजलेश पत्नी चंद्रभान सिंह के कई महीनों से लंबित पड़े प्रस्ताव पर सड़क निर्माण के विकास हेतु आठ महीने बाद अनुमति दी। दिनांक 10 नवंबर को सभासद बृजलेश, सभासदपति चंद्रभान सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं क्षेत्र के सम्मानित वरिष्ठगण एस.पी त्यागी व इन्द्र शर्मा तथा सम्मानित निवासीगण के साथ मिलकर नए पुल से देवम एनक्लेव व गली संख्या ए-3 तक मुख्य मार्ग के सड़क निर्माण कार्य, गली संख्या ए-3, ए-5, ए-6 की आतंरिक सड़क का निर्माण कार्य, गली संख्या ए-7 के सरकारी नाले से लेकर गली संख्या ए-5 तक मुख्य मार्ग की सड़क का निर्माण कार्य तथा श्री राम मंदिर पर एक यात्री शेड का भी निर्माण कार्य। सभी गलियों के आंतरिक सड़को के निर्माण कार्य से पूर्व नारियल तोड़कर पूजन किया गया। वार्ड नं 6 की समस्त जनता ने सभासद बृजलेश व सभासदपति चंद्रभान सिंह की कॉलोनी के विकास के लिए किए गए प्रयास की सरहाना की। स्थानीय नागरिकों ने कहा भले ही काफी समय लगा लेकिन चुनाव के दौरान सभासद बृजलेश ने जो वादव किया था वो निभाया जबकि कई नेता व सभासद वादा करके भूल जाते है या टाल मटोल करते रहते जिस कारण विकास अधूरा रहता है गौरतलब है कि सभासद बृजलेश ने नौ महीने पूर्व सभासद पद का चुनाव निर्दलीय जीता था वो भी अधिकतम वोटो से जबकि भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री ने शिवालिकनगर नगरपालिका परिषद के चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड नंबर 6 व 7 का विशेष रूप से दौरा किया था फिर भी दोनों वार्ड से भाजपा प्रत्याशियों को हार मिली थी और वार्ड नंबर 6 व 7 से निर्दलीय प्रत्याशी जीते थे।



# निरीक्षण के दौरान ाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा बाल देखरेख संस्थान, खुला आश्रय गृह कनखल का मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्रा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में सभी कर्मचारी व 22 बच्चे उपस्थित मिले। जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदोरिया द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को बताया गया कि देखरेख संस्थान में बच्चों को सामाजिक मुख्य धारा में जोड़ते हुए उनका शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया जाता है व बच्चों को हर प्रकार से भिक्षावृत्ति व बाल श्रम जैसी कुप्रथाओं से बचाया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्रा ने बच्चों से उनके भविष्य की योजनाओं व उसमें आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जाए उस पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया साथ ही बच्चों द्वारा चिड़िया उड़ी कविता भी सुनाई गईं जिसका आए हुए सभी अतिथियों द्वारा सराहा गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों द्वारा बनाए गए क्राफ्ट आइटमों का अवलोकन किया व जिला प्रोबेशन अधिकारी को बच्चों हेतु अच्छे समान को उपलब्ध कराने व बच्चों द्वारा तैयार क्राफ्ट आइटमों को सभी बाजार में बिक्री हेतु उपलब्ध कराने व उनका मान्यता दिलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान के अलावा रोस्टर के अनुसार ही भोजन देने के निर्देश दिए।इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदोरिया एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रियबंधू, मुख्य कार्यकारणी अधिकारी मनु शर्मा एवं समिति के सदस्य गण मौजूद रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीप**
मो.: 9411100741

# द सेपियंस ने 9वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

## विद्यार्थियों ने जहां मैं जाती हूं, वहीं चले आते हो, पर नृत्य पेश कर इंद्रधनुषी छटा बिखेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** द सेपियंस स्कूल, हरबर्टपुर ने अपने 9वें वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया। इस वर्ष का शीर्षक था 'चाणक्य' जो विद्यालय के मूल आदर्शों को प्रकट करता है।

आयोजन में छात्रो ने चाणक्य के व्यक्तित्व की विशेषता कुशाग्र बुद्धि, नेतृत्व क्षमता, कुशल राजनीतिज्ञ, और साधारण जीवनशैली को अपने अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया छात्रों ने अपने अभिनय के माध्यम से यह बताने की कोशिश की की चाणक्य ने अपनी बुद्धिमत्ता और नीतियों से एक महान साम्राज्य की स्थापना में कैसे मदद की। तत्पश्चात् कक्षा नर्सरी से कक्षा यू० के० जी० के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों तथा अभिभावकों के मन को उत्साह से भर दिया गया। कक्षा



1 से 3 के विद्यार्थियों ने जहां मैं जाती हूं वहीं चले आते हो पर कठपुतली नृत्य तथा मेरा जूता है जापानी पर टेप नृत्य के माध्यम से इंद्रधनुषी छटा बिखेर दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार (आईएएस), सेवा. निवृत्त प्रधान सचिव, झारखण्ड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जय प्रकाश सिंह (वैज्ञानिक 'जी', एसोसिएट डायरेक्टर, आईआरडीई-डीआरडीओ, देहराद. ून), विनीत बहुगुणा (निदेशक, यिदम, देहरादून), व

विधायक मुन्ना सिंह चौहान, राम कुमार अत्री, प्राचार्य सेपियंस स्कूल नवीन तनेजा, पालिका अध्यक्ष हरबर्टपुर नीरू देवी, एवं सदस्य सेपियंस एजुकेशनल सोसाइटी अनु रामदेव; प्रबंधन सदस्य अध्यक्षा इंदिरा सपरा ने मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया।

वार्षिकोत्सव के विषय 'चाणक्य' 'नीति से नवसृजन तक' का आगाज हुआ, जिसमें छात्रों द्वारा विष्णु गुप्त से चाणक्य तक के सफर को अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मध्य में प्रधानाचार्या गीता नेगी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर रश्मि गोयल ने "चाणक्य- नीति से नवसृजन' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कक्षा बारहवीं एवं कक्षा दसवीं में अपना उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा एवं प्रबंध रविकांत सपरा कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार की नगद पुरस्कार प्रदान किए गए।

## सेपियंस स्कूल के छात्र छात्राओं ने राज्य का किया नाम रोशन

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर के छात्र छात्राओं द्वारा देहरादून में आयोजित 'राज्य स्तरीय प्रतियोगिता' उत्तराखंड युवा महोत्सव 2025 कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ साथ अपने राज्य का नाम रोशन किया। स्टेम एंड रोबोटिक्स प्रतियोगिता में (विषय -पर्यावरण संरक्षण डिजिटल समाधान वार्ता रॉबोटिक्स ) अंश पंवार, अभिज्ञान सागर, देवांश राना, अनुष्का डोगरा, अरहम अली ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ साथ राज्य का भी नाम रोशन किया तथा इन सभी विजेताओं का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में किया गया है । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, खेल मंत्री रेखा आर्या तथा भगत सिंह कोश्यारी के नेतृत्व में इन सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र तथा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधक रविकांत, अध्यक्षा इंदिरा रानी, रशिता संपरा, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, निदेशिका रश्मि गोयल, नंदी बिष्ट, अश्विनी कुमार, सुमालती उनियाल तथा समस्त स्टाफ ने विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**सीएम, खेल मंत्री, पूर्व सीएम के नेतृत्व में प्रदान किए गए पुरस्कार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया चयन**

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर खादी आयोग ने लगाया जागरूकता शिविर

**चकराता।** भगवान बिरसा मुंडा की पांचवीं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर सोमवार को नवीन चकराता (पुरोडी) में राज्य कार्यालय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, देहरादून द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोग के सहायक निदेशक राकेश कुमार एवं जे.एस. मलिक ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानक. ारी दी और ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं, पंजाब नेशनल बैंक चकराता के प्रबंधक इशांत कांबोज ने बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर युद्धवीर सिंह तोमर, खजान सिंह रावत, शमशेर सिंह चौहान, अरविंद तोमर, रीता चौहान, निर्मला रावत, राजकीय इंटर कॉलेज के प्राचार्य बिश्नोई एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## संस्कृत स्पर्धा का पीएम श्री राइंका भटाड़, चकराता में होगा आयोजन

**चकराता।** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाने वाली खंड स्तरीय संस्कृत स्पर्धा 2025-26 इस वर्ष 14 और 15 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। इस बार यह प्रतियोगिता पहली बार चकराता के दूरस्थ विद्यालय पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज भटाड़ में होने जा रही है। खंड संयोजक एवं प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से आग्रह किया है कि वे अपने विद्यालयों के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु प्रेरित करें। पूर्व निर्धारित तिथि 11-12 नवम्बर को परीक्षा कार्यक्रम के चलते बदलकर 14-15 नवम्बर कर दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी बुशरा ने निर्णायक मंडल की सूची जारी करते हुए बताया कि ब्लॉक के सभी 34 विद्यालयों को प्रतियोगिता में सहभाग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गणेश गोदियाल बने उत्तराखंड कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष

**प्रीतम सिंह व डक्कहरक सिंह को बड़ी जिम्मेदारी दी**
**प्रमोद तिवारी बने चुनाव प्रबंधन समिति के चेयरमैन**
**ज़िला अध्यक्षों की नई टीम भी घोषित**

**नई दिल्ली/देहरादून।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक ेरबदल करते हुए गणेश गोदियाल को नया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुद्र किया है। यह नियुद्रि तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी।

पाटह्ल महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की और से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कैंपेन कमेटी और इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्षों की नियुद्रि को भी मंजूरी दी है। इन समितियों मेंख्र प्रीतम सिंह को कैंपेन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। डक्क हरक सिंह रावत को इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी का चेयरमैन नियुद्र किया गया है। साथ ही, कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा को कांग्रेस कार्य समिति में विशेष आमंत्रि सदस्य के रूप में शामिल किया है और उनके योगदान की सराहना की है।

### ज़िला कांग्रेस अध्यक्षों की सूची घोषित

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश के 27 ज़िलों के ज़िला कांग्रेस अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। प्रत्येक जिले में एआईसीसी पर्यवेक्षकों द्वारा की गई विस्तृत समीक्षा और वरिष्ठ नेताओं के साथ परामर्श के बाद इन नियुद्रियों को मंज़ूरी दी गई।

अल्मोड़ा ख्र भूपेन्द्र सिंह भोज, बागेश्वर ख्र अर्जुन चन्द्र भट,चमोली ख्र सुरेश डिमरी, चम्पावत ख्र चिराग सिंह ¬रत्याल, देहरादून सिटी ख्र डक्क जसविंदर सिंह गोगी, हल्द्वानी सिटी ख्र गोविन्द सिंह बिष्ट, काशीपुर सिटी ख्र श्रीमती अलका पाल, रुद्रपुर सिटी ख्र ममता रानी, देवप्रयाग ख्र उत्तम असवाल,

डीडीहाट ख्र मनोहर सिंह टोलिया,हरिद्वार ख्र बलेश्वर सिंह, हरिद्वार सिटी ख्र अमन गर्ग, कोटद्वार ख्र विकास नेगी, कोटद्वार सिटी ख्र मीना देवी, नैनीताल ख्र राहुल छिमवाल, पछवादून ख्र संजय किशोर, परवदून ख्र मोहित उनियाल, पौड़ी गढ़वाल ख्र विनोद सिंह नेगी, पिथौरागढ़ ख्र मुकेश पंत,पुरोला ख्र दिनेश चौहान, रानीखेत ख्र दीपक किरोला, रुड़की ख्र ुरकान अहमद, रुड़की सिटी ख्र राजेन्द्र कुमार चौधरी, रुद्रप्रयाग ख्र कुलदीप कंदारी, टिहरी गढ़वाल ख्र मुरारी लाल खंडवाल,उधमसिंह नगर ख्र हिमांशु गाबा, उत्तरकाशी ख्र प्रदीप सिंह रावत को बनाया गया हैं।

इन नियुद्रियों से उत्तराखंड कांग्रेस के संगठन को नया नेतृत्व और ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पाटह्ल सूत्रें का कहना है कि विधानसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनज़र संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की दिशा में यह कदम उठाया गया है।

# महिलाएं आर्थिक तौर पर बन रही स्वावलंबी: रुचि चौहान

## जिले स्तर पर भाजपा महिला मोर्चा आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का करेगा आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा महिला मोर्चा आत्मनिर्भर भारत के तहत जिले स्तर पर बड़े सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रुचि चौहान भट्ट का कहना है कि भाजपा अपने संगठन की 19 जिलों में आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन का आयोजन कर रह है।

स्वयंसेवी संस्थाओं के कर्मी भी सम्मेलन में आमंत्रित किए जाएंगे । उनका कहना है कि जिस तरह से उत्तराखंड सरकार विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है उसका सीधा फायदा महिलाओं को भी मिल रहा है प्रदेश सरकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम उठाया है । भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के कहना है कि बीते दो वर्षों में जीजीडीपी में 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई है प्रति व्यक्ति आय में 26 गुना की वृद्धि हुई है। उनका कहना है कि उसे नजरिए से प्रदेश में महिलाओं को भी काफी फायदा पहुंच रहा है राज्य सरकार ने जिस तरह से काम किया है पिछले एक वर्ष में बेरोजगारी की दर में 4.4 फीसदी का रिकॉर्ड कमी आई है। भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रुचि चौहान



भट्ट का कहना है कि स्थानीय उत्पादन का बढ़ावा देने के लिए हाउस आफ हिमालय ब्रांड की शुरुआत की गई है इससे महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पाद को एक वैश्विक बाजार मिल रही है । जिससे प्रदेश के सुदूर

**उत्तराखंड सरकार विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है उसका सीधा फायदा महिलाओं को भी मिल रहा, हाउस आफ हिमालय ब्रांड की शुरुआत की गई है इससे महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पाद को एक वैश्विक बाजार मिल रही**

क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को इसका फायदा मिल रहा है उनका कहना है कि राज्य सरकार आर्थिक क्षेत्र में जिस तरह से क्रांतिकारी कदम उठाया है ऐसे में अर्थव्यवस्था 26 गुना बढ़ा है प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है ।भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि जिस तरह से राज्य सरकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रही है उसका फायदा सुदूर इलाकों में रहने वाली महिलाओं को भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से 50 लाख रुपए तक की योजना पर सब्सिडी दी जा रही है पिछले 5 वर्षों में 40 हजार सूक्ष्म लघु उद्योग की इकाइयां स्थापित की गई है। स्टार्टअप का बढ़ावा देने के लिए 200 करोड रुपए का उत्तराखंड सरकार ने वेंचर फंड की स्थापना की है ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सरकार ने कई क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनियों के साथ में करार किया है । भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष का कहना है कि प्रदेश में सरकारी महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 30 फीसदी का क्षैतिज आरक्षण दिया गया है।पिछले 4 सालों में 26 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी का प्राप्त करने का अवसर मिला है। उत्तराखंड सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है जिसका फायदा महिलाओं को प्राप्त हो रहा है चरणबद्ध तरीके से प्रदेश में निवेश को लेकर काम किया जा रहा है भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि राज्य सरकार की उपलब्धियां को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए चर्चा की जाएगी। जगह-जगह पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और उत्तराखंड सरकार महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए उठा रही कदम के बारे में जानकारी दी जाएगी ।

# राज्य को पांच प्रमुख सुधार श्रेणियों में टॉप अचीवर्स पुरस्कार धमी के विजन पर मुहर: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राज्य को पांच प्रमुख सुधार श्रेणियों में टॉप अचीवर्स अवार्ड मिलने को राज्य के लिए गौरव का विषय और सुखद बताते हुए कहा कि यह पुरस्कार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन पर मुहर है। उन्होंने कहा कि नीतिगत पारदर्शिता और अनुकूल उद्योग वातावरण से निवेशकों मे विश्वास बढ़ा है और यह राज्य मे विकास के लिए पंख लगने जैसे कदम होगा।

भट्ट ने कहा कि उत्तराखण्ड को व्यापार सुधार कार्य योजना के अंतर्गत पांच प्रमुख सुधार श्रेणियों में टॉप अचीवर्स पुरस्कार से सम्मान असाधारण है और यह देश में किसी भी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश द्वारा प्राप्त सर्वोच्च संख्या है। मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित उद्योग समागम 2025 में व्यापार सुधार कार्य योजना के अंतर्गत उत्तराखंड के उत्कृष्ट



प्रदर्शन को मान्यता देते हुए राज्य ने यह उपलबद्धि हासिल की है। उत्तराखंड को देश में व्यवसाय प्रवेश, निर्माण परमिट सक्षमकर्ता, पर्यावरण पंजीकरण, निवेश सक्षमकर्ता एवं श्रम विनियमन सक्षमकर्ता जैसे पाँच सुधार क्षेत्रों में सर्वोच्य उपलब्धि प्राप्त करने वाला राज्य माना गया है। यह उत्तराखंड की व्यवसाय सुगमता यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 2015 में 23वें स्थान राज्य को हासिल हुआ। भाजपा अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि

**नीतिगत पारदर्शिता और अनुकूल उद्योग वातावरण से बढ़ा निवेशकों में विश्वास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत पर्यवेक्षण में पांच सुधार क्षेत्रों में शीर्ष उपलब्धि प्राप्त करने वालों के रूप में मान्यता प्राप्त होना और राष्ट्रीय स्तर पर सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त करना उत्तराखंड के लिए गर्व का क्षण है। जो 2015 में 23वें स्थान से लेकर आज राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करना, पारदर्शिता, दक्षता और निवेशक केंद्रितता में हमारी प्रगति को दर्शाता है।

### डिजिटलीकरण ने सुविधा पारिस्थितिकी तंत्र को बदल दिया

भट्ट ने कहा कि राज्य ने आवेदन जमा करने और ऑनलाइन भुगतान से लेकर रीयल टाइम ट्रैकिंग, अंतिम मंजूरी, नवीनीकरण और प्रोत्साहन वितरण तक, संपूर्ण अनुमोदन जीवनचक्र को कवर करने वाली प्रक्रियाओं के पूर्ण डिजिटलीकरण के माध्यम से अपने व्यवसाय सुविधा पारिस्थितिकी तंत्र को बदल दिया है। राज्य में वर्तमान में 20 से अधिक विभागों में 200 से अधिक सेवाएं सिंगल खिड़की प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन प्रदान की जाती हैं, जिससे भौतिक संपर्क बिंदुओं में उल्लेखनीय कमी आई है और पारदर्शिता बढ़ी है। राजस्व, श्रम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विकास प्राधिकरण, वन, सिंचाई, जल संस्थान और विद्युत जैसे प्रमुख विभाग इस प्रणाली में एकीकृत है। राज्य में व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर विशेष ध्यान देने जैसे फैसले तथा सतत और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी उजागर किया है। इसका उद्देश्य न केवल निवेश में तेजी लाना है, बल्कि समान रूप से विकास की गति को निरंतर बनाये रखना है।

# प्राधिकरण के खिलाफ भड़के जनप्रतिनिधि, लगाए आरोप

**रामनगर।** रामनगर में जिला विकास प्राधिकरण के खिलाफ विकासखंड रामनगर के जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है।मंगलवार को ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में विकासखंड रामनगर के दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर प्राधिकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजकर ग्रामीण इलाकों से जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त किए जाने की मांग की। संजय नेगी ने कहा कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 25 ग्रामीण इलाकों में जिला विकास प्राधिकरण लागू कर ग्रामीण जनता को परेशान किया जा रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण अब भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है, जहां अधिकारी और कर्मचारी खुलेआम अवैध वसूली कर रहे हैं।उन्होंने विशेष रूप से प्राधिकरण के जेई पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोगों से अवैध रूप से हजारों रुपये की वसूली कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई ग्रामीण अपने घर की मरम्मत या नए निर्माण का काम करता है, तो प्राधिकरण के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर वसूली के लिए दबाव बनाते हैं। रकम न देने पर ग्रामीणों के घरों और निर्माणाधीन भवनों को सील करने की कार्रवाई की जा रही है और इस संबंध में अगर उनसे पूछने के लिए उन्हें फोन किया जाता है तो वह किसी के फोन नहीं उठाते हैं। कहा कि रामनगर के कई गांव पहले से ही फॉरेस्ट लैंड और फलपट्टी क्षेत्र में आते हैं, जिससे ग्रामीणों को जमीन पर लोन या 143 की अनुमति नहीं मिल पा रही है, ऐसे में प्राधिकरण के नियमों ने ग्रामीणों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। संजय नेगी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण को खत्म नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। मामले पर जिला विकास प्राधिकरण के सचिव विजयनाथ शुक्ला ने कहा कि अब तक किसी भी सिंगल आवासीय कॉलोनी का चालान नहीं किया गया है। विभाग पूरी तरह से नियमों के तहत कार्य कर रहा है, और वहीं उन्होंने मामले की जांच करने की बात भी कही है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, मीना रावत, मिथलेश डंगवाल, नवीन सती, हज्जन नरगिस, हाजी शकील अहमद अंसारी, भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र रावत, आंचल कुमारी, राम सिंह जलाल, हंसी जलाल, उर्मिला देवी, ममता सनवाल, रजिया जहां, सोनिया, रश्मि रावत, राहुल डंगवाल आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड - घनसाली, टिहरी गढ़वाल।

पत्रांक-634/ग्रा०नि०वि० / निविदा सूचना / 2025-26 दिनांक- 11.11. 2025

**निविदा सूचना सं०-06/2025-26**

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा बजट की प्रत्याशा में निम्न कार्यों की मोहर बन्द निविदायें विभाग में (सिविल) कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.11.2025 को 2.00 बजे अपरान्ह तक प्रखण्ड कार्यालय घनसाली में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाएं दिनांक 26.11.2025 को सायं 4:00 बजे तक निर्धारित मूल्य का चालान / जी०एस०टी० जमा कर प्रखण्ड कार्यालय घनसाली से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | विकासखण्ड का नाम | 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | रा०प्रा०वि० खरसाडी विद्यालय भवन जीर्ण-शीर्ण वृहद मरम्मत कार्य। (पोलिंग बूथ ) | देवप्रयाग | 36,000.00 | 1500.00+ 18% GST | 09 माह | 45 दिन | ई० एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |
| 2 | रा०उ०प्रा०वि० घण्डियालधार विद्यालय भवन छत एवं फर्श मरम्मत कार्य। (पोलिंग बूथ) | देवप्रयाग | 54,000.00 | 2000.00+ 18% GST | 09 माह | 45 दिन | ई० एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |
| 3 | रा०प्रा०वि० पाव अकरी कीर्तिनगर भवन छत मरम्मत। | कीर्तिनगर | 36,000.00 | 1500.00+ 18% GST | 09 माह | 45 दिन | ई० एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |
| 4 | रा०प्रा०वि० माया देवीखाल कीर्तिनगर विद्यालय भवन मरम्मत कार्य। | कीर्तिनगर | 36,000.00 | 1500.00+ 18% GST | 09 माह | 45 दिन | ई० एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |
| 5 | रा० उ०प्रा०वि० जखन्याली भिलंगना छत का पुनर्निर्माण चार खिड़की, चार दरवाजे, फर्श का मरम्मत कार्य। | भिलंगना | 45,000.00 | 1500.00+ 18% GST | 09 माह | 45 दिन | ई० एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |
| 6 | रा०इ०का० डांग कड़ाकोट विद्यालय की पुरानी छत मरम्मत नवीन निर्माण। | कीर्तिनगर | 45,000.00 | 1500.00+ 18% GST | 09 माह | 45 दिन | ई० एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |

**नोट:**- 1- निविदादाता को निविदा प्रपत्रों की लागत एवं जी०एस०टी० मूल्य का पृथक-पृथक ई चालान के माध्यम से विभागीय लेखाशीर्षक 0515 एवं जी०एस०टी० (CGST+SGST) जी०एस०टी० नम्बर 05MRTR02956C1D1 में जमा कर, ई चालान की प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा प्रपत्र मूल्य के ई-चालान में सम्बन्धित कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।

2- निविदा की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में प्रखण्ड कार्यालय से देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**अस्थाई प्रखण्ड घनसाली**


# आपदा के समय जीवन रक्षा के संबंध में दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खटीमा में अग्निशमन खटीमा कार्यालय के सदस्यों ने आपदा के समय जीवन रक्षा के संबंध में समस्त विद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। विद्यालय के प्राचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य, ने अग्नि शमन दल के सभी सदस्यों का स्वागत किया।

अग्नि शमन दल के सदस्यों ने विद्यार्थियों को ।.ठ.ब सिलेण्डर से अवगत कराया। साथ ही सूक्ष्म आग बुझाने के संदर्भ में इसकी उपयोगिता को बताया। साथ ही विद्यार्थियों को स्व्ळ सिलेंडर में लगी आग को बुझाने की मॉक ड्रिल भी कराई। जिसमें शिक्षकों ने भी उत्साह से भाग लिया। इसके अलावा अनि शमन दल के सदस्यों ने विशाल आग को बुझाने की भी मॉक ड्रिल कराई। साथ ही आग लगने की स्थिति में आग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर कैसे निकाला जाए इसकी भी मॉक ड्रिल कराई । यह प्रोग्राम एक सफल प्रोग्राम रहा। विद्यार्थियों



ने अग्नि शमन दल के सदस्यों का स्काउट क्लैप बजाकर अभिवादन किया। इस मॉक ड्रिल प्रोग्राम में अग्नि शमन दल के राजेन्द्र सिंह इंचार्ज अग्नि शमन खटीमा कार्यालय, सुन्दर सिंह, प्रदीम कुमार, त्रिभुवन प्रसाद, मनोज कुमार, देवेन्द्र गिरी, दिनेग कापड़ी, चन्द्रकला आर्या और अनीता चुन्द रजवार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह बिष्ट ने किया और कार्यक्रम का संयोजन देवेन्द्र सिंह रावत और हरप्रीत कौर द्वारा किया गया। अंत में, प्राचार्य त्रिभुवन प्रकाश आर्य द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### सूचना

मेरे पुत्र के आधार कार्ड नं0 2758-8351-8803 में त्रुटिवश उसका नाम **शिवांकर (SHIVANKAR)** गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम **शिवांश कोठियाल (SHIVANSH KOTHIYAL)** है। जो उसके जन्म प्रमाण-पत्र पंजीकरण **सं0 2297** में भी दर्ज है। भविष्य में मेरे पुत्र को **शिवांश कोठियाल (SHIVANSH KOTHIYAL)** के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**बबीता कोठियाल पत्नी श्री राजेन्द्र कोठियाल,** निवासी-गली नं0 08, मालवीय नगर दुर्गा मंदिर ऋषिकेश, देहरादून, उत्तराखंड।

# हाई कोर्ट में इंडोर गेम शुरू

## मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र ने किया प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य व उत्तराखंड हाईकोर्ट की स्थापना के रजत जयंती समारोह के क्रम में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित चार द्विवसीय इंडोर गेम प्रतियोगिताओं का मंगलवार की सुबह हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र ने अन्य न्यायाधीशों की मौजूदगी में किया। इस मौके पर मुखय न्यायधीश ने अधिवक्ताओं तथा न्यायिक अधिकारियों व आम जनता को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में राज्य ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है। वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने राज्य स्थापना की रजत जयंती पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की। न्यायमूर्ति



रविन्द्र मैठाणी ने कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर राज्य की मांग उठी थी उन लक्ष्यों की पूर्ति के लिये हर संस्था व वर्ग को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। इस मौके पर न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित समेत न्यायमूर्ति आशीष नैथानी, न्यायमूर्ति आलोक महरा व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय भी समारोह में मौजूद थे। इससे पूर्व मुख्य न्यायधीश व अन्य न्यायधीशों ने टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन व शतरंज तथा कैरम आदि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी इन सभी खेलों में हाथ आजमाए और सभी खिलाड़ियों से खेल भावना का सममान करने की अपील की। बता दें यह सभी प्रतियोगिताएं हाईकोर्ट में मुख्य न्यायधीश ब्लॉक के अलावा उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी में भी होंगे। रजत जयंती वर्ष के क्रम में बुधवार आज को हाईकोर्ट में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जारी रहेगी साथ ही हाईकोर्ट में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा जबकि 12 नवंबर को खेल प्रतियोगिताओं के अलावा मंगोली में वृहद पौधरोपण होगा जबकि 13 नवंबर को खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। खेल प्रतियोगिताओं के उद्घाटन समारोह में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता, सालसा के सदस्य सचिव प्रदीप मणि, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, पूर्व अध्यक्ष एम सी पन्त, ललित बेलवाल, प्रभाकर जोशी, भुवनेश जोशी, कमलेश तिवारी, डीके जोशी, सिद्धार्थ साह, केपी उपाध्याय सहित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य सहित न्यायिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# अलर्ट मोड पर है पुलिस विभागः आईजी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली में हुए बम बलास्ट की गंभीर घटना के दृष्टिगत पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर है। बताया कि नैनीताल समेत पूरे कुमाऊं से सभी जनपदों में रेड अलर्ट घोषित कर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि सभी क्षेत्राधिकारी सहित अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जिनमें पुलिस तथा फायर यूनिट, अभिसूचना तंत्र व बीडीएस स्क्वाड तथा बम डिस्पोजल टीम व पुलिस फोर्स शामिल हैं। आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कुमाऊं रेंज के सभी जनपदों को घटना के बाद से ही अलर्ट मोड पर रखा गया है। बॉडर्स पर लगातार चैकिंग की जा रही है। इसके साथ ही बस अढों समेत रेलवे स्टेशनों, टूरिस्ट प्लेस तथा सार्वजनिक स्थलों, शॉपिंग



मॉल व सिनेमाघरों तथा सभी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कहा कि संदिग्ध गतिविधि पर सतर्क नजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और चेंकिन किया जा रहा है। कुमाऊं के सभी जनपदों के सभी थाने चौकियों को अलर्ट किया है इसके साथ सरकार की एजेंसियों समेत एसएसबी के समन्वय स्थापित करते हुए निरंतर चेकिंग की जा रही है। कहा कि सत्यापन के बाद ही लोगों की आवाजाही की जा रही है।

## एक नजर

### बम विस्फोट में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा ने देश की राजधानी दिल्ली में हुए बम विस्फोट में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धासुमन व्यक्त करते हुए इस जघन्य कांड के दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग केंद्र सरकार से की है। राज्य आंदोलनकारियों ने इस घटना की कड़े शबदों में निदां करते हुए केंद्र सरकार से आंतकवाद के खिलाफ कठोरतम से कठोरतम कदम उठाने की मांग की है। शोक व्यक्त करने वाले में प्रमुख रूप से राज्य आंदोलनकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष शाकिर अली, डा. अखिलेश भट्ट, इंदर सिह नेगी, कंचन चंदोला, मुकेश कांडपाल, महेश जोशी, मुनीर आलम सिद्दीकी, वीरेंद्र जोशी, मनमोहन सिंह कनवाल, पान सिंह सिजवाली, लीला बोरा, मुकेश जोशी तथा विजय पंत आदि शामिल थे।

### फरीदाबाद के पर्यटक की संदिग्ध मौत

**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती पंगोट क्षेत्र में घूमने पहुंचे पर्यटक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कर शव स्वजनों को सौप दिया है। जानकारी के मुताबिक दयालबाग फरीदाबाद हरियाणा निवासी 68 वर्षीय दीपक कुमार कन्नौजिया घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। यहां वह पंगोट क्षेत्र स्थित एक होटल में ठहरे हुए थे। सोमवार देर रात अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। सुबह तड़के स्वजन उन्हें लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मृतक के बेटे से पूछताछ में पता लगा है कि मृतक को शुगर व ब्लडप्रेशर की समस्या थी जिनका स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा था। बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हृदयघात का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के स्पष्ट कारणों का पता लग पाएगा।

### शिक्षकों की कमी पर सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विकास खंड ओखलकाण्डा के बलॉक प्रमुख के.डी. रूवाली के नेतृत्व में ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने भीमताल में जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौपा। रूवाली ने प्रमुख रूप से शिक्षकों की कमी के मुद्दे को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। रूवाली के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा 50 शिक्षकों की विकास खंड में तैनाती करने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रमुख रूप से शिक्षक विहीन विद्यालय जूनियर कैड़ा गांव में शिक्षकों की तैनाती और हाई स्कूल कैड़ा गांव का उच्चारण अगले सत्र तक कक्षाएं चलाने की बात की। रूवाली ने कहा कि यदि शिक्षकों की पूर्ति एवं हाई स्कूल कैड़ा गांव का उच्चारण न होने पर जिला शिक्षा अधिकारी के यहां टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन करेंगे। शिष्टमंडल में क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि व पूर्व ग्राम प्रधान मदन सिंह नौलिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश बिष्ट, जीतू जोशी, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि मुकेश परगाई, पूर्व ग्राम प्रधान खीम सिंह, ग्राम प्रधान कचलाकोट प्रधान प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी शामिल रहे।

### नकुल व नंदिनी ने जीती वाद विवाद प्रतियोगिता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय नैनीताल की टीम में शामिल नकुल साह देव तथा नंदिनी ने उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर श्री देव सुमन विश्वविधालय में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया साथ ही 11 हजार रुपया पुरस्कार जीता। पुरस्कार वितरण विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने किया तथा इस अवसर पर कुलसचिव दिनेश चंद्र सहित अन्य अतिथि शामिल रहे। इस बीच मेधावी छात्रों की इस अहम कामयाबी पर कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत सहित कॉर्डिनेटर प्रो. ललित तिवारी प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो.सुषमा टम्टा, डा. दीपिका पंत, प्रो. दीपिका गोस्वामी, डा. हिमांशु लोहनी तथा डा. दिव्या पांगती ने नकुल एवं नंदिनी को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जल संस्थान के संविदा कर्मी गुस्से में

**नैनीताल।** उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ शाखा नैनीताल के कर्मचारियों ने अकटूबर माह का वेतन अब तक जारी न किए जाने को लेकर मंगलवार को कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि अभी तक वेतन नहीं मिला है जिससे सभी संविदा कर्मियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। मुखय शाखा अध्यक्ष सहित कर्मचारियों ने विभाग से शीघ्र वेतन जारी करने की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि वेतन भुगतान नहीं किया गया तो सभी संविदा कर्मी कार्य बहिष्कार पर जाएंगे जिसकी पूरी जिमेदारी विभाग और ठेकेदार की होगी। इस दौरान अध्यक्ष सीतम बाल्मीकि, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव दयाल कांडपाल, उपसचिव शिवम बाल्मीकि, कोषाध्यक्ष कमल सिंह, संगठन मंत्री टीका राम, प्रचार मंत्री नरेश कुमार तथा कार्यलय मंत्री अनुज कुमार समेत अमर सिंह, सोनू बिष्ट, शंकर, कमल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदीप कुमार, ललित गोस्वामी, इंद्र सिंह, पंकज सिंह, भूपाल सिंह, अर्जुन कुमार, दीवान सिंह बिष्ट, शेरी राम, प्रदीप कुमार, विपिन कुमार तथा दयाल सिंह आदि मौजूद रहें।

# युवती को भगाने वाले आरोपी को मनाली से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र से युवती को भगाने वाले आरोपित को पुलिस ने मनाली (हिमांचल प्रदेश) से गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है वही दूसरी ओर युवती को स्वजनों के सुपुर्द किया गया है। बता दे कि बीते 2 नवंबर रविवार को मल्लीताल निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा था कि सुबह से उनकी बेटी घर से गायब है। जिसके संपर्क में स्वार रामपुर का एक युवक था जो पूर्व में भी बेटी से मिलने उसके स्कूल के बाहर आया करता था। महिला ने युवक पर बेटी को बहला फुसला कर उसका अपहरण करने के आरोप लगाए थे। शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ला काशीपुर स्वार रामपुर निवासी फारुखी के विरुद्ध बीएनएस की धारा -87 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। दूसरी ओर युवती की तलाश में पुलिस टीमों ने सीसीटीवी खंगालने के साथ ही बाहरी शहरों में दंबिश दी। मोबाइल लोकेशन व मुखबिर सूचना पर सोमवार को कोतवाली के एसएसआई दीपक बिष्ट व अन्य पुलिसकर्मियों ने आरो. पित को मनाली हिमांचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया जिसके साथ युवती भी बरामद हो गई। दीपक बिष्ट ने बताया कि आरोपित को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया है। युवती को फिलहाल स्वजनों के सुपुर्द किया गया है।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने मंगलवार को 6वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन रविशंकर समेत सदस्यों पीएस जंगपांगी व एमसी जोशी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत तथा जिला पंचायत को दी जाने वाली धनराशि के मद्देनजर 6वें वित्त आयोग से किए जाने वाले विकास कार्यो के बारे में जानकारी दी। डा. बिष्ट ने कहा कि राज्य की क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत व जिला पंचायत में धनरा. शि पर्वतीय क्षेत्रों में जनसंख्या के आधार पर आवंटन न करते हुए



पर्वतीय क्षेत्रों में क्षेत्रफल व जनसंख्या दोनों ही मानकों को आधार मानकर तीनों पंचायतों को धनराशि का आवंटन किया जाए। कहा कि क्षेत्र पंचायतों को ग्राम पंचायत व जिला पंचायत की ही तर्ज पर विकास खंड स्तर पर अन्य संसाधनों से अपनी आय अर्जित करने के लिए पर्यटक स्थलों, स्थानीय मेलों, बाजारों, पार्किग स्थलों व अन्य संसाधनों से शुल्क संग्रहण करने का अधिकार दिया जाए। उन्होंने कहा कि हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती करने, आपदा के समय तुरंत राहत व पुर्ननिर्माण हेतु विकास खंड स्तर पर विशेष मद सृजित करने, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में मिलने वाली धनराशि के बदले मानदेय देने समेत सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

## अभिनेता तमिश तनेजा ने लिया नैनीताल में जलेबा का मजा

**नैनीताल।** अभिनेता तमिश तनेजा नैनीताल पहुंचे और उन्होंने नैनीताल की मशहूर जलेबा भंडार में पहुंचकर जायका लिया। इस दौरान तनेजा ने नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। जलेबा दुकान के स्वामी रक्षित साह ने बताया कि उन्होंने दुकान के संबंध में जानकारी ली। रक्षित ने उन्हें बताया कि वह खास लोटे वाली विधि से जलेबा बनाते हैं। जलेबी से बड़ी और मोटी होने के चलते इनका नाम जलेबा रखा गया। इसके साथ ही तमिश ने नैनीताल के पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। बता दें नमिश तनेजा भारतीय टेलीविजन अभिनेता हैं, जिन्हें स्वरागिनी-जोड़े रिश्तों के सुर में लक्ष्य माहेश्वरी का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है।

## बुजुर्गों का दल बद्रीनाथ धाम के दर्शन को रवाना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** दीन दयाल उपाध्याय मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो को बद्रीनाथ धाम के दर्शन हेतु मंगलवार को द्वितीय दल चार दिवसीय यात्रा में भेजा गया जिसमें दर्जनों यात्री शामिल रहे। मंगलवार को यात्रा को कुमाऊं मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह सूखाताल से हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। यात्रा नैनीताल से प्रारंभ होकर रानीखेत, कर्णप्रयाग, जोशीमठ, श्री बद्रीनाथ होकर वापस नैनीताल लौटेगी। इस दौरान पर्यटन विकास के मुख्य प्रशास. निक अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट तथा भूपेंद्र क्वीरा मौजूद रहे।

# पीपीजे के छात्रों ने बढ़ाया गौरव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार ने इंटर स्कूल क्रॉस सिल्वर प्रतियोगिता में ओवरऑल तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में आयोजित इंटर स्कूल क्रॉस सिल्वर (डायमंड जुबली 60 वर्ष की उत्कृष्टता) प्रतियोगिता में पार्वती प्रेमा जगती सरस्वती विहार के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग की पाँच दौड़ श्रेणियों में विद्यालय के धावक यशराज (कक्षा 8) ने शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त



किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दूसरी ओर संस्था के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने यशराज की इस अहम कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने जिस अनुशासन व परिश्रम और खेल भावना का परिचय दिया है वह सराहनीय है। इंटर स्कूल स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ओवरऑल तृतीय स्थान प्राप्त करना हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यशराज सहित सभी प्रतिभागियों ने जो प्रदर्शन किया है व अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। मैं समस्त खिलाड़ियों तथा प्रशिक्षक विक्रांत चौधरी को इस कामयाबी के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

# अभिविन्यास दूरस्थ शिक्षा को समझाने में मददगारः प्रो. विनय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र की ओर से जुलाई 2025 सत्र में पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए ओरिएंटेशन (अभिविन्यास) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने शिक्षार्थियों से कहा कि अभिविन्यास कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान और छात्र एक दूसरे से परिचित होकर दूरस्थ शिक्षा की बारीकियों को समझते हुए भावी भूमिका के लिए तैयार होते हैं साथ ही उन्होंने महाविद्यालय के अध्ययन केंद्र के साथ साथ परीक्षा केंद्र बनने की सूचना भी साझा की। अध्ययन केंद्र की समन्वयक डा. जयती दीक्षित ने कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी का प्रयोग करते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय की वेबसाइट पर मुहैया जानकारी को साझा किया साथ ही शिक्षार्थियों को काउंसलिंग, असाइनमेंट प्रवेश ई-एसएलएम तथा परीक्षा आदि के बारे में बताया। डा. दीपक ने परीक्षा पैटर्न एवं ग्रेडिंग सिस्टम को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन डा. जयति दीक्षित ने किया। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के शिक्षार्थी महिमा गोस्वामी, नवीन नाथ, उमेश जोशी तथा ममता आदि उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सी.डि. )/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भीमताल में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव द्वारा बताया गया की शिक्षा का जीवन में महत्व कया है, शिक्षा किस प्रकार हमें एक अच्छे भविष्य की ओर अग्रसर करती है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र जैसे जागरूकता शिविरों का



आयोजन, निशुल्क कानूनी सहायता, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को किस प्रकार से सहायता मुहैया कराता है के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। सचिव द्वारा पाक्सो अधिनियम के बारे में भी बताया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को नशा उन्मूलन, पाक्सो अधिनियम के विषय पर जागरूक किया गया। शि. विर में सब इंस्पेक्टर गुरविंदर कौर द्वारा साइबर सिक्योरिटी अपराध तथा डिजिटल अरेस्ट से संबंधी विधिक जानकारी दी है वहीं एएसआई गणेश सिंह राणा द्वारा भी छात्रों को मोटर वैकिल एकट के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में नालसा टोल फी नंबर 1590 की भी जानकारी साझा की गई। शिविर में प्रभारी प्राधानाचार्या दीपिका पंत, कार्यक्रम प्रभारी अरविंद दीक्षित, बीडीसी मेंबर दुर्गा दत्त पलड़िया सहित समस्त अध्यापक-अध्यापिका उपस्थित रहे।

# काशीपुर के छात्र शैक्षिक भ्रमण पर पहुंचे नैनीताल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के ऊधम. सिंह नगर जिले के राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर के एमएससी (वनस्पति विज्ञान) के विद्यार्थियों ने मंगलवार को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग का भ्रमण किया। इस दौरान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने दल को हर्बेरियम सहित उसक. बनाने तथा हर्बेरियम के विकास पर जानकारी दी। कहा कि हर्बेरियम सबसे पहले यूनिवर्सिटी ऑफ पड्आ इटली से प्रारंभ हुआ तथा सभी वानस्पतिक संस्थानों में बने। उन्होंने पादप वर्गीकरण के इतिहास पर भी चर्चा की जबकि डा. नवीन पांडे ने हर्बेरियम तकनीक की जानकारी दी तथा पटवा सहित उस्मानथुस जिनको की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पौधों के संदर्भित ज्ञान अर्जित किया। दल ने हिमालयन बोटेनिकल गार्डन नारायण नगर का भी भ्रमण किया तथा डा. रजनी रावत ने फर्न तथा आर्किड तथा मेडिशनल प्लांट के महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान प्रो. नीलू लोधियाल सहित भ्रमण दल में प्रो. स्नेहलता, प्रो. केडिया, डा. रेणु रानी तथा डा. परिहार समेत दिशा व वसुंधरा सहित दर्जनों विद्यार्थी शामिल रहे।

# अधूरा छोड़ा बरसाती नाले का काम, भड़की जनता ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जवाहर ज्योति वार्ड वन चौकी के पास बरसाती नाले का कार्य आधा-अधूरा छोड़े जाने के विरा. ेध में क्षेत्रवासियों ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही समस्या का समाधान करने की मांग की है। मंगलवार को नगर आयुक्त द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने कहा कि जवाहर ज्योति वार्ड-37 वन चौकी से चौफुला चौराहे की तरफ डायर्वजन किया लेकिन



बरसाती नाले का कार्य आधा अधूरा खोदकर छोड़ दिया गया। जिससे क्षेत्रवासियों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा खोदी गई सड़क और नाले की स्थिति के कारण मित्रपुरम, कृष्ण कुंज कॉलोनी, कृष्ण धाम कॉलोनी, हरिपुरगांगु, उत्तरांचल कॉलोनी, हरिपुरशील फेस-1, रौतेला कॉलोनी और शिवप्रिया बैंकट हॉल तक आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि शीघ्र ही डायवर्जन के कारण रुका हुआ बरसाती नाले का कार्य पूरा किया जाए और खोदी गई सड़कों को पहले की स्थिति में बहाल किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेताया अगर एक सप्ताह में कार्य पूरा नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में मन्नू गोस्वामी, बच्ची सिंह बोरा, ललित मेर, धना बिष्ट महेन्द्र बोरा, चन्दन सिंह बोरा, लाल सिंह बोरा, गंगा लटवाल, तरूण बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह बोरा, दीपा गोस्वामी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को आज सुनाई जाएगी सजा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल की अदालत ने दिल्ली निवासी एक युवक को शादी का झांसा देकर हल्द्वानी की एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का दोषी ठहराया है। जिसे अब बुधवार आज सजा सुनाई जाएगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार बनभूलपुरा थाने में एक युवती ने पश्चिमी दिल्ली निवासी अकरमुल हक पुत्र रफीक के खिलाफ 4 जनवरी 2020 को रिपोर्ट लिखाई कि वैवाहिक सोशल साइड पर आरोपी ने वर्ष 2017 में उसे फेंड रिक्वेस्ट भेजी जिसे उसने स्वीकार कर लिया। बाद में आरोपी ने उससे शादी का इजहार किया और वह 27 अगस्त 2018 को हल्द्वानी मिलने आ गया जिसके बाद वह उसे 25 जून 2019 तक हल्द्वानी व दिल्ली के कई होटलों में ले गया। जहां उसने जबरन शाररिक संबन्ध बनाए लेकिन जून 2019 में उसने पीड़िता को हल्द्वानी भेज दिया और शादी के लिये 6 माह का समय मांगा लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया जिसके बाद आरोपी को फरवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पुलिस जांच समेत होटलों के रिकॉर्ड आदि के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का दोषी ठहराया है जिसे अब बुधवार आज सजा सुनाई जाएगी। दूसरी ओर दोषी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है।

## युवक ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** माता-पिता की मौत के बाद बेरोजगारी का दंश झेल रहे एक युवक ने सोमवार को जहर खाकर जान दे दी। उसे गंभीर अवस्था में कालाढूंगी से सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार धमोला कालाढूंगी निवासी 35 वर्षीय लोकेश पांडे पुत्र स्व. खष्टी बल्लभ पांडेय यहां अपने छोटे भाइयों के साथ रहता था। बताया जा रहा कि उसके माता-पिता की काफी समय पहले मौत हो चुकी है और तभी से लोकेश अपनी बेरोजगारी के चलते काफी परेशान रहने लगा था। बीते सोमवार की शाम वह घर पहुंचा और कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। भाइयों के पूछने पर बताया कि उसने सल्फास खा लिया है। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उसे कालाढूंगी स्थित एक अस्पताल ले जाया गया। हालात नाजुक होने पर उसे सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया।

# पीजीआईसीओएन सम्मेलन कल से



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में और डब्ल्यूएचओ कोलैबोरेटिंग सेंटर फॉर इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर, जेपीएनएटीसी, तथा एम्स नई दिल्ली के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पीजीआईसीओएन-2025 का आयोजन 13 से 15 नवंबर तक काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भुजियाघाट में किया जाएगा। मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते हुए पाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. अशोक पाल ने बताया कि इस सम्मेलन में देशभर से 800 से अधिक प्रतिभागी और 100 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भाग लेंगे। ये विशेषज्ञ मेडिकल, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े होंगे। यह पहली बार है जब भारत में सभी चिकित्सा प्रणालियों के विशेषज्ञ एक ही मंच पर एकत्र हो रहे हैं, ताकि स्वास्थ्य संवर्धन, रोग की रोकथाम और आपातकाल. ीन प्रबंधन पर साझा प्रयासों के माध्यम से चर्चा की जा सके। उन्होंने बताया पीजीआईसीओएन-2025 का मुख्य फोकस ट्रांसडिसिप्लिनरी ट्रांसलेटरी रिसर्च पर होगा। इसका उद्देश्य विभिन्न चिकित्सा प्रणालियों के ज्ञान और वैज्ञानिक शोध को जोड़कर जटिल स्वास्थ्य समस्याओं के अधिक प्रभावी समाधान की दिशा में काम करना है। पत्रकार वार्ता में डा. अजय पाल, डब्ल्यूएचओ सीसीईटी के डायरेक्टर डा. तेज सिन्हा, काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. विनय कुमार खुल्लर, क्षेत्रीय नर्सिंग लीड, एसईएआर डब्ल्यूएचओ सीसीईटी रूपा रावत सिंघवी मौजूद रहे।

## सेनेटरी नेपकिन बेडिंग मशीन की स्थापना

**हल्द्वानी।** सौहार्द जन सेवा समिति ने महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में एक सेनेटरी नेपकिन बेडिंग मशीन की स्थापना की। संस्था की अध्यक्ष, विद्या महतोलिया ने बताया कि यह पहल बालिकाओं को सशक्त करने, उनकी सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की गई है, क्योंकि इस कॉलेज में ऐसी मशीन पहले उपलब्ध नहीं थी। इस मशीन में 50 सेनेटरी पैड्स रखे गए हैं, और हर पैड प्राप्त करने के लिए पांच रुपए का सिक्का डालना होगा। इसके माध्यम से जो भी ढाई सौ रुपए की आमदनी होगी, उससे संस्था पुनः मशीन में पैड्स डालेगी, ताकि यह सुविधा निरंतर बनी रहे। इसके अलावा, कॉलेज की बालिकाओं को एक-एक पैड भी वितरित किया गया। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रश्मि राज खेडा ने संस्था के कार्य की सराहना की।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत में 15 साल से टेस्ट नहीं जीता द. अफ्रीका



● **स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत दौरे पर है, जहां उसे दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अफ्रीकी टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा, क्योंकि वह 15 साल से भारत में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है।

हालांकि, साउथ अफ्रीका जून 2025 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद एक भी सीरीज नहीं हारा है। दोनों टेस्ट मैच कोलकाता और गुवाहाटी में होंगे। यहां की स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन तीनों के साथ चाइनामैन कुलदीप यादव साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए बड़ी परेशानी साबित हो सकते हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा टीम के साथ सोमवार को कोल. काता पहुंचे। पाकिस्तान में ड्रा खेला साउथ अफ्रीका ने 11 से 14 जून के बीच लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को हराकर डब्ल्यूटीएपफ का खिताब जीता था। इसके बाद अफ्रीकी टीम ने जिम्बाब्वे दौरे पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया, जबकि पाकिस्तान दौरे पर खेली गई दो मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रा रही। साउथ अफ्रीका के इस अजेय अभियान को शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम रोक सकती है। ऐसा क्यों हो सकता है, इसे हम यहां 6 फैक्टर्स में बता रहे हैं। पिछले 15 साल से भारत में नहीं जीता साउथ अफ्रीका साउथ अफ्रीका पिछले 15 साल से भारतीय सरजमीं पर कोई टेस्ट मैच नहीं जीत सका है। टीम को आखिरी जीत 2010 में नागपुर में ग्रीम स्मिथ की कप्तानी में मिली थी। तब अफ्रीका ने भारत को पारी और 6 रन से हराया था।

उस मैच में हाशिम अमला ने नाबाद 253 रनों की शानदार पारी खेली थी और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए थे। उस मुकाबले के बाद दोनों टीमों के बीच भारत में 8 टेस्ट खेले गए हैं, जिनमें अफ्रीका को 7 में हार मिली है और एक ड्रा रहा है। साउथ अफ्रीका ने 1996 में पहली बार भारत का दौरा किया था। उसने भारत में 1999 में अपनी पहली और अब तक की एकमात्र टेस्ट सीरीज जीत हासिल की थी। अब तक भारत में दोनों टीमों के बीच 7 टेस्ट सीरीज हुई हैं। भारत ने 4 जीती हैं, साउथ अफ्रीका ने 1 जीती, जबकि 2 सीरीज ड्रा रही हैं। धीमे विकेट पर बल्लेबाजी भी आसान नहीं होगी भारतीय पिचें साउथ अफ्रीकी टीम के बैटर्स के लिए बड़ा सिरदर्द बन सकती हैं। सीरीज का पहला मैच कोलकाता और दूसरा गुवाहाटी में खेला जाएगा। आमतौर पर भारतीय पिचें धीमी और स्पिन फ्रेंडली होती हैं। ऐसे में यहां बल्लेबाजी करना अफ्रीकी बैटर्स के लिए आसान नहीं होगा। केशव महाराज के अलावा किसी के पास अनुभव नहीं 15 दिन पहले भारतीय दौरे के लिए घोषित साउथ अफ्रीकी टीम में 3 स्पेशलिस्ट स्पिनर चुने गए हैं। इनमें केशव महाराज के अलावा, कोई अन्य अनुभवी स्पिनर नहीं है। केशव महाराज ने अब तक 60 टेस्ट मैच खेले हैं, इनमें उन्हें 212 विकेट मिले हैं।

# वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच होगी टी-20 सीरीज

● **दोंनों टीमों के बीच 19 जनवरी से 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के बीच अगले साल शारजाह में 19 जनवरी से तीन टी-20 मैचों में सीरीज खेली जाएगी। भारत और श्रीलंका में अगले वर्ष फरवरी में होने वाले टी-20 विश्वकप के मद्देनजर 19 से 22 जनवरी तक शारजाह में होने वाली यह द्विपक्षीय सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने इस सीरीज के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह सीरीज हमारी तैयारी के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करती है। उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में मजबूत प्रतिद्वंदियों का सामना करने से हमें अपने संयोजन और रणनीति को निखारने तथा उनके खिलाड़ियों को भारत और श्रीलंका जैसी पिचों पर आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज ने पिछला टी-20 विश्वकप की मेजबानी की थी, जहां वे सुपर एट स्टेज तक पहुंचे थे लेकिन नॉकआउट में नहीं पहुंच पाए थे। अफगा उस स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचा था। दोनों टीमों ने एक- दूसरे के खिलाफ आठ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें विंडीज ने पांच और अफगानों ने तीन मैच जीते है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरई की मेजबानी में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का बुधवार को यहां अनावरण करेंगे। जूनियर हॉकी विश्वकप की यह ट्रॉफी अपने प्रमोशनल टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में घूमते हुए कल यहां पहुंच रही है और लखनऊ में रुकने के बाद यह उदयपुर जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास में आयोजित एक खास समारोह में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। अनावरण समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल आरके श्रीवास्तव, खेल सचिव सुहास, खेल निदेशक डॉ. आरपी व यूपी हॉकी के महासचिव रजनीश शामिल होंगे।

### वीनस 2026 सीजन से पहले प्रदर्शनी टेनिस मैच में मैडिसन कीज का सामना करेंगी

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स 2026 सीजन से पहले एक प्रदर्शनी टेनिस मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता हमवतन मैडिसन कीज का सामना करेंगी। शार्लोट स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह मुकाबला नॉर्थ कैरोलिना के स्पेक्ट्रम सेंटर में खेला जायेगा। चार बार की ओलंपिक चैंपियन वीनस विलियम्स चार दिसंबर को इस प्रदर्शनी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 की विजेता मैडिसन कीज के खिलाफ खेलेंगी।

# आयरलैंड टेस्ट मैच के पहले दिन बनाए आठ विकेट पर 270 रन

● **पॉल ने 60 रन और माइकल ने 59 और कैम्फर ने 44 रनों की पारी खेली**

**बांग्लादेश, वार्ता।** पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59), कर्टिस कैम्फर (44) और लोर्कन टकर (41) के योगदान से आयरलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को स्टंप के समय आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है। यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड को हसन महमूद ने पहले ही ओवर में कप्तान एंडी बालबर्नी (शून्य) को आउटकर पहला झटका दिया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कैड कारमाइकल ने पॉल स्टर्लिंग के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में नाहिद राणा ने पॉल स्टर्लिंग को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। पॉल स्टर्लिंग ने 76 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में मेहदी हसन मिस्राज ने हैरी टेक्टर (एक) को अपना शिकार बना लिया। 44वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने कैड कारमाइकल को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई। कैड कारमाइकल ने 129 गेंदों में सात चौकों की मदद से 59 रनों की जूझारू पारी खेली। पांचवें विकेट के रूप में कर्टिस कैम्फर 44 रन बनाकर आउट हुए।

उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद हसन मुराद ने लोर्कन टकर को विकेटकीपर लिटन दास के हाथों स्टंप कराकर पवेलियन भेज दिया। लोर्कन टकर ने 80 गेंदों में तीन चैके और दो छक्के लगाते हुए 41 रन बनाए। एंडी मैकब्राइन (पांच) और जॉर्डन नील 30 रन बनाकर आउट हुए।

दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने 90 ओवरों में आठ विकेट पर 270 रन बना लिए है और बैरी मैकार्थी (नाबाद 21) क्रीज पर मौजूद है। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने तीन विकेट लिए।

# जम्मू-कश्मीर ने दिल्ली को हराया

● **कामरान इकबाल ने नाबाद 133 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में भागेदारी निभाई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कामरान इकबाल (नाबाद 133) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में दिल्ली को सात विकेट से हराया। जम्मू-कश्मीर ने कल के 55 रन पर दो विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कामरान इकबाल ने तेजी के साथ रन बटोरे। उन्होंने वंशराज शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट 38वें ओवर में 134 के स्कोर पर वंशराज शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान पारस डोगरा ने कामरान इकबाल के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत दिलाई। जम्मू-कश्मीर ने 43-3 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया। इस दौरान कामरान इकबाल ने अपना शतक पूरा किया। कामरान इकबाल ने 147 गेंदों में 20 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 133 रनों की नाबाद पारी खेली। पारस डोगरा 12 गेंदों में 10 रन बनाकर नाबाद रहे। 35 रन देकर पांच विकेट लेने वाले जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज अकीब नबी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। दिल्ली के लिए )तिक शौकीन ने दो और मनन भारद्वाज ने एक विकेट लिया। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के वंशराज शर्मा ने दिल्ली को दूसरी पारी में 277 के स्कोर पर समेट दिया था। इसके अलावा दिल्ली ने पहली पारी में 211 रन बनाए थे। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में कप्तान पारस डोगरा (106) और अब्दुल समद (85) के योगदान से 310 रनों का स्कोर बनाया था। इसके अलावा मुम्बई ने शम्स मुलानी (पांच विकेट) और मुशीर खान (दो विकेट) के प्रदर्शन के दम पर हिमाचल प्रदेश को पारी और 120 रनों से हराया। मुशीर खान को 112 रन, 1/9 और 2/23 के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।





# जैनिक सिनर ने फेलिक्स को हराया

**इटली, वार्ता।** विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खिताबा के बचाव की शुरुआत ओलंपिक मिश्रित युगल के कांस्य पदक विजेता फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे पर जीत के साथ की। इटली के दिग्गज सिनर ने सोमवार को इंडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 7-5, 6-1 से हराकर लगातार 27वीं जीत हासिल की। यह एटीपी फाइनल्स में बिना ब्रेक हुए उनकी लगातार छठी जीत है। मैच जीतने के बाद सिनर ने कहा कि यहां खेलने का एक नया एहसास है, कोर्ट थोड़ा अलग है, इसलिए मैं खुश हूं कि हमने कैसे एडजस्ट किया। आपको पूरे मैच में फोकस रहना होता है, जैसे ही आप एक ब्रेक देते हैं, रिकवर करना बहुत मुश्किल हो जाता है। आज, मैं बहुत फोकस्ड था। मैं खुश हूं, देखते हैं अगला मैच कैसा जाता है।

# सम्राट ने आईएसएसएफ में जीता सोना

**मिस्र, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सम्राट राणा और वरुण तोमर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। मिस्र के काहिरा में सोमवार को हुई प्रतियोगिता की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सम्राट राणा 586-27गग के स्कोर के साथ क्वालीफाइंग राउंड में शीर्ष पर रहे और हमवतन वरुण तोमर (586-26ग) दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल राउंड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिस्रली, लेकिन 20 वर्षीय सम्राट राणा ने 243-7 अंकों के साथ चीन के हू काई को 0-4 अंकों से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरुण तोमर 221-7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। यह राणा का किसी अंतरराष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता में पहला पदक है। इससे पहले उन्होंने 2022 जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पुरुष और मिस्रश्रित टीम एयर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए थे। सम्राट राणा, वरुण तोमर और श्रवण कुमार, जो क्वालीफायर में 582-16ग के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे, ने भी कुल 1754 अंक बनाकर भारत को टीम स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और स्वर्ण पदक जिताया। इटली और जर्मनी ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। इससे पहले, मनु भाकर (580-20ग) और ईशा सिह (583-25ग) महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफायर में क्रमशः छठे और चौथे स्थान पर रहीं और पदक राउंड में जगह पक्की की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया। वहीं व्यक्तिगत पदक नहीं जीत पाई। सुरुचि सिह (577-17ग) 14वें स्थान पर रहीं और जगह बनाने से चूक गईं, लेकिन उन्होंने टीम इवेंट में 1740-62ग के स्कोर के साथ भारत को रजत पदक दिलाने के लिए योगदान दिया। चीन की टीम ने 1752-76ग के वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने 1729-58ग के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में मनु और ईशा सिह दोनों ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकीं। मनु 139.5 अंक बनाकर सातवें स्थान पर रहीं, जबकि ईशा 159-2 अंकों के साथ अपनी सीनियर हमवतन साथी से एक स्थान ऊपर रहीं। मनु भाकर और ईशा सिह के पास महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पदक जीतने का एक और मौका होगा। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा की एंट्री लिस्ट में भी शामिल हैं।

## सीएबी ने ईडन गार्डन्स में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने रविवार से ईडन गार्डन्स में होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के मद्देनजर कोलकाता पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करने का आग्रह किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को हुए विस्फोट के मद्देनजर शहर हाई अलर्ट पर है। दिल्ली विस्फोट के बाद ईडन गार्डन्स और शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्गों और सभी प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था और व्यापक सुरक्षा घेरा लागू करने की मांग मुख्य रूप से दिल्ली में लाल किले के पास घातक कार बम विस्फोट को देखते हुए की गई है। कोलकाता पुलिस आयुक्त ने सोमवार को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिग में सभी पुलिस थानों के अधिकारियों को आगामी टेस्ट मैच के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था सही करने को कहा।

## पचुका ने मुख्य कोच जैमे लोजानो को हटाया

**मेक्सिको सिटी, वार्ता।** मेक्सिको के शीर्ष क्लब पचुका ने टीम के मैनेजर और मुख्य कोच जैमे लोजानो को पद से हटा दिया है। मेक्सिको के फुटबॉल पचुका ने सोमवार को यह घोषणा लीगा एमएक्स रेगुलर सीजन के आखिरी मैचडे पर सैंटोस लगुना से 1-0 से हारने के बाद की। इस हार के साथ पचुका तालिका में नौवें स्थान पर आ गया, जिससे हिडाल्गो-बेस्ड क्लब को सडन-डेथ प्ले-इन राउंड में खेलना पड़ा। पचुका की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि खुली बातचीत और आपसी सहमति के बाद, जैमे लोजानो और हमारे संस्थान ने हटाने का फैसला किया है। पचुका 19 नवम्बर को पुमास यूएनएएम की मेजबानी करेगा, जिसमें जीतने वाली टीम को अंतिम आठ में जगह बनाने के लिए क्लब तिजुआना और जुआरेज के बीच दूसरे प्ले-इन मुकाबले में हारने वाली टीम से भिड़ना होगा।

# 24 नवम्बर से होगा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स

● **राज्य के साथ शहरों अजमेर जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा और जोधपुर में यह गेम्स होंगे**

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान में युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने तथा युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का 24 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक आयोजन किया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन पहली बार राजस्थान में होगा। राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में ए गेम्स खेले जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समिस्रतियों का गठन कर दिया गया है। राजस्थान




राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समिस्रतियों का गठन कर गेम्स के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स का सीधा प्रसार भारती द्वारा कराया जाएगा। मुख्यमंत्री स्तर पर यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निरंतर निर्देशित किया जा रहा है। सभी खेल अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर खेलों के सुनियोजित आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जयपुर सहित सभी संभागीय मुख्यालयों पर खेल मैदान तैयार किए जा चुके हैं। सभी संबंधित विभाग भी आपसी समन्वय से इन खेलों की तैयारियों को लेकर काम कर रहे हैं। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में देशभर से लगभग 200 विश्वविद्यालय भाग लेंगे। बारह दिनों तक चलने वाले खेलों के इस महाकुंभ में 24 खेलों में सात हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित होने वाले इन खेलों का आयोजन संभागवार किया जाएगा, जिसके तहत जयपुर में 11, उदयपुर में तीन, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जोधपुर एवं कोटा में दो-दो खेलों का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को केआईयूजी के लोगो, मैस्काट, एंथम, टॉर्च और जर्सी का आमेर किला के जलेब चौक पर अनावरण किया जाना प्रस्तावित है। केआईयूजी 2025 में 23 पदक विजेता खेल और एक प्रदर्शन खेल शामिस्रल होंगे। पदक विजेता खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिस्रटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंभ, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिग शामिस्रल हैं। खो-खो एक प्रदर्शन कार्यक्रम होगा। पहली बार, केआईयूजी में बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग, कयाकिग और साइकिलिंग को शामिस्रल किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के माध्यम से जहां एक तरफ युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा। देश को नई-नई खेल प्रतिभाएं भी मिलेंगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश-प्रदेश के खिलाड़ी खेलों में नए आयाम स्थापित करेंगे। इस आयोजन से राज्य में भी खेलों के परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

# मेलबर्न रेनेगेड्स ने सिडनी थंडर को रौंदा

● **कप्तान जॉर्जिया ने दो विकेट लेने के बाद 58 रनों की पारी खेलकर टीम को जिताया**

**एडिलेड, वार्ता।** कप्तान जॉर्जिया वेयरहम (दो विकेट/ 58 रन) के शानदार प्रदर्शन के दम पर मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) टूर्नामेंट में सिडनी थंडर के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की और लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

चोटिल सोफी मोलिनक्स की जगह खेलते हुए वेयरहम ने 149 रनों के लक्ष्य का पीछा किए जाने के दौरान 32 गेंदों में 58 रन बनाए और इससे पहले लेग स्पिन गेंदबाज वेयरहम ने 25 रन देकर 2 विकेट भी लिए। वेयरहम ने सिर्फ दो दिन पहले ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था और इस मैच में उन्होंने अपने प्रदर्शन को दोहराया। मैच के दौरान कई बार बारिश हुई, लेकिन खिलाड़ी खेलते रहे। थंडर ने अपने 20 ओवर में सात विकेट पर 148 रन बनाए, जिसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी



रेनेगेड्स एक समय 73 रन पर 5 विकेट खोकर मुश्किल में थी। ऐसे संकट के समय वेयरहम और निकोल फाल्टम (26 गेंदों में 37 रन) ने मिस्रलकर मैच जिताने वाली साझेदारी की। जिससे मेजबान टीम 11 गेंदें बाकी रहते मुक. ाबला जीत गई।

इससे पहले, थंडर को जॉर्जिया वोल (26) और ताहलिया विल्सन (30) ने अच्छी शुरुआत दी थी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े थे। इसके बाद 79 रन तक अपने चार विकेट गंवा दिए और इसका श्रेय काफी हद तक वेयरहम को जाता है। वेयरहम ने अपने चार सटीक ओवरों में थंडर की खतरनाक कप्तान फोबे लिचफील्ड को मात्र 12 रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया।

CMYK



### दिल्ली में ब्लास्ट के बाद उत्तराखंड में अलर्ट

# बॉर्डरों पर सघन चेकिंग अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**गुरुकुल नारसन।** दिल्ली में हुआ कल ब्लास्ट को लेकर पूरे देश में अलर्ट जारी कर दिया गया है तो वहीं उत्तराखंड मैं भी अलर्ट कर दिया गया है राज्य के तमाम बॉर्डरो पर चेकिंग के साथ सख्त निगरानी रखी जा रही है यूपी से सटे नारसन बॉर्डर पर भी सघन चौकिग में अभियान चल रहा है ।

मंगलौर पुलिस भी अलर्ट मोड पर है उत्तराखंड बोर्डर नारसन पर तमाम वाहनों की चेकिंग की जा रही है दिल्ली में लाल किले के पास हुए ब्लास्ट में 10 लोगों की मृत्यु हो गई है जिसको लेकर देश में अलर्ट जारी कर दिया गया है रात के समय से हे विशेष चेकिंग की जा रही है वही वही उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ने वाली लिंक रोड पर कड़ी पहरेदारी की जा रही है तो मुजफ्फरनगर के जरिए उत्तराखंड में खानपुर व श गुरुकुल नारसन व सहारनपुर जनपद सेउत्तराखंड में प्रवेश करने वाले झबरेड़ा ,तथा भगवानपुर क्षेत्र में भी यूपी से सटे बॉर्डर पर सख्त निगरानी के साथ सघन चेकिंग अभियान चल रहा है।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री का भाजपा नेता सुबोध राकेश ने किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** देवभूमि उत्तराखंड हरिद्वार पहुंचे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी का सभी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसी दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने भी हरिद्वार डाम कोठी पहुंचकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी का भव्य स्वागत किया। पूर्व दर्जा मंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश ने शिक्षा मंत्री से भगवानपुर व ज्वालापुर क्षेत्र के में शिक्षा की बेहतरी के लिए कई मुद्दों पर वार्ता की और अनेक विचारों पर चर्चा की। इस शुभ अवसर पर पवन तोमर,सुशील चौहान, योगेश चौहान, अमित कुमार, सचिन सिंह, वीरेंद्र सिंह, और समस्त कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।



## आपस में झगड़ा कर रहे दो गिरफ्तार

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव मे सोमवार देर शाम को पुलिस द्वारा दो व्यक्तियों को आपस में गाली गलौज मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शाँति भंग में कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि सोमवार देर शाम ग्राम लाठरदेवहुण निवासी शेखर व शाह रूख दोनों गांव में सड़क पर ही खड़े होकर आपस में गाली गलौज व मारपीट कर झगड़ा कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा झगडा कर रहे उक्त दोनों लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा समझाने पर भी नहीं समझने पर उक्त दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। दोनों के खिलाफ शाँति भंग में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं।

# कोल्हू स्वामी व किसानों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बा व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में स्थित गन्ना कोलहूओ मैं विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बिल में बढ़ोतरी करने के लिए किसानों को दिए जा रहे फार्म पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा जबरदस्ती हस्ताक्षर करने के संबंध में कस्बे के किसानों द्वारा बैठक कर ऊर्जा विभाग के प्रति रोष व्यक्त करते हुए विद्युत बिल बढ़ाने का पूर जोर विरोध किया गया। विद्युत बिल बढ़ाने के विरोध में आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

किसानों का कहना है की कस्बा व आसपास ग्रामीण क्षेत्र के गांव ग्राम भक्तों वाली कोटवाल आलमपुर तथा खाता खेड़ी आदि में गन्ना पेराई कर गुड बनाने का कार्य काफी समय से किया जा रहा है। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 70 गन्ना कोलहू संचालित किया जा रहे हैं। किसान महकार सिंह चरण सिंह यशवीर सिंह जुल्फकार अली डॉक्टर भूरा अहमद हसीन अहमद बाबू आदि का कहना है कि कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में गन्ना कोलहू संचालित कर गुड बनाने का कार्य काफी समय से किया जा रहा है। कई दिनों से विद्युत विभाग की ओर से विद्युत बिलों में बढ़ोतरी करने के लिए गन्ना कोलहूओं में विभाग के कर्मचारी आकर विद्युत बिल बढ़ाने वाले फार्म पर जबरदस्ती हस्ताक्षर करवा रहे हैं। फार्म पर हस्ताक्षर न करने पर विद्युत कनेक्शन काटने की धमकी दी जा रही है। गन्ना कोलहू संचालित कर रहे किसानो व मजदूरों का कहना है कि गन्ना कोलहू कोई उद्योग नहीं है ।जिससे हजारों गाना कलुआपर काम करने वालों की रोजी-रोटीका सवाल है। इस संबंध में किसानों द्वारा क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाति से भी बुधवार को मिलकर अपने उक्त समस्या से अवगत करा कर विद्युत बिल न बढ़ाये जाने की मांग की जाएगी। झबरेड़ा में स्थित सब विद्युत स्टेशन पर कार्यरत एसडीओ मोहम्मद रिजवान का कहना है कि इस समय गन्ना कोलहू नलकूप विद्युत संयोजन आर टी एस चार मैं चल रहे हैं इसे आर टी एस चार वन मैं परिवर्तित कर विद्युत बिल बढ़ाए जाने का प्रावधान विभाग के उच्च अधिकारियों के आदेश पर किया जा रहा है।बैठक में इलियास अहमद बाबूराम मांगेराम मुंतजिर अहमद इरशाद अहमद नसीम दिलशाद बालू निशु कुमार महफूज अश्वनी कुमार धर्मपाल सिंह अरशद अहमद सुलेमान मलिक पप्पू राजपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# वार्डो शुरू हुआ पेड़ लगाओ अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** वार्ड नंबर 28 में पेड़ लगाओ अभियान की शुरुआत पौधारोपण के साथ हुई। पार्षद ने कहा कि पूरे वार्ड में अभी 160 पेड़ लगाए जाने के प्रस्ताव पास हुए हैं जिसके बाद इस कार्य को और भी गति दी जाएगी।

रुड़की राजकीय इंटर कॉलेज के बाहर आयोजित कार्यक्रम में पार्षद ताहिर अहमद ने कहा कि नगर निगम बोर्ड की पहली बैठक में उनके द्वारा वार्ड में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए जाने का प्रस्ताव रखा गया था जिसमें 160 पौधे ट्री गार्ड के साथ लगाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हुआ था उस कार्य को आज शुरू किया गया है उन्होंने कहा कि इसके बाद अन्य स्थानों पर भी पौधारोपण किया जाएगा। व्यापार मंडल के महामंत्री कमल चावला ने कहा कि स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य और पर्यावरण भी आवश्यक है जिसमें पेड़ पौधे सबसे अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आयुर्वेदिक एवं फलदार पौधे ही लगाए जाएंगे जिसका लाभ क्षेत्र वासियों एवं आने वाली पीढ़ी को मिले। इस अवसर पर महेश गिरी गोस्वामी, टोनी,प्रियेश,ग्रीस,गोविंद राणा,विजय शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा,भूपेंद्र सैनी, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली गंग नहर पुलिस द्वारा शाँति व्यवस्था भंग करने पर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। चेतक कांस्टेबल लाल सिंह, होमगार्ड अनुज पाल के देखरेख क्षेत्र शाँति एवं कानून व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरायम अंदर इलाका थाना हाजा क्षेत्र में रवाना थे, थाना हाजा से सूचना प्राप्त हुई की कृष्णा नगर गली नंबर 25 में झगड़ा हो रहा है, इस सूचना पर हम कर्मचारी गण मौके पर पहुंचे तो वहां पर एक व्यक्ति आशु राणा पुत्र भूपेंद्र राणा निवासी गली नंबर 25 कृष्णा नगर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार अपनी माता श्रीमती मुनेश राणा के साथ आमदा फसाद हो रहा था, जिसे हम पुलिस कर्मचारी गणों द्वारा काफी समझाया गया किंतु नहीं माना शाँति व्यवस्था भंग होने के दृष्टिगत उक्त व्यक्ति को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए धारा 170 से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। व कांस्टेबल अजय बिष्ट होमगार्ड अमित के रवाना शुदा, देखरेख क्षेत्र, शाँति व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरायम में मामूर थे, जब हम कर्मचारी गण गश्त करते हुए रेलवे स्टेशन रुड़की पहुंचे तो वहां पर एक व्यक्ति शुभम पुत्र जौहर सिंह आने जाने वाले लोगों पर आमदा फसाद हो रहा था, जिसे शाँति व्यवस्था भंग होने की दृष्टिगत धारा 170 से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त गणों उपरोक्त आशु राणा व शुभम को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### गुड वर्क : मंगलौर पुलिस ने महज 8 घंटे में किया लूट का खुलासा

# दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**❖बाइक व लूटा गया मोबाइल, लैपटॉप व सामान बरामद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई एक बाइक सवार से लूट की वारदात को महज 8 घंटों में खुलासा करते हुए दो क्षत्रिय लिटन को गिरफ्तार कर लूटी गई बाइक, लैपटॉप और अन्य सामान उनके कब्जे से बरामद किया हैं। पुलिस दोनों लुटेरों के खिलाफ विधिक कार्यवाही में जुटी हुई हैं।

जानकारी के अनुसार हरजौली जट निवासी आयुष शर्मा ने सोमवार की देर रात स्वयं के साथ लूट की घटना की जानकारी पुलिस को दी थी। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच की। और सूचना आला अधिकारियों को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल और मंगलौर सीओ के पर्यवेक्षक में तत्काल टीम का गठन किया और जल्द अधीनस्थ अधिकारियों को जल्द खुलासा करने के दिशा-निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने तत्काल एक्शन लेते घटनास्थल पर पहुंचे। और बारीकी से जांच की। और जिम्मेदारी नारसन चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज को सौंपी। उच्च अधिकारियों के विश्वास पर खरा उतरे हुए नारसन चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने महज 8 घंटों के भीतर मामले का पटाक्षेप कर दिया। और वारदात में शामिल 2 लुटेरों राहुल कुमार मोहकम निवासी ग्राम मन्नाखेडी थाना मंगलौर हाल पता मौ०पुर जट्ट कोत० मंगलौर व गौतम कुमार पुत्र राकेश निवासी ग्राम मौहम्मदपुर जट्ट कोत० मंगलौर जिला हरिद्वारको गिरफ्तार कर किया। पुलिस टीम ने लुटेरों से लूट कर लेकर बाइक, लैपटॉप, बैग समेत अन्य सामान बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। पुलिस टीम में नारसन चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज व सिपाही पंकज चौधरी सुधीर विक्रान्त, सिकन्दर आदि शामिल रहे।



### मैदानी क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को लेकर

# कलियर विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जेएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य के मैदानी क्षेत्र से संबंधित नागरिकों की संवैधानिक समस्याओं के समाधान हेतु कार्यवाही की मांग को लेकर लोकतांत्रिक जन मोर्चा के बैनर तले पर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी, रुड़की के माध्यम से भेजा गया। लोकतांत्रिक जन मोर्चा संयोजक सुभाष सैनी ने कहा कि हम उत्तराखंड राज्य के मैदानी क्षेत्र में निवासरत नागरिक गण महामहिम राष्ट्रपति को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की के माध्यम से राज्य की आधी आबादी से संबंधित कुछ अति आवश्यक एवं जनहित के मुद्दों पर समुचित कार्रवाई हेतु ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं।

कलियर विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं, नौकरियों एवं शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर मिले। वैज्ञानिक सरदार एमएस कालरा ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं नियुक्तियों और शैक्षिक अवसरों में राज्य के प्रत्येक नागरिक के साथ सम्मान संवैधानिक व्यावहारिक किया जाए ताकि उत्तराखंड के सभी क्षेत्र समान रूप से विकास की प्रक्रिया में सहभागी बन सकें। ज्ञापन देने वाले सभी प्रतिनिधियों ने कहा कि उपरोक्त बिंदुओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए इस संबंध में उत्तराखंड राज्य सरकार को इन मुद्दों पर अभिलंब निदान हेतु जनहित में कार्रवाई करने का निर्देश देने की कृपा करें।

## एक फरार वारंटी गिरफ्तार

**रूडकी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती बारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक के द्वारा उप निरीक्षक सूरत शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए रवाना किया गया जिसके क्रम मे पुलिस टीम के द्वारा एक वारंटी दीपक पुत्र मेवालाल को उसके मसकन डबल फाटक से गिरफ्तार किया गया है जो लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम उप निरीक्षक सूरत शर्मा, कांस्टेबल वीरेंद्र, नरेश जोशी, रणवीर शामिल रहे।

# बीएसएम के छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बीएसएम इण्टर कॉलेज रुड़की मे एनसीसी के छात्रों ने उत्तराखण्ड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता रैली निकाली कॉलेज के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और बीएसएम शिक्षण संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को रवाना करने से पूर्व प्रबंधक और सचिव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड स्थापना दिवस पर छात्रों ने जिस प्रकार सफाई अभियान चलाया, जागरूकता रैली निकाली वे बधाई के पात्र हैं और जिस तरह से सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा और हिंदुस्तान में उत्तराखण्ड हमारा एक अलग ही पहचान रखता है और उत्तराखण्ड की रजत जयंती मानते हुए हमें बड़े ही हर्ष का और उल्लास का अनुभव हो रहा है। प्रबंधक महोदय और सचिव महोदय ने छात्रों को उत्तराखण्ड के बारे में विस्तार से बताया की किस प्रकार 9 नवंबर 2000 को हमारा उत्तराखण्ड एक अलग प्रदेश बना था, जिसमें प्रदेश के ज्ञात और अज्ञात शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। हमें उन शहीदों को नमन करना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि हमें उत्तराखण्ड की उन्नति और तरक्की के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए और देश का एक अच्छा नागरिक बनना चाहिए, तभी हम एक अच्छे प्रदेश को और आगे बढ़ा सकते हैं। हमारा उत्तराखण्ड पूरे भारत में अपनी एक अलग पहचान रखता है इसलिए हमें अपने प्रदेश की गरिमा को बनाए रखना चाहिए। उनहोने छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया और उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। रैली विद्यालय से शुरू होकर शेखपुरी,नेहरू नगर, गणेशपुर गंगनहर किनारे होते हुए विद्यालय में संपन्न हुई। रैली के दौरान छात्रों ने लोगों को साफ सफाई के लिए कूड़ा सड़क पर न फेंकने के लिए पानी का कम से कम प्रयोग करने के लिए और प्रदेश का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने विद्यालय में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जितेश कुमार विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमित कपिल, डॉव अभय ढौंडियाल, विकास गौतम, शैलेंद्र पंत, कमल मिश्रा, प्रमोद शर्मा, नीरज वर्मा और विशाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# नारसन में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** देशराज कर्णवाल उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति, राज्य मंत्री स्तर के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविर का विधानसभा झबरेड़ा ब्लॉक नारसन में बहुउद्देशीय शिविर का 3 गांवो में आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 96 शिकायत इस प्रकार प्राप्त हुई है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की जनसमस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा समाज कल्याण व अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा।

शिविर में समस्त सम्मानित लोगों ने भूमिया खेड़े का रास्ते का चौड़ीकरण, पानी की टंकी, गांव के चारो ओर नाली की सफाई की मूल समस्या का प्रस्ताव रखा जिसको जल्द ही शासन प्रशासन को प्रेषित किया जायेगा। शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों ने सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक अपनी समस्याएं संबंधित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। इनमें कई समस्या एक जैसी थी जिसमे सबसे ज्यादा राशन कार्ड की थी, और किसान सम्मान निधि, आवास योजना, आधार कार्ड, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृति, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, व शौचालय आदि जैसी कई समस्या सामने आयी, जिसमे से 40 समस्याओं का समाधान शिविर स्थल पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किया गया, जबकि कुछ जिला स्तर की समस्याएं थीं जिन्हें समाधान हेतु जिलाधिकारी महोदय व शासन को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर देशराज कर्णवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना साकार होगा।

### अशोकनगर आंदोलनकारी व क्षेत्रीय विकास समिति ने मनाया उत्तराखंड रजत जयंती समारोह

# अब तक सभी सरकारों ने किया उत्तराखंड आन्दोलनकारियों का अपमान : काला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखण्ड राज्य के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति, अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा 9नवम्बर को रजत जयंती समारोह का जोश-खरोश से आयोजन किया गया।

इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने सर्व प्रथम राज्य के लिए शहीद हुए आन्दोलन कारियों को श्रद्धांजलि देते हुए उत्तराखंड आन्दोलन की घटनाओं को स्मरण करते हुए भावुक हो गये, खटीमा से लेकर श्रीयंत्र टापू के राज्य आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचार के दोषियों को सजा न मिलने पर दु:ख जताया।कमला बमोला केन्द्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा सरकार राज्य आंदोलनकारियों का अपमान कर रही है जो किसी भी स्थिति में वर्दास्त नहीं किया जायेगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वयोवृद्ध वरिष्ठ राज्यआंदोलनकारी श्रीमती चन्द्रमा देवी रावत 95वर्ष, श्रीमती बसन्ती देवी रावत 92वर्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के दिवंगत वरिष्ठ,8 राज्य आंदोलनकारियों को मरणोपरांत राज्य आंदोलनकारी से सम्मानित किया गया जिनमें मनोहर सिंह नेगी, गोपाल दत्त गोंदियाल, बुद्धि राम ध्यानी, खुशाल सिंह रावत कुंवर सिंह रावत, पान सिंह खनका जीतराम घिल्डियाल, दया राम बलूनी के परिजनों को सम्मान पत्र, शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक पूर्व सैनिक मोहनलाल गौड़ ने किया। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय महामंत्री प्रेम दत्त गोदियाल, एवं अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के उपाध्यक्ष जिवानन्द बुडाकोटी ने किया। इस अवसर पर नन्दन सिंह रावत, गिरधारी लाल शर्मा, योगम्बर सिंह रौथाण, राजेन्द्र सिंह रावत, गढ़वाल सभा सचिव टी आर शर्मा, जी आर जदली, शिवाजी कालोनी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, नन्दा ऐरी, की टीम, आदर्श शिवाजी कालोनी के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पंवार म अ ममता कुंवर, न्यू आदर्श शिवाजी नगर के अध्यक्ष रमेश चंद्र कुमाई, म अ मीना कठायत, नन्दा कालोनी अध्यक्ष बचन सिंह नेगी, अशोक नगर ट्यूबवैल क्षेत्र अध्यक्ष प्रदीप रावत, म अ नीलम चौधरी, भारत कालोनी म अध्यक्षा सुलोचना रावत, न्यू भारत कालोनी म अध्यक्षा श्रीमती बीना कण्डारी, कीर्ति नगर अध्यक्ष महिपाल सिंह रावत, म अध्यक्षा रेखा नेगी, राजविहार कालोनी अध्यक्ष इन्द्र पाल सिंह गुसाईं, विजय सिंह पंवार, सरोज थपलियाल, मंजू काला, बसन्ती मेहरा, आदि सैंकड़ों राज्य आंदोलनकारी एवं हजारों की संख्या में जनता ने स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से मनाया।





## पुलिस ने एक सटोरिया दबोचा

**रुड़की।** रूडकी पुलिस द्वारा सट्टे की खाईबाडी करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को सट्टे की खाई बाड़ी करते धर दबोचा जिसके कब्जे से सट्टा कॉपी, पेन, व 3580/ रू0 नगदी बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा सभी थाना प्रभारीयो को अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा पीने/बेचने/जुआ/सट्टा खाई बाड़ी करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम मे पुलिस टीम के द्वारा एक अभियुक्त को सट्टे की खाईबाडी करते हुये सब्जी मंडी ढाल के पास रुड़की से श्रीकांत पुत्र स्व0 श्री पृथ्वी शर्मा निवासी बेला गदायन पट्टी थाना मधुबन जिला मऊ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से सट्टा कॉपी,पेन व नगदी बरामद हुयी है।

CMYK

# सम्पादकीय

बुधवार, 12 नवम्बर 2025

## धमाके के बाद उथल-पुथल

10 नवंबर की शाम 6.52 बजे दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार धमाके के बाद हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार समेत 11 राज्यों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई और चेकिंग बढ़ा दी है। यह जरूरी भी है क्योंकि आम चर्चा है कि आतंकी किसी भी तरह पुलवामा हमले के बाद हुई कार्रवाई का बदला लेना चाहते हैं। हालांकि हमारा खुफिया तंत्र एक बार फिर नाकाम हुआ और एक कार में हुए विस्फोट और लोगों के मरने की बात ने सभी को झकझोर दिया है। अगर समय रहते दिल्ली में घुसने से पहले बॉर्डर पर वाहनों की सघन चेकिंग होती, तो शायद इस कार को पकड़ा जा सकता था। हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि ब्लास्ट किस मारक क्षमता का था, लेकिन फिर भी जरूरी है कि किसी भी राज्य में घुसने से पहले दूसरे राज्यों से आए वाहनों की तलाशी लेना हमारे देश की पुलिस का काम है। इस धमाके के बाद 11 राज्यों में उथल-पुथल सी है और इनमें सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात समेत 11 जिलों में पुलिस अलर्ट पर है। सख्त चेकिंग और पुलिस फोर्स दोगुनी कर दी गई है।यह बात उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि मुद्दई सुस्त और गवाह चुस्त। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन मेट्रो स्टेशन के 2 गेट बंद कर दिए हैं। लाल किले को भी 13 नवंबर तक लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। शवों की जांच करने वाले एलएनजेपी अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि आमतौर पर आईईडी विस्फोट में मृतकों के शरीर काले पड़ जाते हैं, लेकिन इस धमाके में ऐसा नहीं दिखा है। इसलिए अभी यह कहना मुश्किल है कि ये आतंकी हमला था या फिर कार के सिलेंडर में विस्फोट हुआ। अभी इस मामले पर जांच जारी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, फ्यूल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया है। दिल्ली से सटे प्रदेशों में हाई अलर्ट जारी किया है और कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली धमाके को फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल से जोड़कर देखा जा रहा है। 11 राज्यों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है और सभी बड़े धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जब सांप निकल गया, तो लाठी पीटने से क्या फायदा। ऐसे मामलों को लेकर देश के खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की जरूरत है। पुलिसकर्मियों को खास ट्रेनिंग देने की जरूरत है, ताकि भविष्य में होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। इस धमाके के बाद दहशतगर्दी से जुड़े मॉड्यूल्स पर कार्रवाई तेज हो गई है, जिसमें छापेमारी, गिरफ्तारियां और विस्फोटक बरामदगी शामिल है। गाड़ियों की चेंकिंग, रेल्वे स्टेशन और एयरपोर्ट पर भी सुरक्षा बढ़ाई है। धार्मिक स्थलों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। दिल्ली भारत का दिल है। देश को चलाने वाले सभी बड़े मंत्रालय और कार्यालय स्थापित हैं। यहां की सुरक्षा इसलिए भी जरूरी है कि यदि इनमें से किसी को क्षति पहुंची, तो देश का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इसलिए पहली जिम्मेदारी खुफिया विभाग की बनती है, इसके बाद पुलिसबल का नंबर आता है। दिल्ली कार ब्लास्ट के तार अल-फलाह ट्रस्ट से जुड़ गए हैं.। 11 नवंबर को एनआईए ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी (फरीदाबाद) में छापेमारी की। आरोप है कि जैश जैसे आतंकी संगठन फंड जुटाने और कट्टरपंथ के लिए कैंपस का इस्तेमाल कर रहे थे। ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी दोनों के प्रमुख जव्वाद सिद्दीकी हैं, जो एक बड़े कारोबारी नेटवर्क के मालिक हैं। अल-फलाह का नाम, जो अब तक हरियाणा के नूंह में अपने चेरिटेबल ट्रस्ट और एक उलझे हुए कारोबारी नेटवर्क के लिए जाना जाता था।

### बिहार में चुनाव हार रही भाजपा



बिहार विधानसभा चुनाव पहले चरण के मतदान से ही यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा बिहार में चुनाव हार रही है, पहले चरण में लगभग आधा मतदान हुआ था, जिसमें जनता ने अपना रुख साफ कर दिया है, बिहार की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन बहुमत से आगे निकल जाएगा,सपा विभाजन की राजनीति के खिलाफ है और वह एकजुटता, विकास और समावेशी सोच की राजनीति करती है, पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दे रही है ताकि वे अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम जुड़वाने और संगठन को मजबूत करने का काम करें, यह केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि विचार और विजन की लड़ाई है, दिल्ली विस्फोट पर प्रधानमंत्री ने जांच का भरोसा दिया है, अब पूरे देश को इंतजार है कि सच्चाई सामने आए और दोषियों पर कार्रवाई हो। -**अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बिहार में चुनाव और दिल्ली में विस्फोट





अमरेंद्र राय

**सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की को. शिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं।**

बिहार में मंगलवार को 11 नवम्बर को दूसरे और आखिरी दौर का मतदान है। इससे एक दिन पहले सोमवार को दिल्ली में लाल किले के पास एक चलती कार में बम विस्फोट हुआ जिसमें नौ लोगों की मृत्यु की खबर है। देश की राजधानी नई दिल्ली से बिहार की राजधानी पटना की दूरी करीब एक हजार किलो मीटर है। क्या इन दोनों घटनाओं का आपस में कोई रिश्ता है?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद देश में बहुत कुछ नया हो रहा है। सबसे खास बात यह है कि यह सरकार घटनाओं या कार्यक्रमों को आयोजन के रूप में पेश करती है। कुछ इस अंदाज में कि इससे पहले न तो देश में ऐसा कुछ हुआ न भविष्य में ऐसा कुछ हो सकता है। बात-बात में कहा जाता है कि पिछले सत्तर सालों में ऐसा कभी नहीं हुआ। हालांकि यह सब बेकार की मनगढ़ंत और झूठी बातें होती हैं, लेकिन दावा जरूर किया जाता है। इसे आप वर्तमान शासक वर्ग की कुंठा कह सकते हैं। ए हर मामले में अपनी तुलना उस क्षेत्र के ताकतवर व्यक्ति से करते हैं। जैसे देश में आम धारणा है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के सबसे सुयोग्य और विद्वान प्रधानमंत्री रहे हैं। उन्होंने तीन बार आम चुनाव जीते और प्रधानमंत्री बने। देश में अभी तक सबसे ज्यादा समय तक वही प्रधानमंत्री रहे। अब यहां दो काम किया जा रहा है। एक, हर मामले में नेहरू से अपनी तुलना और दो नेहरू जैसा जो काम नहीं कर सकते वहां उनकी बनाई लकीर को छोटा करना। आजकल आप आम तौर पर सुनते रहते होंगे कि नेहरू ने कितनी बड़ी-बड़ी गलतियां कीं। यहां तक कि अगर नेहरू नहीं प्रधानमंत्री बने होते तो देश का बंटवारा भी नहीं हुआ होता। हालांकि इन बातों में कोई सच्चाई नहीं है। इन बातों को वही लोग मानते हैं जिनका इतिहास का ज्ञान शून्य है। किताबों से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है। इसी तरह देश की सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को माना जाता है। उन्होंने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया था। तो ताकतवर प्रधानमंत्री की बात होती है तो अब का शासक वर्ग अपनी तुलना इंदिरा गांधी से करता है। वे बताते हैं कि देश अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। घर में घुसकर मारेगा। 2019 में पुलवामा की घटना के बाद घर में घुसकर मारा। अभी पीछे भी पहलगाम की घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाया। कुल मिलाकर यह बताने की कोशिश की जाती है कि पिछले सत्तर सालों में इतना सुयोग्य और ताकतवर प्रधानमंत्री दूसरा नहीं हुआ। जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। जो व्यक्ति डर कर संसद का सामना न कर पाता हो, देश का एक राज्य मणिपुर जल रहा हो और वहां जाने की हिम्मत न जुटा पा रहा हो, विदेशों में लगातार अपमानित हो रहा हो, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि व्यापार की धौंस जमाकर हमने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुकवाया और उस प्रधानमंत्री में इतना भी साहस नहीं है कि वो कह सकें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं, वो नेहरू और इंदिरा गांधी की योग्यता और साहस का मुकाबला कहां से करेंगे ?

सचमुच इससे पहले देश में चुनाव और आतंकवादी घटनाओं का जुड़ाव नहीं होता था। आतंकवादी घटनाएं होती थीं, खूब होती थीं लेकिन शासक वर्ग की मंशा पर संदेह नहीं होता था कि किसी लाभ के लिए शासक वर्ग खुद इस तरह की घटनाएं करा रहा है या इन घटनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। लेकिन जब से पुलवामा की घटना घटी है तब से लोगों के मन में यह संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे सरकार की कुछ न कुछ मंशा अवश्य है। यह सरकार अपने आप को बहुत ज्यादा ताकतवर बताती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विपक्ष में थे और गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो सवाल उठाते थे कि सेना केंद्र के अधीन है। सीमाओं पर केंद्रीय बल तैनात हैं। फिर आतंकवादी भारत में घुस कैसे जाते हैं ? लेकिन वही मोदी जी अब जब खुद केंद्र में हैं यह नहीं बताते कि आतंकवादी कैसे भारत में घुस जाते हैं और आतंकवादी हरकत करके वापस भी चले जाते हैं। पुलवामा की घटना जहां हुई वह हाई सिक्योरिटी जोन है। वहां बिना चेकिंग के आम आदमी नहीं जा सकता। उस घटना को हुए छह साल हो चुके लेकिन आजतक यह पता नहीं चला कि वे आतंकवादी पाकिस्तान से भारत में कैसे घुसे? उतने हाई सिक्योरिटी जोन में कैसे पहुंचे? जिन जवानों को वायुयान के जरिए भेजा जाना चाहिए था, उन्हें सड़क के रास्ते क्यों भेजा गया? इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहां से आई? कुछ लोग शक जताते हैं कि मोदी जी की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से गिर रहा था। 2016 की नोटबंदी और 2017 में जीएसटी कानून लागने के बाद मोदी जी से देश की जनता निराश थी और 2019 में इनके चुनाव जीतने की उम्मीद बिलकुल भी नहीं थी। चुनाव जीतने के लिए ही पुलवामा की साजिश रची गई। नतीजा यह हुआ कि चुनाव में इसका बखूबी लाभ उठाया गया और जहां बीज. पी और नरेंद्र मोदी के हारने की आशंका थी वहां पुलवामा के जरिए माहौल बनाकर पहले से भी ज्यादा सीटें जीती गईं। इसी तरह 2024 के चुनाव में चार सौ सीटें जीतने का दावा किया गया। लेकिन जनता ने मोदी जी को बहुमत भी नहीं दिया। सरकार बैसाखी पर आ गई। कुछ लोगों का कहना है कि तब जनता का ध्यान देश की समस्याओं से हटाने और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए पहलगाम की घटना का उपयोग किया गया। ऐसे भी बहुत सारे लोग हैं जो मानते हैं कि पहलगाम की घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई। उस घटना के बाद मोदी जी ने पूरे देश में सिंदूर बंटवाने का अभियान छेड़ने की घोषणा की। पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली गई। मतलब ए कि उस आतंकवादी घटना का राजनीतिक लाभ लेने की पूरी कोशिश की गई। अब जब बिहार में दूसरे चरण का मतदान है और उससे ठीक एक दिन पहले जब दिल्ली में बम विस्फोट हुआ है तो बहुत सारे लोगों के मन में ए सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पुलवामा और पहलगाम की घटना की तरह यह घटना भी राजनीतिक लाभ के लिए कराई गई है ? क्या बिहार में मतदान को प्रभावित करने या अपने पक्ष में वोटों के ध्रुवीकरण के लिए इस घटना का उपयोग किया जाएगा ? बिहार के नतीजे दो दिन बाद 14 नवंबर को आएंगे। शायद तब इस सवाल का जवाब मिल पाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण, जिम्मेदारी की नई पहल



मो. सुलेमान



मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण इस समय पूरे देश में चर्चा और बहस का विषय बना हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप और प्रत्यारोप लगा रहे हैं मगर भारतीय लो. कतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जागरूक जनता है और जब यही जागरूक जनता अपने मताधिकार का सही प्रयोग करती है, तब लोकतंत्र वास्तव में मजबूत होता है। लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता सूची न केवल व्यापक हो, बल्कि सटीक, पारदर्शी और भरोसेमंद हो। लोकतंत्र में इसी भरोसे को बनाए रखने के लिए भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण अर्थात स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एक भी सच्चे भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से न छूटे लेकिन एक भी गलत प्रविष्टि नहीं होनी चाहिए।

मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण अभियान सिर्फ एक औपचारिक प्रशासनिक कार्य नहीं है बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा में सुधार का यज्ञ है। भारतीय चुनाव आयोग का तर्क है कि प्रवासन, मृत्यु, दोहरी प्रविष्टियों, और अपूर्ण रिकॉर्ड्स के कारण जो असंगतियां वर्षों से बढ़ती गई हैं उन्हें अब व्यवस्थित करने का कार्य किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के अंतर्गत चुनाव आयोग को यह अधिकार प्राप्त है कि वह समय समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कर सके ताकि हर पात्र भारतीय नागरिक का नाम सूची में बना रहे और कोई भी अपात्र प्रविष्टि लोकतंत्र की पवित्रता को क्षति न पहुंचा सके।


हाल ही में इस पहल की शुरुआत सबसे बिहार से हुई, जहां 2003 की सूची को आधार बनाकर एक व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। अब यही प्रक्रिया देश के 9 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में 4 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है जिनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, गोवा, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप शामिल हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा 28 अक्टूबर 2025 को इन राज्यों की मतदाता सूचियों को फ्रीज कर दिया गया है ताकि बिना गहन पुनरीक्षण किए कोई प्रविष्टि शामिल की जाए और न ही हटाई जाए। 4 नवम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक गहन पुनरीक्षण की यह प्रक्रिया चलेगी, जिसके उपरांत नई मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

कई जगहों पर यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि मतदाता सूची का यह गहन पुनरीक्षण द्वैप्ट ऋ का उद्देश्य नाम हटाना या मताधिकार सीमित करना है। या यह किसी एक समुदाय विशेष के लोगों के नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। यह धारणा पूरी तरह गलत है। यह कार्रवाई किसी को निशाना बनाने के लिए नहीं की जा रही है बल्कि यह सभी के लिए समान और पारदर्शी प्रक्रिया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी व्यक्ति या उसके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में दर्ज है, तो उसे किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं। जिनके नाम नहीं हैं, उन्हें भी किसी प्रकार घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें बस अपनी पहचान, जन्म या निवास के प्रमाण देने होंगे ताकि उनकी सही पहचान कर उन्हें नई मतदाता सूची में शामिल किया जा सके। और जो मूल रूप से सच्चे भारतीय हैं उन्हें किसी भी प्रकार से डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रक्रिया में बूथ लेवल अधिकारी BLO घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे आयोग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि बूथ लेवल अधिकारी अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे, ताकि किसी का नाम केवल अनुपस्थिति के कारण न हटे। और जिन नागरिकों से संपर्क न हो सके, उन्हें भी घबराने की जरूरत नहीं है उनके लिए ऑनलाइन माध्यम से विवरण अपडेट करने की सुविधा भी दी गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 25 वर्षों में सुधरी राज्य की सेहत, सुलभ हुई स्वास्थ्य सुविधाएं

## सुदूरवर्ती अस्पतालों में पहुंचे डॉक्टर, आम लोगों को मिला उपचार, 2182 पंचायतें हुईं टीबी मुक्त, चार धाम यात्रियों का भी रखा ख्याल



एस. आलम अंसारी

उत्तराखंड का गठन जिन उद्देश्यों को लेकर हुआ था, उसके मूल में जनसुलभ एवं गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी शामिल था। विगत 25 वर्षों में राज्य सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जाल प्रदेश के कोने-कोने तक फैला। राज्य सरकार ने सुदूरवर्ती एवं दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति कर आम जनता को स्थानीय स्तर पर उपचार मुहैया कराया। स्वास्थ्य उपकेन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, जिससे ग्रामीण अंचलों में भी बेहतर चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित हो सकी है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को मिला विस्तार**

राज्य में चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता सुधारने तथा चिकित्सा इकाईयों में एकरूपता स्थापित करने के लिए आईपीएचएस मानकों को लागू किया गया। उक्त मानकानुसार वर्तमान में 13 जिला चिकित्सालय, 21 उप जिला चिकित्सालय, 80 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 525 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-ए, 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाईप-बी, 25 अन्य चिकित्सा इकाईयां तथा 1998 मातृ शिशु कल्याण केन्द्र द्धउपकेन्द्रऋ स्थापित हैं। जहां पर आम जनमानस को सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त 6 उप जिला चिकित्सालय, 6 साम. ादायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण को सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है, जिनके निर्माण एवं संचालन की कार्यवाही गतिमान है। इसके अलावा 100 शैय्यायुक्त मानसिक चिकित्सालय क्रमशः सेलाकुई देहरादून व गेठिया नैनीताल में निर्माणाधीन हैं। आईपीएचएस मानकों के अनुरूप चिकित्सा इकाईयों में एलोपैथिक चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट, डीआरए/फिजियोथैरेपिस्ट एवं नेत्र सहायक संवर्गों का चिन्हिकरण किया जा चुका है। शेष संवर्गों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जबकि भारत सरकार के सहयोग से जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी, गोपेश्वर, बागेश्वर तथा उप जिला चिकित्सालय रूड़की में 200 शैय्यायुक्त जबकि उप जिला चिकित्सालय मोतीनगर, हल्द्वानी, नैनीताल में 50-50 शैय्यायुक्त क्रीटीकल केयर ब्लॉक का निर्माण गतिमान है। देश में पहली बार हेली एम्बुलेंस सेवा का संचालन एम्स ऋषिकेश के सहयोग से किया जा रहा है।

**साधन सम्पन्न बनी चिकित्सा इकाईयां**

राज्यभर की चिकित्सा इकाईयों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं ताकि मरीजों की सटीक जांच हो सके। वर्तमान में सभी जिला अस्पतालों में प्रमुख रूप से सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्स-रे मशीन स्थापित की गई है। जबकि समस्त उप जिला चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउण्ड मशीन व एक्स-रे मशीन उपलब्ध है। इसके अलवा जिला चिकित्सालय हरिद्वार व पौड़ी के बेस चिकित्सालय, कोटद्वार में एमआरआई मशीन स्थापित की गई है। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय देहरादून व बेस चिकित्सालय, हल्द्वानी में मैमो ग्राफी मशीन भी स्थापित है।

**दुर्गम क्षेत्रों में हुई डॉक्टरों की तैनाती**

विगत 25 वर्षों में सरकार ने चिकित्सकों की कमी को दूर कर सुदूरवर्ती चिकित्सा इकाईयों में भी चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती की। जिससे आम लोगों को स्थानीय स्तर पर उपचार सुलभ हो पाया। राज्य गठन के समय स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत पीएमएचएस संवर्ग में चिकित्सा अधिकारियों के 1621 पद स्वीकृत थे, सरकार ने 1264 और पदों को स्वीकृत कर प्रदेश के चिकित्सालयों में डॉक्टरों की संख्या में इजाफा किया। वर्तमान में चिकित्सकों के कुल 2885 पद सृजित हैं। समय-समय पर सरकार ने रिक्त पदों को भर कर स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया। वर्तमान में चिकित्सकों के बैकलॉग के 220 पदों को भर कर दुर्गम चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सकों को तैनाती दी गई। इसके अलावा विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 से 65 वर्ष कर दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने कड़ा रूख अपनाकर लम्बे समय से गायब 56 चिकित्सकों को बर्खास्तगी का रास्ता भी दिखाया।

**नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती**

राज्य सरकार ने 1399 नर्सिंग अधिकारियों की बम्पर भर्ती कर अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया। राज्य गठन के दौरान एएनएम के 1933 पद स्वीकृत थे, जिनमें 362 पदों की वृद्धि की गई। वर्तमान में एएनएम के स्वीकृत पदों की संख्या 2295 है। विगत 25 वर्षों में सरकार द्वारा एएनएम के 1918 पदों पर भर्ती की जा चुकी है। इसके अलावा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से 34 एक्स-रे टेक्नीशियन सहित अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ की भर्ती भी की गई।

**संकटमोचक बनी 108 आपातकालीन सेवा**

सूबे के स्वास्थ्य क्षेत्र में 108 आपातकालीन सेवा ने नया मोड़ लाया। आपात स्थिति में लोगों को तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध होने से यह सेवा आम लोगों के लिए संकटमोचक साबित हुई। वर्ष 2008 से संचालित 108 आपातकालीन सेवा में वर्तमान में 272 एम्बुलेंस का बेड़ा है। जिसमें 217 बीएलएस, 54 एएलएस व एक बोट एम्बुलेंस शामिल है। वर्ष 2019 से अगस्त 2025 तक कुल 879105 लाभार्थियों को 108 आपातकालीन सेवा प्रदान की गई, जो कि एक रिकॉर्ड है।

**लोक निजी सहभागिता का आम लोगों को मिला लाभ**

प्रदेश में लोक निजी सहभागिता के माध्यम से आम लोगों को कई स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसमें डायलिसिस, कार्डिक केयर, टीबी टेस्टिंग आदि शामिल है। राज्य में लोक निजी सहभागिता के तहत नेफ्रो डायलिसिस यूनिट क्रमशः जिला चिकित्सालय देहरादून, सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय हल्द्वानी में स्थापित की गई है।



राज्य सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिकों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। आने वाले समय में स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में और ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**-डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को अस्थाई रूप से हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने, क्षेत्रीय शांति और अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर चर्चा की। अरब मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने बैठक के बाद सीरियाई राष्ट्रपति की प्रशंसा की और कहा कि मैं सीरियाई राष्ट्रपति को पसंद करता हूं और हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि सीरिया कामयाब हो, क्योंकि यह मध्य पूर्व का हिस्सा है।

### अमेरिकी सैन्य हमलों में पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में छह लोग मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि रविवार को पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थ ले जा रही दो नौकाओं को निशाना बनाकर किए गए दो अमेरिकी हमलों में छह आतंकवादी मारे गए। हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर आतंकवादी संगठनों द्वारा संचालित दो नौकाओं पर दो घातक हमले किए गए। उन्होंने कहा कि दोनों हमले अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में किए गए। और प्रत्एक नौका पर मादक पदार्थों को ले जा रहे तीन आतंकवादी सवार थे। इन हमलों में सभी छह आतंकवादी मारे गए।

### हमास ने 11 साल बाद इजरायली सैनिक का शव सौंपा

**गाजा।** इजरायल को 11 साल बाद अपने सैनिक लेफ्टिनेंट हदार गोल्डिन का शव वापस मिला है। हदार गोल्डिन की उम्र उस समय 23 साल थी, जब वे 2014 में गाजा में हमास के हमले में मारे गए थे। इजरायली सेना (आईडीएफ) ने पुष्टि की कि गोल्डिन के शव की पहचान हो गई है और अब उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ दफनाया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। हमास के मिलिट्री विंग ने रविवार को घोषणा की थी कि वह सीजफायर डील के पहले चरण के तहत गोल्डिन का शव सौंप देगा।

### पाक की प्रख्यात विद्वान व साहित्यकार डा. आरिफा सैयदा ज़हरा का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी और प्रख्यात मानवाधिकार कार्यकर्ता डा. आरिफा सैयदा ज़हरा (83) का यहां सोमवार देर शाम निधन हो गया। डा. आरिफा एक प्रख्यात शिक्षाविद्, विचारक और मानवाधिकारों की पैरोकार थीं। उन्होंने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में विशिष्ट ख्याति हासिल की। वह उर्दू साहित्य और भाषा के अपने विशद ज्ञान के लिए जानी जाती थीं। वह 50 से अधिक वर्षों तक शिक्षण के क्षेत्र से जुड़ी रहीं।



जम्मू। नगरोटा विधानसभा उपचुनाव के दौरान वोट डालने के बाद मतदाता स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में आईईडी विस्फोट, 16 सुरक्षाकर्मी घायल

**इस्लामाबाद।** पेशावर (पाकिस्तान) पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कम से कम 16 जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना और फंटियर कोर के जवानों का यह काफिला डेरा इस्माइल खान जिले की लोनी चौकी से लौट रहा था तभी सोमवार देर रात लोनी गांव में आईईडी विस्फोट हुआ। इस बीच, सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान की सीमा से लगे दक्षिण वजीरिस्तान जिले में कैडेट कॉलेज के मुख्य द्वार पर एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, कैडेट कॉलेज वाना पर हमला कथित तौर पर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने किया था।

# इस्लामाबाद कोर्ट कैंपस ब्लॉस्ट में 12 की मौत

## 36 घायल, हमलावर ने खुद को उड़ाया



**प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का आरोप: भारत ने इस्लामाबाद में धमाके करवाए**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार को दोपहर 1 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जबकि 36 घायल हुए हैं।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने मंगलवार को हुए इस्लामाबाद कोर्ट में हुए सुसाइड अटैक के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि यह हमला और अफगान सीमा के पास कैडेट कालेज पर हुआ हमला, दोनों ही इंडिया स्पांसर्ड आतंकवादी घटनाएं हैं। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह पुलिस लाइन्स हेडक्वार्टर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पीएम शहबाज ने बयान जारी कर कहा, भारतीय आतंकियों के आतंकी हमलों की मैंने कड़ी निंदा की है। मैंने घटना की तुरंत जांच करने का आदेश दिया है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। पीएम शहबाज ने आगे कहा-हम बेगुनाह पाकिस्तानियों का खून बर्बाद नहीं होने देंगे। हम आतंकवाद को मिटाने तक संघर्ष जारी रखेंगे। शहबाज ने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया भारत की इन साजिशों की निंदा करे। भारत का यह चेहरा अब पूरे दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। पाकिस्तानी जियो न्यूज के मुताबिक, यह विस्फोट एक सुसाइड अटैक था। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई है। वहीं, इस हमले को लेकर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि देश अब 'जंग की स्थिति' में है। उन्होंने इस हमले के लिए अफगान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। आसिफ ने कहा कि यह हमला दिखाता है कि अब यह लड़ाई सिर्फ सीमा इलाकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है। धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया, वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। न्यायिक परिसर के पीछे से लोगों को बाहर जाने की अनुमति दी गई, जबकि न्यायाधीशों को भी वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी के मुताबिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे।

# दुनियाभर में लाल किला विस्फोट की कड़ी निंदा

## विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने घातक विस्फोट पर दुख जताया, भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की



- **इस घटना से 'स्तब्ध' हैं व विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा: डेनिस**
- **पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं**

**नई दिल्ली।** विश्व नेताओं और विदेशी दूतों ने सोमवार शाम दिल्ली के लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट पर दुख जताया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि वह इस घटना से 'स्तब्ध' हैं और विश्वास व्यक्त किया कि चल रही जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा।

अलीपोव ने एक्स पर लिखा कि लाल किले में हुए विस्फोट से स्तब्ध हूं। मुझे विश्वास है कि चल रही गहन जांच से घटना के कारणों का पता चल जाएगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने भी अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त की और एक्स पर लिखा कि दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट से दुखी हूं। पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, और मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने भारत के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत के लोगों और विशेष रूप से दिल्ली के बीच में हुए विस्फोट में मारे गए निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी और इज़राइल की गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। भारत में इजरायली राजदूत रूवेन अज़ार ने इस घटना को 'हृदयविदारक' बताया और बचाव दल की त्वरित प्रतिक्रिया की प्रशंसा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार यह विस्फोट सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल के पास हुआ और इसमें एक कार शामिल थी जिससे आस-पास के वाहनों को नुकसान पहुंचा। शाह ने कहा कि कई एजेंसियां सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही हैं। दिल्ली पुलिस ने यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दिल्ली के सबसे व्यस्त हेरिटेज क्षेत्रों में से एक में हुए इस विस्फोट के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और 'देशव्यापी अलर्ट' जारी कर दिया गया है क्योंकि जांचकर्ता इसके कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने में लगे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने भी हमले की निंदा की। प्रेमदासा ने इसे 'आतंकवादी हमला' करार दिया और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक एकता का आह्वान किया। दिल्ली स्थित कनाडा और अमेरिकी दूतावासों ने भी शोक संदेश जारी किए हैं। अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को लाल किले और चांदनी चौक के आसपास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए।

## दिल्ली धमाके पर पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा: ब्लॉस्ट ने भारत को हिला दिया

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास कार ब्लॉस्ट मामले को वर्ल्ड मीडिया प्रमुखता से कवर कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया डान ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। लाल किला, जो 17वीं सदी का मुगलकालीन किला है, भारत का ऐतिहासिक स्थल है। इस इलाके में सुरक्षा हमेशा कड़ी रहती है, इसलिए इस धमाके ने पूरे देश को हिला दिया है। बीबीसी ने इस घटना को कवर करते हुए लिखा कि भारत की राजधानी दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार शाम एक कार में हुए धमाके से राजधानी दहल उठी। द गार्डियन ने लिखा कि दिल्ली के लाल किले के पास सोमवार को एक कार में हुए जोरदार धमाके में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। धमाके से आसपास खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं।

## सीमा पार से आतंकवाद व अवैध हथियार की तस्करी जारी

**भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद म बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि यूएनएससी को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुंच बेहद चिंता का विषय है। भारत का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हरीश ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों का हाथ होता है। हरीश ने कहा भारत ने सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का सामना किया है, जहां अवैध हथियारों की तस्करी अब ड्रोन के माध्यम से भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो। भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रोकने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है।

## सीमा बंदी से पाक को रोज करोड़ों का नुकसान

### पाक और अफगान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप



**दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा व्यापार पूरी तरह ठप हो गया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। बलूचिस्तान के कारोबारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि सीमा बंदी के कारण पाकिस्तान को हर दिन करीब 200 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का नुकसान हो रहा है।

इससे सीमावर्ती इलाकों में हजारों व्यापारी और मजदूर बेरोजगारी के संकट में फंस गए हैं। चमन चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के अध्यक्ष हाजी अब्दुल नफाय जान अचकजई ने मंगलवार को कराची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सैकड़ों पाकिस्तानी व्यापारी और कामगार अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान-अफगान सीमा के सभी प्रमुख बार्डर पाइंट चमन, तोरखम और अंगूर अढा पर व्यापार पूरी तरह रुका हुआ है। इससे पाकिस्तान का मध्य एशियाई देशों से व्यापार भी प्रभावित हुआ है। अचकजई ने बताया कि दोनों देशों के बीच होने वाले अधिकांश निर्यात और आयात नाशवान वस्तुओं से संबंधित हैं। लंबे समय तक बंदी रहने से फलों, दवाओं, कपड़ों और अन्य सामान का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई व्यापारियों के पासपोर्ट पर लगी वीज़ा अवधि खत्म हो चुकी है और वे अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं। सीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि सीमा बंदी से आपूर्ति श्रृंखला पर गहरा प्रभाव पड़ा है और यदि स्थिति लंबी चली तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लग सकता है। उन्होंने कहा कि इस बंदी से पाकिस्तान के आयात-निर्यात को रोज़ाना करीब 850 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का अनुमानित नुकसान हो रहा है।

## मोदी और भूटान नरेश ने किया बड़ी परियोजना का उद्घाटन

**हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की**

**थिम्फू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, तकनीकी, रक्षा और सुरक्षा विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

दोनों देशों के बीच प्रतिनिधियों के स्तर की बातचीत के बाद पीएम मोदी और भूटान के राजा ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट पुनात्सांगछू- आईआई जल-विद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। पुनातसंगचू-आईआई जलविद्युत परियोजना का निर्माण भारत और भूटान ने संयुक्त रूप से किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान के संबंधों के हर पहलू पर चर्चा की। हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, संपर्क, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है। विदेश मंत्रालय ने इस परियोजना के उद्घाटन पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट की पुनात्सांगछू-आईआई जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। यह जलविद्युत परियोजना, जो भूटान की बिजली उत्पादन क्षमता को 40 प्रतिशत तक बढ़ाएगी, दोनों देशों को बिजली की आपूर्ति करेगी। परियोजना के पूरा होने के साथ गतिशील और पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-भूटान ऊर्जा साझेदारी में एक और मील का पत्थर हासिल हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे। भारत और भूटान के बीच रिश्ते काफी मजबूत होते जा रहे हैं।

### भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना

थिम्फू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे हैं। भूटान की राजधानी थिम्फू के एयरपोर्ट पर पीएम मोदी भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भूटान सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री और शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। पीएम मोदी 11-12 नवम्बर को भूटान दौरे पर रहेंगे। इस दौरे से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री मोदी भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्मदिन समारोह में भी शामिल होंगे। भूटान नरेश ने दिल्ली विस्फोट पीड़ितों के लिए की प्रार्थना की। पीएम मोदी ने भूटान में दिल्ली विस्फोट पर दुख व्यक्त किया।

## ट्रम्प की बीबीसी पर 8400 करोड़ के मुकदमे की धमकी

### मानहानी का आरोप, वकील बोले: चैनल ने बयान तोड़ा-मरोड़, इससे ट्रम्प की इमेज खराब हुई



**ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी पर 1 अरब डालर (करीब 8400 करोड़) का मुकदमा करने की धमकी दी है। ट्रम्प के वकीलों ने बीबीसी को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अगर संस्था ने अपने 'पैनोरमा डाक्यूमेंट्री' पर माफी नहीं मांगी, तो उस पर मुकदमा किया जाएगा।

वकीलों ने न सिर्फ माफी की मांग की है, बल्कि आर्थिक मुआवजे की भी बात कही है। दरअसल, अक्टूबर 2024 में रिलीज बीबीसी की इस डाक्यूमेंट्री में 6 जनवरी 2021 की ट्रम्प की दो अलग-अलग स्पीच के हिस्सों को जोड़कर एक साथ दिखाया गया, जिससे ऐसा लगा कि उन्होंने यह सब एक ही बार में कहा था। ट्रम्प की कानूनी टीम का कहना है कि इसे जानबूझकर इस तरह एडिट किया गया था, जिससे ट्रम्प की इमेज को नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि यह केस फ्लोरिडा में दाखिल किया जाएगा, जहां कानून के मुताबिक पीड़ित इंसान दो साल के भीतर मुकदमा दर्ज कर सकता है। इस विवाद के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल टिम डेवी और न्यूज सीईओ डेबोरा टर्नेस ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बीबीसी के चेयरमैन समीर शाह ने इस गलत फैसले के लिए माफी मांगी है और कहा है कि संगठन ने सुधार के लिए कदम उठाए हैं। 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी कांग्रेस जो बाइडेन की जीत की पुष्टि करने वाली थी उसके पहले ट्रम्प ने अपने समर्थकों से कहा था कि हम शांति से और देशभक्ति के साथ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इसके बाद अगले बयान में उन्होंने यह भी कहा था अगर तुम जमकर लड़ाई नहीं करोगे तो तुम्हारा देश नहीं बचेगा। बीबीसी की डाक्यूमेंट्री ने ट्रम्प के बयान के इन दोनों अलग-अलग हिस्सों को ऐसे जोड़ा, जैसे ये एक ही लाइन में बोले गए हों। इससे ऐसा लगा कि ट्रम्प सीधे तौर पर अपने समर्थकों को हिंसा के लिए उकसा रहे थे। इस 'कट-एंड-जाइन एडिटिंग' से यह धारणा बनी कि ट्रम्प ने जानबूझकर कैपिटल हिल हमले को उकसाया, जबकि असली स्पीच में उन्होंने शांति से विरोध की बात भी कही थी।

## फलस्तीनी राजदूत ने की भारत को यूएनएससी में शामिल करने की मांग

**अब्दुल्ला अबू शावेश बोले: हमारी सुरक्षा के लिए यह जरूरी भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है**

**नई दिल्ली।** फलस्तीन के राजदूत को उम्मीद है कि स्वतंत्र फलस्तीन राष्ट्र के गठन और खाड़ी क्षेत्र में स्थाई शांति में भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। फलस्तीनी राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश के मुताबिक भारत हमारा बड़ा भाई है और 1930 में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक हर भारतीय नेताओं ने फलस्तीन की हिमायत की है।

शावेश ने यह बातें अमर उजाला से विशेष बातचीत में कहीं। शावेश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका इजरायल के पक्ष में वीटो करता है इसलिए भारत का वहां होना जरूरी है और अगर भारत सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बन जाए तो सौ फीसदी फैसला फलस्तीन के पक्ष में होगा, ऐसा हमें विश्वास है। उन्होंने कहा कि शर्मलशेख में हुए शांति प्रस्तावों के बाद भी अभी गाजा में हालात जस के तस बने हुए हैं। हम पर ये प्रस्ताव थोपे गए हैं लेकिन हम निराश नहीं हैं और हम राख के ढेर से भी उठ खड़े होंगे। अब्दुल्ला अबू शावेश ने कहा कि हालांकि गाजा में जंग नहीं चल रही है बल्कि इजरायल न हमला किया है। यह एकतरफा कार्रवाई है जो दो साल से जारी है। इसमें 67 हजार से ज्यादा निर्दोष फलस्तीनियों की मौत हुई है, जिसमें बच्चे, बूढ़े, महिलाएं और मरीज तक शामिल हैं। शावेश के मुताबिक अभी भी गाजा में सात हजार टन विस्फोटक पड़ा हुआ है जो वहां के जनजीवन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बच्चे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्कूल अस्पताल नष्ट हो चुके हैं।

